kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-51 ❐ शनिवार, 21 मार्च 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



आज कानून व्यवस्था इतनी मजबूत हुई है कि देश की बेटियां किसी भी कोने में आधी रात को बेखौफ आ-जा सकती है। गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है और निःशुल्क इलाज हो रहा है। किसानों को किसान सम्मान निधि मिल रही है। युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं उत्तर प्रदेश विकसित राज्य बनकर उभर रहा है।

स्वतंत्र देव सिंह

असम में कई चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी और अमित शाह 11

कटिहार में गैस आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचेंः डीएम 12

## बधाई/सूचना

ईद-उल-फ़ित्र की सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं को मुबारकबाद, इस मौके पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 21 मार्च 2026 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 23 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

संपादक/चेयरमैन

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने बहरीन के राजा से की बातचीत, क्षेत्रीय स्थिति पर जताई चिंता

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा से बातचीत कर पश्चिम एशियाई क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और ऊर्जा तथा नागरिक बुनियादी ढांचे पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी जानकारी में बताया कि उन्होंने राजा को ईद अल-फित्र के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और बहरीन की जनता के लिए भी मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की वर्तमान परिस्थितियों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने क्षेत्र में ऊर्ज़ा और नागरिक ढांचे पर हो रहे हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इनका वैश्विक खाद्य, ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बातचीत के दौरान समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और शिपिंग लाइनों को सुरक्षित एवं खुला बनाए रखने के महत्व को भी दोहराया गया। प्रधानमंत्री ने बहरीन में भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए निरंतर समर्थन देने पर राजा का आभार भी व्यक्त किया।

### भारत ने अफगानिस्तान को भेजी दवा और चिकित्सा की सहायता : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली । भारत ने अफ़गानिस्तान के लिए दवा और चिकित्सा उपकरणों की एक खेप भेजी है। यह दवाएं 16 मार्च को हुए पाकिस्तानी हमले में घायल लोगों को ध्यान में रखकर भेजी गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर बताया कि काबुल को 2.5 टन आपातकालीन दवाएं, चिकित्सा सामग्री, किट और उपकरण भेजे गए हैं। रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत अफगान जनता के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस कठिन घड़ी में हर संभव मानवीय सहायता प्रदान करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि 16 मार्च की रात पाकिस्तान सैन्य बलों ने काबुल में ओमिद नशा मुक्ति उपचार केन्द्र (अस्पताल) पर हवाई हमला किया था। इसमें 400 से अधिक लोगों के मरने की बात कही जा रही है और 250 लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है। पिछले 15 दिनों से पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान के बीच जारी संघर्ष में बड़ी संख्या में जनहानि हुई है। भारत ने मानवीय आधार पर अफ़गानिस्तान को दवा व अन्य सहायता सामग्री भेजने की बात कही है। भारत हमेशा से अफ़गानिस्तान को अपना मित्र देश मानता रहा है।

पश्चिम एशिया के हालात के बीच देश की सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही

# घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थिर है व पर्याप्त स्टॉक भी उपलब्ध : केन्द्र


कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार का कहना है कि पश्चिम एशिया के हालात के बीच देश की सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थिर है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। लगभग 7500 उपभोक्ताओं ने एलपीजी से पीएनजी (पेट्रोलियम प्लैज) पर स्विच कर लिया है। युद्ध के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है लेकिन घेरलू गैस वितरकों के पास किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं मिली है। राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित दैनिक पत्रकार वार्ता में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पर्याप्त कच्चे तेल और एलपीजी स्टॉक के साथ रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। लगभग 93 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन हैं और डिलीवरी प्रमाणित हो चुकी है। उपभोक्ताओं को पीएनजी की ओर रुख करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन प्राप्त हुआ है। पिछले सप्ताह अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को 11,300 टन की आपूर्ति की गई है। कालाबाजारी रोकने के लिए नियंत्रण कक्षों, जिला समितियों के साथ-साथ तेल विपणन कंपनियां निरीक्षण के माध्यम से निगरानी तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे घबराकर बुकिंग न करें, आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें और घर पर डिलीवरी का इंतजार करें। सरकार आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने और वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में वृद्धि के संबंध में संयुक्त सचिव ने कहा कि सामान्य पेट्रोल की कीमत में कोई वृद्धि नहीं हुई है। केवल प्रीमियम श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में थोड़ी वृद्धि हुई है और वह भी प्रतिदिन बिकने वाले कुल पेट्रोल का मुश्किल से 2-4 प्रतिशत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बीच ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की और पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए संवाद, तनाव कम करने और शांति पर जोर दिया। उन्होंने ऊर्ज़ा अवसंरचना पर हमलों की कड़ी निंदा की, जबकि सभी पक्षों ने होर्मुज ● शेष पेज 11 पर

- ❐ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एआई निगरानी और क्यूआर एंट्री सिस्टम लागू होगा, अश्विनी वैष्णव ने दिए निर्देश
- ❐ सुजाता शर्मा ने कहा कि पर्याप्त कच्चे तेल और एलपीजी स्टॉक के साथ रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं।
- ❐ प्रवक्ता ने बताया कि भारत ने आर्मेनिया-अजरबैजान मार्ग से 284 तीर्थयात्रियों सहित 913 नागरिकों को निकाला है

## प्रीमियम पेट्रोल के दाम में 2.30 रुपये की बढ़ोत्तरी, सामान्य पेट्रोल का दाम स्थिर

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल के दाम 2 रुपये से लेकर 2.30 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाये हैं, जबकि सामान्य पेट्रोल का भाव स्थिर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2 रुपये से लेकर 2.30 रुपये तक बढ़ा दी हैं। ● शेष पेज 11 पर





## नेतन्याहू का आतंकवाद वैश्विक शांति के लिए खतराः एर्दोगन

एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ा युद्ध 21वें दिन और व्यापक हो गया। इस जंग में संभवतः पहली बार अमेरिका की सैन्य क्षमता को तगड़ी चोट लगी है। ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान (फाइटर जेट) को नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा इजराइल की रिफाइनरी पर ईरान ने बमबारी कर उसे उड़ाने की कोशिश की है। ईरान ने अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट पर हमले का वीडियो भी जारी किया है। सीएनएन, अल जजीरा और अन्य कुछ देशों के संचार माध्यमों की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एफ-35 पर हमले का वीडियो फुटेज तो जारी किया है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। यह जरूर है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने स्वीकार किया कि एक एफ-35 जेट को ईरान के ऊपर मिशन के दौरान इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को मिडिल-ईस्ट के किसी देश में उतारा गया है। कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स के मुताबिक, विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है और पायलट सुरक्षित है। घटना की जांच जारी है। हालांकि अमेरिका ने सीधे तौर पर ईरानी हमले की पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार, एफ-35 दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू विमानों में गिना जाता है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से अधिक होती है। ईरान ने कहा है कि उसने इजराइली हमलों का जवाब देते हुए तेल अवीव में रिफाइनरी पर जोरदार बमबारी की है। इस बीच कतर एनर्जी ने कहा कि ईरानी हमलों की वजह से कतर की लिक्विफाइड नेचुरल गैस एक्सपोर्ट क्षमता का 17 प्रतिशत हिस्सा ठप हो गया है। इससे सालाना राजस्व में अनुमानित 20 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है और यूरोप तथा एशिया को होने वाली आपूर्ति पर खतरा मंडरा रहा है। उधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संवाददाता सम्मेलन आहूत किया। वह पत्रकारों के सामने आए और कहा वह जंग जीत रहे हैं। वह अभी जिंदा हैं। ईरान बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। हमने 20 दिनों के युद्ध में सफलता हासिल की है। इस बीच हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने हाल के घंटों में उत्तरी इजराइल के मार्गलियोट कस्बे पर मिसाइल दागी हैं। इसके अलावा नबातियेह प्रांत के मारौन अल-रास इलाके में मौजूद इजराइली सैनिकों के समूह को भी निशाना बनाया। इस बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि अगर ● शेष पेज 11 पर




- ❐ अमेरिका के दो लड़ाकू विमान उतारने का अनुरोध श्रीलंका ने नहीं माना, दिसानायके ने कहा- हम तटस्थ
- ❐ ईरान ने अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान को बनाया निशाना, इजराइल की रिफाइनरी पर की बमबारी

## सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों: राष्ट्रपति

एजेंसी

मथुरा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि एक सशक्त और 'आत्मनिर्भर' भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। आज कैंसर सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च स्तरीय उपचार मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु शुक्रवार को वृंदावन स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में नवनिर्मित 'नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' (कैंसर चिकित्सा केंद्र) के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रही थीं। इससे पहले सेवाश्रम अस्पताल में पहुंचने पर राष्ट्रपति मुर्मु का उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम के सचिव सुप्रकाश आनंद एवं सह सचिव कालीकृष्णानंद ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि एक सशक्त और 'आत्मनिर्भर' भारत तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। आज कैंसर सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इस बीमारी का समय पर पता चलना और उच्च स्तरीय उपचार मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ परिवारों के लिए आर्थिक परिस्थितियों के कारण इस बीमारी का इलाज मुश्किल या लगभग असंभव सा लगता है। ऐसे समय में जनसेवा की भावना से काम करने वाले संगठन समाज कल्याण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि जागरूकता ● शेष पेज 11 पर



❐ राष्ट्रपति ने वृंदावन में रामकृष्ण मिशन अस्पताल के ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का किया उद्घाटन

## सद्भाव और शांति के जरिए दुनिया में युद्ध रोक सकता है भारत : मोहन भागवत

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत अपनी सद्भावना और शांति की परंपरा के जरिए दुनिया में युद्ध रोक सकता है। महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्रवार को सरसंघचालक डॉ. भागवत ने वैश्विक हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि आज दुनिया जिस अस्थिर दौर से गुजर रही है, उसके पीछे मुख्य कारण स्वार्थ और वर्चस्व की होड़ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत अपनी सद्भावना और शांति की परंपरा के जरिए दुनिया को संघर्षों से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नागपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में सरसंघचालक ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने कहा कि जब तक इंसान अपनी सोच में स्वार्थ से ऊपर नहीं उठेगा, तब तक युद्ध और टकराव खत्म नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि केवल बाहरी समझौते या बातचीत से स्थायी शांति संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के भीतर नैतिक मूल्यों, अनुशासन और एकता का होना जरूरी है। उन्होंने ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 300 ईवी बसों को दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ बस डिपो से 300 नई ईवी बसों को हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया। इसके साथ नानकसरऽगाजियाबाद के बीच नई अंतरराज्यीय बस सेवा शुरूआत, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास और ईवी इंसेंटिव पोर्टल की शुरुआत करते हुए इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी के 12,877 लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 24 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, जंगपुरा से विधायक तरविंदर सिंह मारवाह रहे। मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये पहलें दिल्ली को स्वच्छ, किफायती, सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ग्रीन ट्रांसपोर्ट न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन को अधिक सहज और सुविधाजनक बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले डीटीसी भारी घाटे में चल रही थी, लेकिन अब सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण यह धीरे-धीरे वित्तीय संतुलन की दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में डीटीसी की स्थिति काफी कमजोर हो गई थी, जहां संचालन में अनियमितताएं थीं और संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था। उनकी सरकार ने इन व्यवस्थागत कमियों को दूर करते हुए पारदर्शिता ● शेष पेज 11 पर

### नानकसर-गाजियाबाद बस सेवा शुरू



❐ सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी के 12,877 लाभार्थियों को 24 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की वितरित

## तेलंगाना विधानसभा में 2026-27 का बजट पेश

एजेंसी

हैदराबाद । तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शुक्रवार को 3,24,234 करोड़ का वार्षिक बजट पेश किया। इस बजट में 2,34,406 करोड़ रुपये राजस्व व्यय और 47,267 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है। बजट में शिक्षा, कृषि और बिजली क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया गया है। बजट पेश करने से पहले राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बजट प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके बाद बजट को विधानमंडल में प्रस्तुत किया गया, जिसमें सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी भी शामिल रहे। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जहां देश की जीडीपी वृद्धि दर 2024-25 में 9.8 प्रतिशत से घटकर 2025-26 में 8 प्रतिशत हो गई है, वहीं तेलंगाना की जीएसडीपी वृद्धि दर 10.6 प्रतिशत से बढ़कर 10.7 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने इसे राज्य सरकार की नीतियों का सकारात्मक परिणाम बताया। मुख्य बजटीय आवंटनों की बात करें तो, शिक्षा विभाग के लिए 26,674 करोड़ रुपये, कृषि विभाग के लिए 23,179 करोड़, बिजली क्षेत्र के लिए ● शेष पेज 11 पर



❐ 3.24 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान, शिक्षा-कृषि और बिजली पर फोकस

### युद्धाभ्यास 'अमोघ ज्वाला' में भारतीय सेना के हथियारों ने दुश्मन के ठिकानों को निशाना बनाया

जोधपुर । सरहदी जिले जैसलमेर में भारतीय सेना ने अमोघ ज्वाला नाम का एक बड़ा युद्धाभ्यास किया। इस अभ्यास में सेना ने दिखाया कि आज के समय में युद्ध सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि डेटा, सिग्नल और इंटेलिजेंस से भी लड़ा जाता है। इस दौरान आसमान में उड़ रहे ड्रोन ने दुश्मन की सही लोकेशन पता लगाई। इलेक्ट्रॉनिक वॉरफ़ेयर की मदद से दुश्मन के सिग्नल को जाम कर दिया गया, ताकि वह कोई संपर्क न कर सके। यानी दुश्मन को बिना सीधे लड़ाई के भी कमजोर किया जा सकता है। इस अभ्यास का निरीक्षण दक्षिणी कमान के जीओसी-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने किया। रेगिस्तान और मैदानी इलाकों में सेना की मशीनीकृत टुकड़ियों ने अपनी ताकत दिखाई। टैंक और पैदल सेना (इन्फैंट्री) ने तेजी और सटीक निशाने के साथ काल्पनिक दुश्मन के ठिकानों को निशाना बनाया। अमोघ ज्वाला सिर्फ हथियारों का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि यह दिखाने का तरीका था कि भारतीय सेना नई तकनीक के साथ कितनी तैयार है। इसमें इंटेलिजेंस, सर्विलांस ● शेष पेज 11 पर

## योगी सरकार 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को आज सौंपेगे नियुक्ति पत्र

### 736 नवचयनित अभ्यर्थियों को लाइव प्रोग्राम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार रविवार को एक हजार 228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेगी। इनमें से 492 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे जबकि शेष को लाइव प्रोग्राम के दौरान 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज और दो संस्थानों में जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने इस वर्ष प्रदेश के डेढ़ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। इसी के तहत कई विभागों में भर्ती प्रक्रिया चल रही है जबकि विभिन्न विभागों में भर्ती का विज्ञापन निकालने की तैयारी अंतिम चरण में है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग में खाली पदों पर नियुक्ति करने के निर्देश दिए थे ताकि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिल सके। इसी के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं दो चिकित्सा संस्थानों में रिक्त नर्सिंग अधिकारियों के पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। ऐसे में लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग में एक हजार 228 नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। योगी सरकार रविवार को सभी नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्त पत्र वितरित करेगी। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग की सचिव एवं महानिदेशक डॉ. सारिका मोहन ने बताया कि 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज क्रमशः आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, कन्नौज, आजमगढ़, जालौन, सहारनपुर, बांदा एवं बदायूं के साथ दो संस्थान जेके कैंसर संस्थान तथा हृदय रोग संस्थान कानपुर के लिए एक हजार 228 नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती ● शेष पेज 11 पर



❐ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में 492 अभ्यर्थियों को सौंपेंगे पत्र

# कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी का दोहरा चरित्र उजागर, भारत की सभ्यता संस्कृति और वैश्विक छवि को कमजोर करने का प्रयास: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ विदेशी एजेंडों के सहारे भारत को बदनाम करना विपक्ष की राजनीति का हिस्सा: डॉ. राजेश्वर सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि दोनों दल बार-बार ऐसे नैरेटिव्स को बढ़ावा दे रहे हैं, जो भारत की सभ्यता, संस्कृति और वैश्विक प्रतिष्ठा को कमजोर करने का प्रयास करते हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि हाल ही में समाजवादी पार्टी के नेता श्री अखिलेश यादव द्वारा माँ गंगा की पवित्रता पर दिया गया राजनीतिक बयान न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह करोड़ों सनातन श्रद्धालुओं की आस्था को आहत करने वाला है। इसके साथ ही कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी द्वारा United States Commission on International Religious Freedom (USCIRF) जैसी विदेशी और पक्षपातपूर्ण संस्था की रिपोर्ट का हवाला देकर भारत की छवि पर प्रश्न उठाना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत सरकार पहले ही इस रिपोर्ट को तथ्यहीन और प्रेरित बता चुकी है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भारत का संविधान विश्व में अल्पसंख्यकों को सर्वाधिक मजबूत संरक्षण प्रदान करता है। अनुच्छेद 25 से 30 तक धार्मिक स्वतंत्रता, धार्मिक संस्थानों के प्रबंधन का अधिकार तथा अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षणिक संस्थान स्थापित एवं संचालित करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है। उन्होंने कहा कि देश के जनसांख्यिकीय आंकड़े भी यह सिद्ध करते हैं कि भारत में सभी समुदाय सुरक्षित और सशक्त हैं। वर्ष 1951 में लगभग 9.8% रही मुस्लिम जनसंख्या 2011 में बढ़कर लगभग 14.2% हो गई है। आज भारत में 20 करोड़ से अधिक मुस्लिम आबादी निवास करती है, जो विश्व की दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम जनसंख्या है। ईसाई समुदाय देशभर में हजारों शिक्षण संस्थान एवं अस्पताल संचालित कर रहा है, जबकि अल्पसंख्यक समुदाय के अनेक लोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और मुख्य न्यायाधीश जैसे सर्वोच्च पदों तक पहुंचे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि यदि वास्तव में उत्पीड़न होता, तो इस प्रकार की निरंतर प्रगति और भागीदारी संभव नहीं होती। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत में अवसर, सुरक्षा और सम्मान का वातावरण विद्यमान है।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका में प्रतिवर्ष हजारों 'हेट क्राइम' दर्ज होते हैं, फ्रांस में धार्मिक प्रतीकों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, तथा चीन में धार्मिक स्वतंत्रता पर कठोर नियंत्रण है। इसके विपरीत भारत में अल्पसंख्यकों के लिए विशेष छात्रवृत्तियाँ, कल्याणकारी योजनाएँ तथा धार्मिक स्वतंत्रता का खुला वातावरण उपलब्ध है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि इसके बावजूद कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेता विदेशी रिपोर्टों के आधार पर भारत को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। यह केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि भारत की संवैधानिक और सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास है।

# एक साल से परेशान बुजुर्ग महिला को मिली राहत एसआरएन में दूरबीन से हुआ सफल ऑपरेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



प्रयागराज। झूंसी क्षेत्र की 67 वर्षीय महिला पिछले लगभग एक वर्ष से भोजन के बाद भारीपन, बार-बार कच्ची डकार, उल्टी, गले में जलन और भोजन के मुंह में वापस आने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही थीं। इन लक्षणों के कारण उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था और दवाइयों से केवल अस्थायी राहत मिल पा रही थी।

लगातार परेशानी के बाद मरीज ने स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (ट्टग) में परामर्श लिया। यहां एंडोस्कोपी सहित विस्तृत जांच में उन्हें हायटल हर्निया नामक बीमारी का पता चला। इस स्थिति में पेट का ऊपरी हिस्सा अपनी जगह से खिसककर छाती में चला जाता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं।हायटल हर्निया का प्रारंभिक उपचार दवाइयों और जीवनशैली में बदलाव से किया जाता है, लेकिन जब इनसे आराम नहीं मिलता और मरीज की दिनचर्या प्रभावित होने लगती है, तब सर्जरी आवश्यक हो जाती है।इस केस को और जटिल बनाता था मरीज का पूर्व चिकित्सा इतिहास। उन्हें पहले थायरॉयडेक्टॉमी, हिस्टेरेक्टॉमी और रेक्टल प्रोलैप्स की सर्जरी हो चुकी थी, जिससे पेट के अंदर चिपकाव (एड्हीजन) होने की संभावना अधिक थी। ऐसे में ऑपरेशन तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण हो जाता है।इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. वैभव श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने सावधानीपूर्वक योजना बनाकर मरीज का सफलतापूर्वक लैप्रोस्कोपिक फंडोप्लिकेशन ऑपरेशन किया। टीम में डॉ. तरुण कालरा, डॉ. निशांत शुक्ला, डॉ. हर्षित शर्मा, डॉ. सृष्टि सिकदर और डॉ. सौरभ मिश्रा शामिल रहे। निश्चेतना विभाग से डॉ. शिवेंदु ओझा और डॉ. साक्षी सिंह के मार्गदर्शन में डॉ. पल्लवी सूद एवं डॉ. उत्कर्ष मजूमदार ने सहयोग किया। ऑपरेशन थिएटर में प्रमिला राय, दिनेश, फ़ैयाज़ एवं अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।यह एक आधुनिक मिनिमली इनवेसिव सर्जरी है, जिसमें छोटे चीरे के माध्यम से पेट के ऊपरी हिस्से को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है कि एसिड रिफ्लक्स रुक जाए। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संतोषजनक रही और उल्टी, रिगर्जिटेशन व गले की जलन जैसी समस्याओं में स्पष्ट सुधार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।पहले इस प्रकार की सर्जरी के लिए मरीजों को लखनऊ, वाराणसी या दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा प्रयागराज में ही उपलब्ध हो गई है।डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने आम जनता से अपील की है कि लंबे समय तक सीने या गले में जलन, खट्टी डकार या भोजन का बार-बार ऊपर आना जैसी समस्याओं को नजरअंदाज न करें। समय पर जांच और उचित उपचार से हायटल हर्निया जैसी बीमारी का सफल इलाज संभव है।डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने आगे बताया कि ल्हायटल हर्निया के जटिल मामलों में भी यदि सही समय पर पहचान और उचित योजना के साथ उपचार किया जाए, तो लैप्रोस्कोपिक सर्जरी द्वारा सुरक्षित और स्थायी समाधान संभव है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से मरीज को कम दर्द, शीघ्र रिकवरी और बेहतर जीवन गुणवत्ता मिलती है।

## प्रयागराज में क्षत्रिय स्वाभिमान संगठन की महत्वपूर्ण बैठक 22 मार्च को

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षत्रिय स्वाभिमान संगठन उत्तर प्रदेश (पूर्वांचल) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन दिनांक 22 मार्च 2026 (रविवार) को किया जा रहा है। यह बैठक दोपहर 1 बजे संगठन के प्रांतीय कार्यालय, धूमनगंज, प्रयागराज में आयोजित होगी।संगठन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस बैठक में उत्तर प्रदेश (पूर्वांचल) में संगठन के विस्तार, कार्यप्रणाली के विकास और संगठन को मजबूत बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही, नए पदाधिकारियों की नियुक्ति पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह बैठक संगठन के भविष्य की रणनीति तय करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## अस्पताल निरीक्षण में खुली खामियां, व्यवस्था सुधार के निर्देश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में शुक्रवार को अपर नगर मजिस्ट्रेटों द्वारा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर यह निरीक्षण किया गया, जिसमें अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई कमियां सामने आईं।निरीक्षण के दौरान अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम दिग्विजय सिंह व तृतीय हीरालाल सैनी ने संयुक्त रूप से ओपीडी, दवा वितरण केंद्र और अन्य विभागों का निरीक्षण किया। पाया गया कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत ओपीडी सुबह 9:30 बजे शुरू हुई। नेफ्रोलॉजी विभाग में डॉ. संतोष कुमार मौर्य अनुपस्थित मिले, जबकि अन्य चिकित्सक रोस्टर के अनुसार मौजूद थे।दवा वितरण केंद्र पर गंभीर अनियमितता सामने आई, जहां कंप्यूटर आधारित रजिस्टर मेंटेन नहीं पाया गया और दवा स्टॉक रजिस्टर व वितरण में भी अंतर मिला। अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति सामान्य पाई गई, लेकिन सुधार की आवश्यकता जताई गई। शौचालय, नाली और डस्टबिन की व्यवस्था संतोषजनक रही, वहीं एम्बुलेंस भी मौके पर उपलब्ध मिली। लेबर रूम की व्यवस्थाएं ठीक पाई गईं।वहीं अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ अविनाश सिंह ने ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया। यहां सभी डॉक्टर व स्टाफ उपस्थित मिले, लेकिन साफ-सफाई में और सुधार की जरूरत बताई गई। साथ ही सिटी स्कैन और एक्स-रे मशीनें चालू मिलीं, जबकि दवा वितरण काउंटर पर अत्यधिक भीड़ देखी गई।निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने अस्पताल प्रशासन को सभी कमियों को जल्द दूर कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं।

## हादसे का कारण बन रहे ओवर लोड वाहनों का संचालन



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के कोरांव में ओवरलोड वाहनों की समस्या गंभीर होती जा रही है। ये वाहन ऊंचाई पर भूसा लोड करके गुजरते हैं और विद्युत केबल को छूते हैं, जिससे बड़ी घटना हो सकती है। ऐसे वाहनों ज्यादातर शाम को बाजार कोरांव होकर गुजरते है स्थानीय लोगों ने प्रभारी निरीक्षक कोरांव से ऐसे वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों की मांग है कि ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाया जाए, ताकि किसी बड़ी घटना से बचा जा सके।

## अंसल पर तीन करोड़ 42 लाख से ज्यादा धनराशि के गबन का आरोप




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अंसल कंपनी पर व्यावसायिक जमीन देने के नाम पर व्यावसायिक जमीन खरीदने के नाम पर तीन करोड़ रुपये गबन का आरोप लगाते हुए सुशान्त गोल्फ सिटी थाने पर गोयल इंफ्राकन एलएलपी के पार्टनर अनुज गोयल ने मुकदमा दर्ज कराया है।पीड़ित अनुज गोयल, निवासी उ-13. नियर मदर केयर स्कूल, सेक्टर ए. अलीगंज, लखनऊ, पार्टनर, गोयल इंफ्राकन एलएलपी, रजिस्टर्ड ऑफिस नियर वालमार्ट, ब्लक 2 आईटी पार्क 1. सेक्टर व. सुल्तानपुर रोड, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ यह शिकायत प्रस्तुत कर रहा हूँ कि अंसल प्रपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के साथ हुए लेन-देन के कारण मुझे तथा गोयल इंफ्राकन एलएलपी को गंभीर आर्थिक क्षति हुई है तथा पर्याप्त धनराशि का भुगतान किए जाने के बावजूद आज तक शेष भूमि का पंजीकृत विक्रय विलेख/पंजीकरण नहीं किया गया है। गोयल इंफ्राकन एलएलपी को अंसल प्रपर्टीज़ एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, उसके प्रवर्तकों प्रणव असल, सुशील अंसल तथा कंपनी के अन्य अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा 2010 में संपर्क किया गया था। प्रणव असल एवं सुशील अंसल ने स्वयं को सुशांत गोल्फ सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ स्थित व्यावसायिक भूमि का मालिक एवं विकासकर्ता बताते हुए यह भरोसा दिलाया कि वे उक्त भूमि का विक्रय करने तथा आवश्यक विक्रय विलेख निष्पादित करने की स्थिति में हैं। सर्वेश गोयल, पार्टनर, गोयल इंफ्राकन एलएलपी तथा अंसल प्रपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रतिनिधियों के मध्य प्रथम बैठक वर्ष 2010 में हुई, जिसमें भूमि के विक्रय एवं आगे की कार्यवाही को लेकर आश्वासन दिए गए। इसके बाद समय-समय पर बातचीत/चर्चा चलती रही और अंततः विक्रय अनुबंध निष्पादित हुआ। इन बातों पर विश्वास करते हुए, गोयल इंफ्राकन एलएलपी के द्वारा अंसल प्रपर्टीज़ एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के साथ ब्लक-2, आईटी पार्क-1, सुषांत गोल्फ सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ स्थित लगभग 7655 वर्ग मीटर वाणिज्यिक भूमि के क्रय हेतु एक विक्रय अनुबंध (ट्टथद्यद्ध इद्दन्द्ददद्दद्धप्) किया, जिसकी कुल कीमत 5 करोड़ 13 लाख तय हुई। उक्त अनुबंध के अंतर्गत और अंसल द्वारा किए गए आश्वासनों के आधार पर गोयल इंफ्राकन एलएलपी के द्वारा समय-समय पर तय की हुई धनराशि का भुगतान किया। उन्होंने बताया कि अब ल0 तक किए गए भुगतानों का विवरणः दिनांक 09.03.2021 को 1,74,10,193/- की राशि अग्रिम के रूप में दी गई। इसके बाद 12.04.2021 को 18,00,000/-, 24.09.2021 को 35,00,000/-, 20.03.2023 को 2,60,000/- 06.05.2023 को 25,00,000/- 18.07.2023 को 9,67,200/-04.09.2023 को 10,00,000/- 02.12.2023 को 15,00,000/- 05.12.2023 को 20,00,000/- तथा 09.10.2024 को 33,35,000/- का भुगतान किया गया। ये सभी भुगतान दोनों पक्षों के बीच रखे गए लेजर में दर्ज हैं। इस प्रकार कुल 3,42,72,393/-(रुपये तीन करोड बयालिस लाख बहत्तर हजार तीन सौ तिरानवे मात्र) का भुगतान किया जा चुका है, जो कुल निर्धारित कीमत 5,13,00,000/- का लगभग 66 प्रतिशत से अधिक है। इतनी राशि प्राप्त करने के बावजूद, अंसल प्रपर्टीज़ एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा दिनांक 01.11.2022 को केवल 1060 वर्ग मीटर भूमि के लिए ही विक्रय विलेख निष्पादित किया गया, शेष 6595 वर्ग मीटर भूमि के लिए आज तक कोई पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित नहीं किया गया। आंशिक विक्रय विलेख के बाद गोयल इंफ्राकन एलएलपी द्वारा बार-बार अंसल के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से शेष भूमि के विक्रय विलेख निष्पादित करने का अनुरोध किया गया, किंतु अंसल के अधिकारियों ने बार-बार मामले को टालते हुए कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया और न ही कोई निश्चित समय बताया। इसके अतिरिक्त, जब दायित्व पूरा करने के लिए अनुरोध किया गया तो उन्होंने डराने-धमकाने और अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास किया ।

# महारानी अवंती बाई लोधी के जीवन-संघर्ष और विचारो से प्रेरणा लेते हुए उसे आगे बढ़ाएं :उप मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर नीरज सिंह भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और महापौर सुषमा खर्कवाल ने लोधी समाज और पार्टी कार्यकर्ताओ ने भाजपा मुख्यालय के सामने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उनका स्मरण करते हुए कहा कि 168वें बलिदान दिवस के अवसर पर प्रदेश के आम जनमानस और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अवंती बाई लोधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी का सनातन संस्कृति की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसे हम सभी आज याद कर रहे हैं।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी को महारानी अवंती बाई लोधी के जीवन और संघर्ष को पढ़ना चाहिए तथा उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर डॉक्टर नीरज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अदम्य साहस के साथ संघर्ष करते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन त्याग, वीरता और देशप्रेम का अनुपम उदाहरण है, जो आज भी हमको राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है।महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि वीरांगना के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और राष्ट्रहित में सदैव समर्पित रहने के लिए भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्पित है।इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, संजय लोधी, किशन कुमार लोधी, राम शंकर राजपूत, विपिन सोनकर, घनश्याम अग्रवाल, विजय भुर्जी, विनायक पांडे सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

# नवनिर्माण के 9 वर्ष कार्यक्रम में विकास योजनाओं का प्रदर्शन, लाभार्थियों को मिला लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। स्वतंत्र देव सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के ल्नवनिर्माण के 9 वर्षङ्क पूर्ण होने के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, डेमो चेक और प्रमाणपत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम में 3 महिलाओं की गोदभराई और 3 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रदेश ने विकास, विश्वास और सुशासन की नई मिसाल कायम की है और आज उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और राज्य ल्दंगा मुक्तङ्क बनकर उभरा है। साथ ही उत्तर प्रदेश अब निवेश, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क और ल्ईज ऑफ डूइंग बिजनेसङ्क में अग्रणी राज्य के रूप में नई पहचान बना चुका है।कार्यक्रम से पूर्व जिला पंचायत परिसर में केन्द्र सरकार के 11 वर्षों और प्रदेश सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित 9 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। मंत्री ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी देखने की अपील की, ताकि लोग सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ उठा सकें।कार्यक्रम में सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वी.के. सिंह, विधायक दीपक पटेल, गुरू प्रसाद मौर्य, पीयूष रंजन निषाद, हर्षवर्धन वाजपेयी सहित जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह मौजूद रहीं।इस दौरान विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और बाबा साहब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत कई लाभार्थियों को आर्थिक सहायता और प्रमाणपत्र वितरित किए गए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ल्डबल इंजन सरकारङ्क के तहत प्रदेश में सड़क, एक्सप्रेस-वे, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा और संस्कार पर ध्यान देने की अपील भी की।कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा जी ने किया, जबकि बड़ी संख्या में अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।

# आफत की बारिश से फसलों पर संकट ओलावृष्टि ने बढ़ाई किसानों की चिंता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ प्रमुख रूप से सरसों, गेहूं, चना, मसूर के साथ-साथ खरबूजा, तरबूज, खीरा, ककड़ी, तरोई, लौकी, कद्दू और करेला जैसी फसलों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है

बख्शी का तालाब,लखनऊ । राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार सुबह से कहीं बूंदाबांदी तो कहीं मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम बारिश के चलते रबी और सब्जी की कई फसलें प्रभावित हुई हैं, जिससे बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

प्रमुख रूप से सरसों, गेहूं, चना, मसूर के साथ-साथ खरबूजा, तरबूज, खीरा, ककड़ी, तरोई, लौकी, कद्दू और करेला जैसी फसलों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है।चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कद्दू वर्गीय फसलों में बारिश के कारण फफूंदी तेजी से फैलती है, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ता है। वहीं मीठे फलों की गुणवत्ता और मिठास भी प्रभावित होती है। उन्होंने सलाह दी कि मौसम साफ होने पर कार्बेंडाजिम 12% + मैनकोजेब 63% डब्ल्यूपी का 3 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करने से फफूंदी जनित रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।राजधानी के अधिकांश इलाकों में इस समय आलू की खुदाई चल रही है। लगातार बारिश से खेतों में जलभराव की स्थिति बन रही है, जिससे आलू के सड़ने का खतरा बढ़ गया है।वहीं आम की फसल पर भी इस मौसम का गहरा असर पड़ने की आशंका है। विशेष रूप से माल, मलिहाबाद, काकोरी, बख्शी का तालाब और इटौंजा क्षेत्र में आम के बागों पर कीटों और रोगों का खतरा बढ़ गया है। आम का भुनगा कीट पत्तियों और पुष्पों से रस चूसकर फसल को कमजोर कर देता है, वहीं इसके स्राव से फफूंदी (दहिया रोग) तेजी से फैलती है, जिससे पुष्प नष्ट हो जाते हैं और उत्पादन घट जाता है।कृषि विशेषज्ञों के अनुसार दिन में तेज धूप, फिर बादल और बारिश के साथ तेज हवा-ये सभी परिस्थितियां कीट और रोगों के प्रसार को बढ़ावा देती हैं। बचाव के लिए किसान 1.5 मिली क्यूनालफास 25 ईसी या प्रोफ़ेनोफॉस 40% ईसी + साईपरमेथरिन 4% ईसी के साथ 2-3 ग्राम सल्फर प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव कर सकते हैं।विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि कीटनाशक और फफूंदीनाशक केवल पंजीकृत दुकानों से ही खरीदें और पक्का बिल अवश्य लें। छिड़काव के समय स्वच्छ पानी का प्रयोग करें, सुरक्षा के लिए मास्क, दस्ताने और जूते पहनें तथा दवाओं की मात्रा निर्धारित करने से पहले कृषि वैज्ञानिकों से सलाह जरूर लें।

## नवदुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों से दिया गया सशक्तिकरण का संदेश

लखनऊ। चैत्र नवरात्र के अवसर पर 'मिशन शक्ति- 6.0' अभियान के अंतर्गत प्रदेश के समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में नवदुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का मंचन एवं जन-जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। इस अभियान में दो लाख 42 हखार 825 बच्चों, 26 हजार 428 शिक्षकों और 55 हजार 247 अभिभावकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए बाल अधिकार, सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।इस विशेष अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने नवदुर्गा के नौ स्वरूपों को नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही, रैलियों के दौरान बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर हेल्पलाइन नंबर, बाल अधिकार, सुरक्षा और शिक्षा से जुड़े संदेश प्रदर्शित किए।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी0एस, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-MCDA-MX-143-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 31-03-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-JAIS-MX-151-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 31-03-2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-LKO-PR-178-26-1 (Parking Premium) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16-03-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31-03-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 31-03-2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in 955/2026 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–टेली/टेंडर/31/2025–26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के रायबरेली स्टेशन पर ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, यात्री सुविधा उपकरण और जीपीएस घड़ियों का संवर्धन/उन्नयन के प्रावधान का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,60,84,887.97/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 3,51,700/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.04.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र.कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106–टेली/टेंडर/31/2025–26 दिनांक: 19.03.2026 965/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 5,148 करोड़ से लखनऊ में विकास को मिलेगी रफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए शहर के समग्र विकास, आवासीय योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को नई गति देने जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 5,148 करोड़ रुपये के बजट को एलडीए बोर्ड की 187वीं बैठक में मंजूरी दे दी गई। यह बैठक मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में पारिजात सभागार में आयोजित हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में किफायती आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शारदा नगर विस्तार योजना में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से 848 अफोर्डे बल फ्लैट बनाए जाएंगे। इस योजना के तहत 12 मंजिला चार टावरों का निर्माण होगा, जिनमें 156 फ्लैट 1 बीएचके और 692 फ्लैट 2 बीएचके के होंगे। प्रत्येक फ्लैट आधुनिक सुविधाओं जैसे लिफ्ट, पार्किंग, स्वच्छ जल आपूर्ति, पार्क और बच्चों के खेलने के क्षेत्र से लैस होगा। बैठक में आईटी सिटी, वेलनेस सिटी, नैमिष नगर और वरुण विहार जैसी प्रमुख परियोजनाओं के लिए जमीन खरीद और अर्जन हेतु 1,600 करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति दी गई। वहीं आवासीय योजनाओं के विकास एवं अनुरक्षण के लिए 1,298 करोड़ रुपये और अवस्थापना सुविधाओं के लिए 200 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इससे शहर के विस्तार और निवेश के नए अवसर खुलने की उम्मीद है। एलडीए की महत्वाकांक्षी ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को भी गति देने के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा शहर में पार्कों के विकास और रख रखाव के लिए 60 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। अवैध निर्माण पर सख्ती बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रावधान करते हुए मशीनरी मद में 2 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में सरस्वती अपार्टमेंट के पास उपलब्ध भूमि पर सामुदायिक केंद्र विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। वहीं सेक्टर-6 में प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क को घटाकर 9 मीटर करने और शेष भूमि के व्यावसायिक व आवासीय उपयोग के प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिल गई है। शहर वासियों के लिए राहत भरी खबर यह भी है कि गोमती नगर स्थित पारिजात और पंचशील अपार्टमेंट के फ्लैटों की कीमतों को एक वर्ष के लिए फ्रीज कर दिया गया है, जिससे लोग पुरानी दरों पर ही आवास खरीद सकेंगे। इसके साथ ही इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की संपत्तियों पर निर्माण के लिए नई भवन निर्माण उपविधि 2025 लागू करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। एलडीए की अनंत नगर योजना से प्रभावित परिवारों को भी बड़ी राहत दी गई है। प्राधिकरण द्वारा ऐसे परिवारों को देवपुर पारा स्थित अटल नगर आवासीय योजना में निर्धारित नियमों के तहत आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त सीजी सिटी, ऐशबाग और रिफा-ए-आम योजनाओं के लेआउट संशोधन, अंसल हाईटेक टाउनशिप में एफएसआई के तहत भूखंडों के मानचित्र अनुमोदन, ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (ओबीपास) शुल्क संशोधन और उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026 लागू करने जैसे प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। कुल मिलाकर, एलडीए के इस बजट और फैसलों से लखनऊ में आवासीय विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार और शहरी सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# लखनऊ में यूपी की पहली सौर ऊर्ज़ा संचालित आधुनिक 'प्रेरणा कैंटीन' का उद्घाटन

❒ उत्तर प्रदेश की पहली सौर ऊर्ज़ा संचालित आधुनिक 'प्रेरणा कैंटीन' है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित 'प्रगति महिला स्वयं सहायता समूह' से संचालित लखनऊ के विकास भवन परिसर में शुक्रवार को आधुनिक एवं सौर ऊर्ज़ा संचालित 'प्रेरणा कैंटीन' का भव्य उद्घाटन किया गया। यह उत्तर प्रदेश की पहली सौर ऊर्ज़ा संचालित आधुनिक 'प्रेरणा कैंटीन' है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अजय जैन, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस से चैनल मैनेजर सुधांशु राय एवं सीएसएम वज्रिका नाथ,अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कैंटीन का शुभारंभ किया।इस 'प्रेरणा कैंटीन' का जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण अनुरागिनी संस्था की ओर से पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर) पहल 'शी-सर्व्स परियोजना के अंतर्गत किया गया है।

इस परियोजना के माध्यम से कैंटीन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के साथ-साथ सौर ऊर्ज़ा से भी जोड़ा गया है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल और सतत विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है।सीडीओ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाती हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान को भी मजबूत करती हैं। सौर ऊर्ज़ा का उपयोग इस पहल को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सराहनीय कदम बनाता है।पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के चैनल मैनेजर सुधांशु राय एवं सीएसएम वज्रिका नाथ ने कहा कि शी-सर्व्स परियोजना का उद्देश्य महिलाओं के जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कैंटीन मॉडल सिद्ध होगी।अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि यह केवल एक कैंटीन का नवीनीकरण नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सतत विकास की दिशा में एक सशक्त पहल है। अनुरागिनी संस्था पिछले लगभग 30 वर्षों से प्रदेश के विभिन्न जिलों में महिला सशक्तीकरण, जल संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है और यह परियोजना उसी यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।उन्होंने आगे कहा कि ङ्गहमारा उद्देश्य केवल रोजगार प्रदान करना नहीं, बल्कि महिलाओं को इतना सशक्त बनाना है कि वे आत्मविश्वास के साथ अपने निर्णय स्वयं ले सकें और समाज में नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकें।डॉ. जादौन ने यह भी बताया कि इस कैंटीन का संचालन 'प्रगति महिला स्वयं सहायता समूह' की महिलाओं द्वारा किया जाएगा, जिससे उन्हें नियमित आय का स्थायी स्रोत मिलेगा और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी।इस अवसर पर 'प्रगति महिला स्वयं सहायता समूह' की सचिव रेखा सोनी ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक सपना था, जो आज अनुरागिनी संस्था और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के सहयोग से साकार हुआ है। उन्होंने बताया कि इस कैंटीन से उन्हें न केवल नई पहचान मिली है, बल्कि उनकी आय में भी वृद्धि होगी। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि जब उन्होंने पहली बार नवीनीकृत कैंटीन को देखा, तो वह उसे पहचान ही नहीं पाईं कि यह वही पुरानी कैंटीन है। उनके अनुसार, समूह की सभी महिलाएं इस बदलाव से बेहद खुश और उत्साहित हैं। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी चिनहट, पूजा शुक्ला एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# निगोंहा में प्रतिभा का सम्मान मेधावी छात्रों को मिली उड़ान



❒ 42 हजार की स्कॉलरशिप व साइकिल वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

निगोहा, लखनऊ। क्षेत्र के रघुनाथ खेड़ा स्थित एसबीएन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षा, सम्मान और प्रोत्साहन का भव्य आयोजन हुआ, जहां मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। विद्यालय की इस पहल ने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 7 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एसबीएन स्कॉलरशिप के तहत कुल 42,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि चेक के माध्यम से उनके अभिभावकों की उपस्थिति में प्रदान की गई। इसके साथ ही 20 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित कर उनके शैक्षिक सफर को सुगम बनाने का प्रयास किया गया।? विद्यालय के प्रबंधक अमरेन्द्र सिंह ने अपने निजी संसाधनों से यह पहल करते हुए कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाई देता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों के लिए इस सहायता को बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रतिवर्ष लगभग 4.50 लाख रुपये की धनराशि विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है। वहीं सत्या खुशहाल योजना के अंतर्गत अब तक करीब 200 छात्रों को साइकिल वितरित की जा चुकी है।

# युवा प्रतिभा की त्रासदी और व्यवस्था पर करारा व्यंग्य, 'अश्वासन' में झलकी बेरोजगारी की पीड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतोदय संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पंद्रह दिवसीय प्रस्तुतिपरक संस्कृत नाट्य कार्यशाला के उपरांत संस्कृत नाटक 'अश्वासन' का मंचन आज दिनांक 20 मार्च 2026 को शांति इंटर कॉलेज, भरत नगर, लखनऊ के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जुहारी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज, कानपुर की प्राध्यापक रेखा शुक्ला एवं समर्थनारी-समर्थभारत की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीरा सिन्हा 'वर्षा' ने उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा रचित इस संस्कृत नाटक का निर्देशन जूही कुमारी ने किया। कार्यशाला के दौरान नाट्य प्रशिक्षण जूही कुमारी तथा संस्कृत प्रशिक्षण डॉ. आनन्द कुमार दीक्षित द्वारा प्रदान किया गया।नाटक के पूर्वरंग में विचित्र वेशधारी नेता और प्रतिभाशाली युवक के माध्यम से व्यंग्यपूर्ण नांदी प्रस्तुत की गई, जिसके बाद एक मार्मिक और त्रासदीपूर्ण कथा सामने आई। नाटक का केंद्रीय पात्र एक प्रतिभाशाली, उत्साही और आशावान युवक है, जो समाज, परिवार, साहित्य, दर्शन और धर्म के लिए कुछ करने की आकांक्षा रखता है, किन्तु आजीविका की तलाश में निरंतर असफलताओं, कुण्ठा और तिरस्कार का सामना करता है। कथानक में उसकी सहपाठिनी प्रतिभा का भावनात्मक सहयोग, मित्र सुबोध द्वारा नेता से मिलवाना और नेता के आश्वासनों के बीच पनपती आशा को दर्शाया गया है, जो अंततः तीन वर्षों तक केवल आश्वासनों में ही सीमित रह जाती है। व्यवस्था की विसंगतियों और सिफारिश-प्रधान तंत्र के कारण युवक का संघर्ष और गहराता जाता है। आयु-सीमा समाप्त होने के साथ ही निराशा के चरम पर पहुंचा युवक जीवन से विरक्त हो जाता है। हालांकि उसके मित्र उसे बचाने का प्रयास करते हैं। नाटक का समापन ङ्गहाथ-हाथ को काम मिले जैसे सार्थक भरत वाक्य के साथ हुआ, जो रोजगार की आवश्यकता और व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। नाटक में ज्ञानेंद्र मिश्रा, सुंदरम मिश्रा, आयुष, सत्यम मिश्रा, तन्मय, कुमारी श्वेता और स्नेह सहित अन्य कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति युवाओं की बेरोजगारी की समस्या को उजागर करते हुए सामाजिक व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य करती है और दर्शकों को गहन चिंतन के लिए प्रेरित करती है।

# सरकारी तालाब पर अवैध कब्जा, नियमों को दरकिनार कर मछली पालन का आरोप

❒ भाकियू नेता ने एसडीएम से की शिकायत, जांच के आदेश,कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजपुर गगौरा में स्थित सरकारी तालाब पर अवैध कब्जे और मछली पालन को लेकर विवाद गहरा गया है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने उपजिलाधिकारी साहिल कुमार को शिकायत देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार गाटा संख्या 340, रकबा 1.7080 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में सरकारी तालाब के रूप में दर्ज है। आरोप है कि इसके बावजूद ग्राम प्रधान द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए तालाब में अवैध रूप से मछली पालन कराया जा रहा है।अमरेंद्र सिंह का कहना है कि वह इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जे को बढ़ावा मिल रहा है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई कर तालाब को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया और मछलियों की वैधानिक नीलामी नहीं कराई गई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।उधर, उपजिलाधिकारी साहिल कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए हैं। अब जांच रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

## लखनऊ में पुलिस का बड़ा एक्शन: गद्दी गैंग का सरगना आसिफ गाजी गिरफ्तार



**दुबग्गा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। कोतवाली दुबग्गा क्षेत्र में दर्ज लूट और मारपीट के मामले में वांछित चल रहे गद्दी गैंग के सरगना आसिफ गाजी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, 25 फरवरी 2026 को हुई इस वारदात में आरोपी और उसके साथियों ने एक घर में घुसकर पीड़ित के साथ मारपीट की थी। आरोपियों ने न सिर्फ नकदी छीनी बल्कि मोबाइल फोन भी लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी। उच्च स्तर पर मीडिया के द्वारा खबर प्रसारित किया गया था। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्कालदर्ज मुकदमे के वंचित अपराधी आसिफ गाजी को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान पहले ही गैंग के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। लेकिन मुख्य आरोपी फरार चल रहा था।लगातार दबिश और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 20 मार्च 2026 को आरोपी को दुबग्गा इलाके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक लोहे की रॉड बरामद हुई है। जिसका इस्तेमाल वारदात में किया गया था।पुलिस का कहना है कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी लंबा है और उस पर कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

## मंदिर निर्माण के लिए किया भूमि पूजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहिमामऊ में भव्य बजरंगबली मंदिर निर्माण का संकल्प को पूरा करने के लिए नवरात्रि पर शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। ग्रामीणों की माने तो कुछ समय पूर्व गांव में एक बंदर की मृत्यु हो जाने के पश्चात ग्रामवासियों ने उस स्थान पर बजरंग बली का भव्य मंदिर बनाने का संकल्प लिया था।इसी संकल्प को साकार रूप देने के लिए आज नवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे गांव के लोगों द्वारा विधि-विधान के साथ शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर पूजा-अर्चना की। इस मौके पर अमर सिंह शिंघा (काका), मंडल मंत्री भारतीय जनता पार्टी की भूमिका प्रमुख रही।इस साथ ही कार्यक्रम में रमाकांत द्विवेदी, गणेश सिंह, राम पाल सिंह, शिवकांत द्विवेदी, हरिशरण मिश्रा, दीपक द्विवेदी, मिश्रीलाल पाल, महेश पाल, राम कुमार कन्नौजिया, बाबा दीन, राम सेवक, राम सिंह, गिरजा शरण सिंह, ऋषेश प्रकाश अवस्थी, मनोज शुक्ला, संजय द्विवेदी, शिव शरण सिंह एवं अनुपम तिवारी शामिल रहे।

## गोसाईगंज ब्लॉक में टीचर्स व एसएमसी अध्यक्षों को दिया गया प्रशिक्षण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज ब्लॉक के सभागार में परिषदीय विद्यालयों के टीचर्स व एसएमसी अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गोसाईगंज के कर्मठ व कर्तव्यनिष्ठ खंड शिक्षा अधिकारी रामराज ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी रामराज ने एसएमसी के कार्य व दायित्व /गठन/बाल अधिकार/ विद्यालय विकास के बारे में सभी को विस्तार से बताया।प्रशिक्षण दाता मोहिंदर पांडे, उमेश चंद पांडे, मीना सिंह, योगेश कुमार वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक अत्यंत उपयोगी कार्यक्रम है जो मौजूदा प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है।

## जयपुरिया स्कूल मे 24 से 27 मार्च तक खुलेगी कला प्रदर्शनी मास्करेड ऑफ आर्ट



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में रचनात्मकता का सुंदर माहौल देखने को मिल रहा है। स्कूल की वार्षिक कला प्रदर्शनी ॉमास्करेड ऑफ आर्टङ्क 24 मार्च से 27 मार्च तक आम जनता के लिए खोली जा रही है।इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 18 मार्च को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रसिद्ध कलाकार और कला समीक्षक डॉ. अवधेश मिश्रा रहे। उन्होंने छात्रों के काम की सराहना की और इस आयोजन की महत्ता बढ़ाई।इस मौके पर कथकली के सुंदर मुखौटे, जनजातीय कला और आधुनिक पश्चिमी डिज़ाइन एक साथ प्रदर्शित किए गए हैं जिसमे वारली पेंटिंग, प्राकृतिक दृश्य, अमूर्त चित्र और भावपूर्ण पोर्ट्रेट्स भी आकर्षण का केंद्र रहे।कक्षा 8 की छात्रा शैला द्वारा बनाया गया एक बड़ा भित्ति चित्र (म्यूरल) , लोगो के लिए आकर्षण केंद्र रहा। इसमें पेंटिंग के साथ सिरेमिक काम भी किया गया है।प्रदर्शनी की हर कलाकृति अपनी एक अलग कहानी कहती है। प्रदर्शनी में प्रवेश नि:शुल्क है। परिवार, बच्चे, अभिभावक और कला प्रेमी सभी आमंत्रित हैं।

# महिला व बच्चे से जबरदस्ती का विरोध पड़ोसी को पड़ा भारी, आरोपियों ने कुल्हाड़ी से किया हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनी नगर, लखनऊ। इलाके में बीते दिनों एक महिला और बच्चे से की जा रही जबरदस्ती का विरोध करना पड़ोसियों को भारी पड़ गया। आरोपियों ने महिला व बच्चे को छोड़कर विरोध कर रहे पड़ोसियों पर टूट पड़े, आरोप है कि आरोपियों द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया जिससे दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है जांच पड़ताल की जा रही है। घटना के अनुसार राजन यादव पुत्र स्व0 राम गुलाम यादव निवासी ग्राम गौरी सरोजिनी नगर ने बताया कि दिनांक 18-03-2026 को रात्रि लगभग 10.00 बजे वह अपने आफिस पर बैठे थे तभी आफिस के बगल में एक महिला और बच्चे के रोने की चीख सुनकर उन्होंने साथी संदीप यादव व आनन्द सिंह के साथ इंसानियत के नाते दौडकर बाहर देखा तो शिवप्रकाश द्विवेदी के घर पर एक चार पहिया वाहन UP32QR5634 से व एक मोटर साइकिल से अज्ञात छः सात लोग एक महिला व बच्चे से जबरदस्ती कर रहे थे। संदीप यादव बच्चे के बचाने के लिये दौडे तो उक्त अज्ञात लोगो ने संदीप के सिर पर कुल्हाडी से हमला कर दिये, आनन्द सिंह पर भी हमला करके गम्भीर रुप से घायल कर दिया। राजन के अनुसार मेरे शोर मचाने से उक्त लोग गालियाँ देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घटना स्थल से उक्त अज्ञात लोगो के दो मोबाइल और एक कुल्हाडी मौके से बरामद हुई है तथा एक अज्ञात व्यक्ति मौके से पकडा गया है। प्रार्थी उक्त घटना से बहुत डरा एवं सहमा हुआ है उक्त घटना को अंजाम शिवप्रकाश द्विवेदी के परिवारिक विवाद के चलते परिवार के किसी सदस्य द्वारा करायी गयी है। पीड़ित द्वारा आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।

# सरकारी जमीन पर चला प्रशासन का बुलडोजर, करोड़ों का अवैध निर्माण ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।नरौना गांव स्थित द्वारिकापुरी कॉलोनी में नगर निगम की खसरा संख्या 517 पर रातों-रात किए गए अवैध पक्के निर्माण को शुक्रवार को प्रशासन ने अपना बुलडोजर चलाकर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया।

इस कार्रवाई से इलाके के अवैध कब्जाधारियों में बड़ा हड़कंप मचा हुआ है।करोड़ों की जमीन पर था 'सियासी' साया।जानकारी के अनुसार ध्वस्त की गई सरकारी जमीन की कीमत कई करोड़ आंकी जा रही है।आरोप है कि एक सपा नेता के करीबी और जो बीजेपी के भी एक बड़े नेता जी के बहुत क़रीबी माने जाते है,उनके ही रसूख के बल पर इस कीमती जमीन को हथियाने की कोशिश की थी।स्थानीय लोगों की शिकायत और मीडिया में खबर आने के बाद प्रशासन हरकत में आया।शुक्रवार तड़के भारी पुलिस बल के साथ पहुंची राजस्व टीम ने मौके पर अवैध रूप से खड़े किए गए पक्के ढांचों को जमींदोज कर दिया।साथ ही स्थानीय लेखपाल और पार्षद पति की भूमिका की जांच के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए।इस जमीन घोटाले में केवल बाहरी कब्जाधारी ही नहीं,बल्कि सरकारी तंत्र की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है।प्रशासन ने क्षेत्रीय लेखपाल और स्थानीय पार्षद की मिलीभगत के आरोपों को गंभीरता से लिया है।जांच के दायरे में भू-अभिलेखों में हेराफ़ेरी और अवैध निर्माण को मौन सहमति देने के आरोपों की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है।जवाबदेही शासन ने स्पष्ट किया है कि यदि मिलीभगत साबित होती है,तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नरौना में हुई कार्रवाई तो बस शुरुआत है। खसरा संख्या 517 को लगभग कब्जा मुक्त करा लिया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय वन दिवस : 21 मार्च को मुख्यमंत्री करेंगे कार्यशाला का शुभारम्भ, जुटेंगे देश के वरिष्ठ वनाधिकारी

❒ विगत 9 वर्षों में 243 करोड़ से अधिक पौधे रोपित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में विगत 09 वर्षों में व्यापक जन सहभागिता व अन्तर्विभागीय समन्वय से 243 करोड़ से अधिक पौधे रोपित किए गए हैं।

वृहद स्तर पर वृक्षारोपण, वन सुरक्षा व वन विस्तार के परिणाम स्वरूप प्रदेश के वनावरण व वृक्षावरण में वृद्धि प्राकृतवास में सुधार तथा राष्ट्रीय पशु बाघ, राष्ट्रीय धरोहर हाथी, राष्ट्रीय/जलीय जीव डॉल्फिन, राज्य पक्षी सारस व गिद्धों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस 21 मार्च को उत्तर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वन दिवस पर उत्तर प्रदेश कैम्प द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला अरण्य समागम राष्ट्रीय वानिकी संवाद का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री 21 मार्च को प्रातः दस बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में कार्यशाला का शुभारम्भ करेंगे। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि प्रदेश के वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना तथा वन राज्यमंत्री के0 पी0 मलिक, प्रमुख सचिव पर्यावरण, वी. हेकाली झिमोमी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी हैं। एक दिवसीय कार्यशाला में सम्पूर्ण देश से आये वरिष्ठ वनाधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। वन एवं अर्थव्यवस्थाएं विषयवस्तु पर आधारित कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में देश के विभिन्न प्रदेशों में वानिकी के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों व अभिनव प्रयासों, वन प्रबन्ध का आधुनिकीकरण तथा डिजिटलीकरण, वन क्षेत्र के निकटवर्ती क्षेत्रों में मानव वन्यजीव संघर्ष नियंत्रित करने हेतु उपायों तथा वनीकरण व वन्यजीव संरक्षण के लिए कैम्पा से प्राप्त धनराशि का प्रभावी उपयोग विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। वन, वन्यप्राणी, वृक्ष, वेटलैण्ड्स सहित समस्त प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवन के अभिन्न अंग है। हमारे वन न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है अपितु अर्थव्यवस्था तथा निर्धन, निर्बल व वंचित वर्गों के लिए आजीविका के साधन, ईंधन प्रकोष्ठ विभिन्न उद्योगों के लिए कच्चा माल तथा ईको-पर्यटन गतिविधियों के प्रमुख केन्द्र भी हैं। इन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों के कारण वन हमारी अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ आधार भी है। इस दृष्टि से अन्तरराष्ट्रीय वन दिवस 2026 की विषयवस्तु वन एवं अर्थव्यवस्थाएँ अत्यन्त प्रासंगिक है। वन आधारित उद्योग प्रदेशवासियों को आजीविका व रोजगार के संसाधन उपलब्ध करवा रहे हैं। हमारी सरकार द्वारा वनाधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने हेतु नियमों का सरलीकरण, कानून व्यवस्था सुदृढ़ कर उद्यमियों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध करवाने तथा वनाधारित उद्योगों को कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के परिणामस्वरूप विगत 09 वर्षों में प्रदेश में 2467 से अधिक वनाधारित उद्योग स्थापित हुए है।

प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस तथा वन महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण रेन वाटर हारवेस्टिंग, प्लास्टिक मुक्त परिवेश आदि विषयों पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास और वीडियो वायरल करने के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां,लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय नाबालिग के साथ छेड़छाड़, मारपीट और उसका अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन युवकों के खिलाफ बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साजिश के तहत खेत पर बुलाया

घटना 12 मार्च की है। पीड़िता के अनुसार, वह पड़ोस की दुकान पर सामान लेने गई थी, तभी आरोपी नितिन लोधी ने उसे झूठ बोलकर खेत पर भेजा कि वहां जानवर चर रहे हैं। जब वह खेत पहुंची, तो वहां पहले से मौजूद नितिन, दयानंद और शिवम ने उसे घेर लिया।

### वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल का प्रयास

आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता के साथ गलत काम करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान आरोपी दयानंद ने पीड़िता का वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। डर के कारण पीड़िता ने शुरू में किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन 17 मार्च को आरोपियों ने वह वीडियो इंटरनेट पर वायरल कर दिया।

### पुलिस की कार्रवाई

वीडियो सामने आने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने इस मामले में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## लखनऊ में पति-पत्नी और बेटे ने जहर खाया, मां-बेटे की मौत

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दंपति और बेटे ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस और फोरेंसिक की टीम को जांच के दौरान मृतक बेटे की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम नीवा निवासी रूप नारायण होटल चाय का होटल चलाकर पत्नी तारावती (50), बेटा संदीप और कुलदीप का जीवन यापन करता है। होटल के पास में ही पान की दुकान रखकर घर खर्च चलाने में संदीप पिता की मदद करता था। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि रूप नारायण उनकी पत्नी तारावती और बेटे संदीप ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने संदीप और उसकी मां तारावती को मृत घोषित कर दिया। रूपनारायण का इलाज किया जा रहा है।

# सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर लगाई प्रदर्शनी

❑ प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया उद्घाटन, गिनाई उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह के प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। यह प्रदर्शनी 26 मार्च 2026 तक लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी का पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने फीता काटकर उद्घाटन किया और प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न विभागों स्टॉलों का अवलोकन किया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने दिव्यांगजन विभाग के लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, कृषि विभाग के लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाबी तथा निःशुल्क बीज और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 02 लाभार्थियों को चेक वितरित किए। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 59 समूहों को सीआईएफ के रूप में 88.50 लाख रुपये तथा बीआरएफ के तहत 75 लाख रुपये के 02 चेक दिए। इसके अलावा बाल विकास विभाग के तीन लाभार्थियों की गोद भराई कराई तथा 02 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। साथ ही जनपद के महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया है। यह सरकार आमजन के हित के बारे में सोचती व करती है। प्रदेश सरकार के 09 वर्ष सुनहरे वर्ष रहे हैं। सरकार ने सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में शत- प्रतिशत कार्य किया है। इस दौरान सांसद अरुण कुमार सागर, पुवायां विधायक चेतराम, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, नगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र, सीडीओ अपराजिता सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत की जनगणना के तहत तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। भारत की जनगणना के तहत सेंट पॉल इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार ने कहा कि जनपद में कुल 104 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। प्रथम चरण में 40-40 प्रशिक्षुओं के दो बैचों को 20, 21 एवं 22 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

द्वितीय चरण में शेष 24 प्रशिक्षुओं को 23, 24 एवं 25 मार्च को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं है, बल्कि इससे प्राप्त आंकड़ों का उपयोग विभिन्न मंत्रालयों द्वारा नीतिगत योजना निर्माण, विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने तथा सामाजिक, आर्थिक एवं भौगोलिक संरचनाओं के आकलन में किया जाएगा। यह जनगणना पूर्णतः डोर-टू-डोर पद्धति से संपन्न की जाएगी, जिससे कोई भी परिवार अथवा व्यक्ति गणना से वंचित न रहे। कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए, कोई भी भू-भाग, भवन अथवा एकल संरचना गणना से छूटनी नहीं चाहिए तथा प्रत्येक मकान की गणना अनिवार्य रूप से की जाए। संपूर्ण जनगणना कार्य डिजिटल माध्यम से गूगल मैप्स के सहयोग से किया जा रहा है तथा एचएलबी के माध्यम से सभी क्षेत्रों का कवरेज किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान 34 प्रकार की प्रश्नावली के विकल्पों का विस्तारपूर्वक समझाया जा रहा है, जिससे डाटा संकलन में एकरूपता एवं शुद्धता बनी रहे। कहा कि यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

# मंडल रेल प्रबंधक ने भटनी एवं सलेमपुर रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी आशीष जैन ने अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज 20 मार्च,2026 को भटनी एवं सलेमपुर रेलवे स्टेशनों एवं भटनी-मऊ रेल खण्ड दोहरीकरण योजना अंतर्गत सलेमपुर-लार रोड स्टेशनों के मध्य चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया।

मंडल रेल प्रबंधक जैन ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भटनी जं रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पैदल उपरिगामी पुल,प्लेटफार्मो की सरफ़ेस और यात्री शेड के विस्तार,सर्कुलेटिंग एरिया के विकास,स्टेशन भवन के निर्माण,फसाड के सुधार,पोर्च निर्माण,ग्रीन पार्क का विकास,आगमन एवं प्रस्थान कोनकोर्स समेत दोनों द्वार के विकास का निरीक्षण किया और सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया ।इस दौरान उन्होंने रेलवे कर्मचारियों की सुविधा हेतु भटनी के मनोरंजन कक्ष का निरीक्षण कर उसके जीर्णोद्धार हेतु कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया तथा कार्य योजना के अनुरूप शीघ्र सुधार कार्य आरंभ कर मनोरंजन कक्ष को दोबारा रेलवे कर्मचारियों के उपयोग हेतु खोले जाने का निर्देश दिया । इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण भी किया और स्वास्थ्य केंद्र को वर्तमान स्थल से स्थानांतरित कर पुरानी आर आर आई भवन में स्थापित करने का निर्देश भी दिया । इसी क्रम में उन्होंने भटनी जं के एकीकृत क्रू रनिंग रूम, भटनी जं यार्ड में पॉइंट्स सं 490 इ ।उ का पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग तथा भटनी यार्ड में समपार संख्या 116 स्पेशल का का संरक्षा निरीक्षण किया और गेट मैन श्री अमित कुमार का संरक्षा ज्ञान परखा । भटनी जं में स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक का निरीक्षण किया एवं बैरेक में सुरक्षा बल के जवानो को मिलने वाली सुविधाओं का संज्ञान लिया तथा भटनी जं रेलवे स्टेशन की आवासीय रेलवे कालोनी का निरीक्षण किया और रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को होने वाली समस्याओ का संज्ञान लिया । इसके उपरान्त मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों व्यापक निरीक्षण किया और पैदल उपरिगामी पुल,प्लेटफार्म,फसाड ,सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग,प्रतीक्षालय आदि यात्री सुविधा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसी क्रम में उन्होंने सलेमपुर-लार रोड स्टेशनों के मध्य चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण कार्यों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोहरीकरण कार्यों की प्रगति, कार्य की गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा में कार्य की पूर्णता आकलन किया।

## गर्मी से पहले जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश, डीएम ने जल जीवन मिशन योजनाओं की समीक्षा की

सीतापुर । जिलाधिकारी राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पूर्ण की जा चुकी योजनाओं एवं निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि संचालित समस्त योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। पाईप लाइन डालने हेतु क्षतिग्रस्त हुयी सड़कों का पुर्नस्थापन का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये। पुर्नस्थापन कार्य में मानकों का विशेष ध्यान रखा जाये तथा इसकी नियमित रूप से संबंधित अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता की जांच भी की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आगामी गर्मी के मौसम के दृष्टिगत सभी योजनाओं में निरन्तर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण ए0के0 त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# यूपी में पिछले एक वर्ष में लगभग 4000 मेगावाट विद्युत की अतिरिक्त बढ़ोतरी : ए के शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि राज्य में पिछले एक वर्ष में करीब 4000 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता जोड़ी गई है, जबकि 5000 मेगावाट से अधिक नई क्षमता स्थापित करने की दिशा में काम चल रहा है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्बारा आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में श्री शर्मा ने ऊर्जा क्षेत्र में उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में तेजी से अग्रणी राज्य बनता जा रहा है। राज्य सरकार उपभोक्ताओं को सस्ती, सतत और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए लगातार उच्च मानकों पर कार्य कर रही है। बीते वर्ष प्रदेश ने देश की सर्वाधिक पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया और इस वर्ष उससे अधिक मांग को पूरा करने की तैयारी है।सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत उत्तर प्रदेश देश में प्रतिदिन सोलर इंस्टॉलेशन में पहले स्थान पर है। साथ ही यूटिलिटी स्केल सोलर पार्क, पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी) और बैटरी स्टोरेज सिस्टम पर तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिससे भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को स्थायी रूप से पूरा किया जा सके।ग्रीन एनर्जी पहल पर उन्होंने बताया कि ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-2 में उत्तर प्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-3 परियोजना को जल्द स्वीकृति देने का आग्रह किया गया है।शर्मा ने कहा कि प्रदेश के पावर प्लांट्स 85 फीसद के उच्चतम पीएलएफ पर संचालित हो रहे हैं और वितरण हानियों में उल्लेखनीय कमी आई है। करीब 20 फीसद उपभोक्ताओं के यहां प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिला है।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल रंग लाई चैती मेला को मिला 'भव्यता' का बूस्टर

❑ पर्यटन विभाग से 40 लाख की मंजूरी, सजावट-रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नए अंदाज में चमकेगा मेला

❑ चेयरमैन ने डीएम का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। आस्था, परंपरा और उत्सव के संगम छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के ऐतिहासिक चैती मेला-2026 को इस बार भव्यता का नया आयाम मिलने जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की दमदार पहल और शासन स्तर पर मजबूत पैरवी रंग लाई है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने मेले के आयोजन के लिए 40 लाख रुपये की धनराशि मंजूर कर दी है।

यह राशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद लखीमपुर खीरी को जारी की गई है, जिससे मेले की व्यवस्थाएं अब और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और दर्शनीय होंगी। बताया जा रहा है कि इस फंड से मेले में सजावट, प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। हर साल लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने वाला यह मेला इस बार धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के संगम के रूप में और भी चमकेगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की इस पहल को जिले में विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। प्रशासन की मंशा है कि चैती मेला-2026 को न केवल भव्य बनाया जाए, बल्कि इसे प्रदेश के प्रमुख आयोजनों में शामिल कर एक नई पहचान दी जाए।

## चैती मेले को दिव्य-भव्य बनाने की तैयारी तेज

ऐतिहासिक चैती मेले को इस बार भव्य और यादगार बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में अहम बैठक कर तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस बार मेला अपने आयोजन, व्यवस्था और आकर्षण तीनों में अलग पहचान बनाए। पर्यटन विभाग से मिले 40 लाख रुपये के बजट को लेकर डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर खर्च नियमों के तहत हो, लेकिन गुणवत्ता और भव्यता में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि यह मेला सिर्फ आयोजन नहीं, जिले की पहचान है, इसलिए हर व्यवस्था में 'परफेक्शन' दिखना चाहिए। डीएम ने आयोजन के लिए आवंटित 40 लाख रुपये की धनराशि के सदुपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की कमान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को सौंपी गई है, जिन्हें अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम गोला, पीडी-डीआरडीए, पर्यटन अधिकारी और ईओ गोला को भी समिति में शामिल किया गया है। बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका विजय शुक्ला रिंकू, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, ईओ प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे सहित इस आयोजन से जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारी मौजूद रहे।

## चैती मेला-2026: 40 लाख की मंजूरी पर अध्यक्ष ने डीएम को जताया आभार

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ विजय शुक्ला रिंकू ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात कर पर्यटन विभाग द्वारा 40 लाख रुपये की मंजूरी पर आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस धनराशि से चैती मेला-2026 की सजावट, रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम और भव्य बनाए जाएंगे।

## वृहद रोजगार मेले में 1756 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, 1040 हुए शॉर्टलिस्ट

सीतापुर। जनपद में रोजगार मेले का आयोजन, सैकड़ों युवाओं को मिली नौकरी की उम्मीदसीतापुर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन 2026 के अन्तर्गत दिनांक 20 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन प्रांगण श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी अहमदनगर कसरैला रोड सीतापुर में किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 30 बाहरी कम्पनियों ने प्रतिभाग किया और जनपद सीतापुर की सात 07 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में कुल 1756 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से कुल 1040 बेरोजगारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। मेले में माननीय नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू जी ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवल के साथ मेले का शुभारम्भ किया और माननीय एम0एल0सी पवन कुमार सिंह चौहान ने अपना प्रमुख योगदान प्रदान किया, जिसमें उन्होंने नियोजकों को सम्मानित किया और जिला सेवायोजन अधिकारी राहुल गोंड एवं सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी रोहित वर्मा को रोजगार मेले हेतु आवश्यक निर्देश दिये तथा सफल रोजगार मेला आयोजन हेतु आभार एवं प्रशंसा की।

## विद्युत योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश, डीएम ने समीक्षा बैठक में दिए सख्त आदेश

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग में संचालित योजनाओं एएमआईएसपी (एडवांस मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर), आरडीएसपी आदि की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर मानकों के अनुसार समस्त कार्य समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धीमी प्रगति वाली योजनाओं की प्रगति में सुधार किया जाये। विद्युत बिलों की वसूली लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा सुधारात्मक कार्य समय से किये जायें। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये गये कार्यों की नियमित रूप से जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत बिलों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियन्ता विद्युत ललित कृष्ण सहित सभी अधिशासी अभियन्ता, अवर अभियन्ता, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी सिटी ने विवेचनाओं के निस्तारण व आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा की



**शाहजहांपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन में एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने सीओ सिटी पंकज पंत की उपस्थिति में नगर क्षेत्र के समस्त चैकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की और लंबित विवेचनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित को निर्देशित किया। कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। जिससे आमजन की समस्याओं का जल्द समाधान हो सके। एसपी सिटी ने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण में तथ्यों का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए विधिक प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अभिलेखों के नियमित अद्यतन, लंबित मामलों की सतत निगरानी एवं गुणवत्ता पूर्ण विवेचना पर विशेष बल दिया। साथ ही कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, जनसुनवाई को प्रभावी बनाने तथा पुलिस–जन सहयोग को और मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

# छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के गुर हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैमिषारण्य। नैमिषारण्य कस्बा स्थित श्री अखण्ड आचार्य स्वामी अचिंत्यानंद कॉलेज में शुक्रवार को 'मिशन शक्ति' अभियान के चरण 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस टीम ने छात्राओं को प्रदेश सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी। उप निरीक्षक प्रशांत सिंह ने बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में छात्राएं वीमेन पावर लाइन 1090 , 112 पुलिस सहायता 112 ,महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का उपयोग कर सकती हैं। इसके अलावा साइबर अपराधों से बचाव के लिए 1930 और सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए 1076 टोल फ्री मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी गई। टीम ने छात्राओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा और यौन उत्पीड़न जैसे अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुलिस टीम से कांस्टेबल राहुल शर्मा, सखिन सिंह और महिला कांस्टेबल पूजा सक्सेना सहित अन्य मौजूद रहे।

# सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड, गिनाई उपलब्धियां

❑ नौ साल में यूपी ने किया कमाल, रोजगार और जनकल्याण में रिकॉर्ड बढ़ोतरी: प्रभारी मंत्री




लखीमपुर खीरी। प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ साल पूरे होने पर आईटीआई ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

परिषदीय विद्यालय राजापुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को मनोहारी बनाया। इसके बाद प्रदेश सरकार की विकास पुस्तिका आमजन में वितरित की गई।*नौ साल में यूपी ने किया कमाल, रोजगार और जनकल्याण में रिकॉर्ड बढ़ोतरी: प्रभारी मंत्री*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अपने 09 वर्ष के कार्यकाल में गरीब कल्याण, युवा एवं महिला सशक्तिकरण, अन्नदाता और किसानों को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। नवनिर्माण के इन नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और रोजगार के अवसर बढ़े। प्रदेश ने ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी पहचान बनाई और देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान दिया। सरकार ने प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के लिए जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारा। बिना किसी भेदभाव के प्रदेश को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी तक पहुंचाने में सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।मंत्री ने कहा कि लगातार 09 साल प्रदेश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने का काम हुआ है। जनता का विश्वास और आशीर्वाद प्रदेश की विकास यात्रा का आधार हैं। सरकार ने असंभव को संभव बनाया। मोदी है तो मुमकिन है, योगी है तो यकीन है। उन्होंने केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश में आज कानून का राज है, जहां जनमानस सुरक्षित महसूस कर रहा है। आज उप्र की कानून व्यवस्था की मिसाल पूरे भारत में दी जाती है। प्रशासन योजनाओं के बेहतर क्रियावयन करते हुए इसे जनमानस तक पहुंचाने में प्रतिबद्धता से काम कर रहा है। उन्होंने जनमानस के बीच योजनावार आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियां गिनाई। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि नवनिर्माण के इन 09 वर्षों में प्रदेश विकास की उदाहरण बनकर उभरा है। जिले और उनकी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की कीर्तिमान उपलब्धियों को जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया। जिले में डीएम, सीडीओ के नेतृत्व में विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि.–।।/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे, चारबाग लखनऊ–226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई–निविदा एक पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | JR RPF अकादमी, लखनऊ में अधिकारियों के हॉस्टल, बैरक, शस्त्र भंडार और शॉर्ट फायरिंग रेंज आदि जैसी मौजूदा अवसंरचना के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए टेलिकॉम कार्य और CPM/Const., लखनऊ कार्यालय में विविध टेलिकॉम कार्य। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 09 (नौ) महीने (स्वीकृती पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु.2,49,19,193.22 (रुपये दो करोड़ उनचास लाख उन्नीस हजार एक सौ तिरानवे और पैसा बाईस केवल) |
| 4 | निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है। |
| 5 | ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | 15.04.2026 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी **www.ireps.gov.in** पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई–टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 15.04.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | विस्तृत ई–टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर 24.03.2026 से 15.04.2026 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई–टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम – 2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्या:- 287–सिग/सी.–II/लखनऊ/निविदा/04/25
दिनांक: 24.03.2026
969/26

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# डीएम,एसएसपी ने ईद के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, दिये आवश्यक निर्देश

❒ सभी त्योहार परंपरागत तरीके से मनाए जाए, कोई भी नई परंपरा ना डाली जाए

❒ कानून व शांति व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः जिलाधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। आगामी ईद-उल-फितर के मद्देनजर जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने व विभिन्न पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने संयुक्त रूप से ईदगाह शम्सी और ईदगाह शेखूपुर का दौरा किया। डीएम ने कहा कि सभी त्योहार परंपरागत तरीके से मनाए जाए, कोई भी नई परंपरा ना डाली जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से सजग व सक्रिय है। उन्होंने कहा कि जनपद में सभी त्योहार परस्पर प्रेम व भाईचारे के साथ मनाए जाते रहे हैं। किसी को भी माहौल बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। कानून व शांति व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है ,इससे किसी को भी खिलवाड़ करने नहीं दिया जा सकता।डीएम ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है, किसी भी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को त्यौहार के दृष्टिगत धार्मिक स्थलों पर की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि त्योहार के दिन वह सभी सजग व सक्रिय रहे।

निरंतर भ्रमणशील रहे तथा आमजन से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करें तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निदान कराया जा सके। इस अवसर पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक,अवैध जमाखोरी रोकने के लिए चलाया सघन चेकिंग अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया शहर के सभी रेस्टोरेंट एवं व्यावसायिक संस्थान घरेलु सिलेंडरों का उपयोग न करे, दो पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी

बदायूं। जिला पूर्ति विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग, कालाबाजारी और अवैध जमाखोरी को रोकने के लिए सघन गैस चेकिंग अभियान चलाया। पूर्ति विभाग की विशेष टीमों द्वारा गैस गोदाम, होटलों और रेस्टोरेंट्स में छापेमारी की गई।

वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडरों की सुचारू रूप से आपूर्ति कराये जाने के उददेश्य से जनपद में स्थित विभिन्न गैस एजेंसियों की पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को नगर क्षेत्र उझानी स्थित मैं उझानी इंडेन गैस उझानी एवं मैं फतेह पाल इंडेन गैस सर्विस, उझानी एवं बदायूं,उझानी रोड स्थित सिंह हवेली रेस्टोरेन्ट पर आकस्मिक छापेमारी की। उन्होंने गैस गोदाम पर उपस्थित उपभोक्ताओं से पूछताछ की गई। उपभोक्ताओं द्वारा बुकिंग के दो दिन बाद गैस सिलेंडर प्राप्त होने के संबंध में अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान मैं उझानी इंडेन गैस पर एजेंसी 603 एवं मैं फतेहपाल गैस एजेंसी पर 483 घरेलू गैस सिलेंडरों का स्टॉक मौजूद मिला। जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। छापेमारी के दौरान रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि संबंधित प्रतिष्ठान मालिक को निर्देशित किया गया है कि किसी भी दशा में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग न करें तथा प्रतिदिन कामर्शियल सिलेंडरों की आवश्यकता के संबंध में बताया ताकि तदनुसार संबंधित तेल कंपनी से समन्वय स्थापित कर कामर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराये जा सकें।

# अजय का प्रशासन में था दबदबा, प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई न होना, बना चर्चा का विषय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके परिवार की सैजनी गांव स्थित 26 दुकानों को दातागंज तहसील प्रशासन ने सील कर दिया है। अब इनके ध्वस्तीकरण से लेकर इनको जरूरतमंदों को आंवटित करने आदि प्रक्रिया पर विचार चल रहा है।

इसी के चलते बीते तीन दिनों से बुलडोजर की कार्रवाई नहीं हो सकी है। आपको बता दें कि एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों के हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह की स्थानीय पुलिस के साथ ही तहसील प्रशासन में भी गहरी पैठ थी। इन बातों का खुलासा इसके सामने आए साम्राज्य से हो चुका है। सरकारी जमीन पर मकान व दुकानों का निर्माण, ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जा, जमीनों की खरीद-फरोख्त से लेकर सरकारी आवास का भी लाभ आरोपी ने खुद अपनी पत्नी के नाम ले रखा था। इन सब का खुलासा होने के बाद अभी तक प्रशासनिक स्तर पर किसी भी जिम्मेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई न होना भी चर्चा का विषय बन रहा है। पुलिस की लापरवाही सामने आई है तो एसएसपी से लेकर सीओ, एसओ व दरोगा को हटाया जा चुका है। लेकिन पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी घटना को लेकर बराबर के दोषी है। हालांकि एसआईटी जांच में दोषी अधिकारी व कर्मचारियों के नाम सामने आने के बाद उन पर शिकंजा कसना तय माना जा रहा है। वहीं आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके परिवार की सैजनी गांव स्थित 26 दुकानों को दातागंज तहसील प्रशासन ने सील कर दिया है। अब इनके ध्वस्तीकरण से लेकर इनको जरूरतमंदों को आंवटित करने आदि प्रक्रिया पर विचार चल रहा है। इसी के चलते बीते तीन दिनों से बुलडोजर की कार्रवाई नहीं हो सकी है। वहीं सैजनी में सरकारी जमीन पर आरोपी अजय प्रताप सिंह के परिवार वाले अवैध तरीके से बाजार लगवाकर धन उगाही करते थे। बुधवार को एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र सिंह ने इसे बंद करवा दिया था, लेकिन इस मामले में रिपोर्ट नहीं दर्ज हो सकी है। जबकि एसडीएम ने रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही थी। वहीं सैजनी गांव में आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके परिवार की जो 26 दुकानें चिन्हित कर सील की गई है उसी मार्केट में घर में एक बैंक भी चल रहा है। बृहस्पतिवार को बैंक खुली तो कामकाज हुआ, लेकिन दुकानों के ध्वस्तीकरण को लेकर बैंक का संचालन आगे कहां होगा यह अभी तय नहीं हो सका है। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई न होना एक चर्चा का विषय बना हुआ है।

## गैस सिलेंडर लेने जा रहे हैं बाइक सवार युवक की मौत

बदायूं। गैस सिलेंडर लेने जा रहे बाइक सवार युवक को डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, पिता की हालत खराब, कस्बा अलापुर में शराब के ठेके के पास गांव सढोमई निवासी सोनू (25) बाइक से गैस सिलेंडर लेने जा रहा था तभी डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया, पुलिस कर्मियों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, पिता भीमसेन बेटे की मौत का सदमा सहन नहीं कर पाए और अस्पताल से बाहर सड़क की ओर दौड़ पड़े, जहां उन्होंने वाहन के आगे कूदने का प्रयास किया, मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़कर शांत कराया और काफी देर समझाया, बेटे की मौत से मां और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस ने 19 गुम मोबाइल बरामद कर स्वामियों को लौटाया



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले की जिगना पुलिस ने खोए 19 मोबाइल फोन बरामद कर शुक्रवार को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली और उन्होंने पुलिस टीम का आभार जताया।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि थाना जिगना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों से गुम हुए 19 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया। इसके बाद सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को विधिवत सौंप दिए गए। मोबाइल वापस पाने वाले लोगों ने थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारियों व टीम के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान पुलिस ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं या यूपीसीओपी एप के माध्यम से ई-एफआईआर दर्ज करें। साथ ही सलाह दी गई कि मोबाइल गुम होने पर उसमें लगी सिम को तुरंत बंद कराकर उसी नंबर का नया सिम निकलवा लें। इसके अलावा गूगल पर सीइआईआर (संचार साथी) पोर्टल पर जाकर मोबाइल का विवरण दर्ज कर आईएमईआई नंबर ब्लॉक कराएं, जिससे मोबाइल के दुरुपयोग को रोका जा सके। इस अभियान में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह व साइबर टीम थाना जिगना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ईद-उल-फितर अवकाश के चलते 23 मार्च को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में मार्च माह का तृतीय शनिवार 21 मार्च 2026 को पड़ने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 23 मार्च (सोमवार) को आयोजित किया जाएगा। यह परिवर्तन ईद-उल-फितर के सार्वजनिक अवकाश के कारण किया गया है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने दी है।जिलाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, शासन के पूर्व निर्देशों के तहत यदि निर्धारित तिथि पर अवकाश होता है तो कार्यक्रम अगले कार्यदिवस पर सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में 21 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रम अब अगले कार्यदिवस 23 मार्च (सोमवार) को होगा। प्रशासन ने सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 23 मार्च को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

## पूर्ति विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेण्डरों की सुचारू रूप से आपूर्ति कराये जाने के उददेश्य से जनपद में स्थित विभिन्न गैस एजेन्सियों की पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से निरन्तर जाँच करायी जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को नगर क्षेत्र उझानी स्थित मै0 उझानी इण्डेन गैस उझानी एवं मै0 फतेह पाल इण्डेन गैस सर्विस, उझानी एवं बदायूँ उझानी रोड स्थित सिंह हवेली रेस्टोरेन्ट पर आकस्मिक छापेमारी की। उन्होंने गैस गोदाम पर उपस्थित उपभोक्ताओं से पूछताछ की। उपभोक्ताओं द्वारा बुकिंग के दो दिन उपरान्त गैस सिलेण्डर प्राप्त होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान मै0 उझानी इण्डेन गैस एजेन्सी पर आज कुल 603 एवं मै0 फतेहपाल इण्डेन गैस एजेन्सी पर आज कुल 483 घरेलू गैस सिलेण्डरों का स्टॉक पाया गया। इस प्रकार जनपद में घरेलू गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। छापेमारी के दौरान रेस्टोरेन्ट में घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग किया जाना नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित प्रतिष्ठान मालिक को निर्देशित किया गया है कि किसी भी दशा में घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग न करें तथा प्रतिदिन कामर्शियल सिलेण्डरों की आवश्यकता के सम्बन्ध में अवगत कराये ताकि तदनुसार सम्बन्धित तेल कम्पनी से समन्वय स्थापित कर कामर्शियल सिलेण्डर उपलब्ध कराये जा सकें।

## जामा मस्जिद पर नमाज पढ़ने गए युवक की साइकिल चोरी, चोर कमरे में कैद

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बा बिल्सी के मोहल्ला नंबर एक में स्थित जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने आये युवक की साईकिल चोरी, सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुआ चोर, वहीं पुलिस चोर की तलाश कर रही है वहीं पुलिस सीसीटीवी को आधार चोर की तलाश कर रही है।

## पव्वा पीकर टावर पर चढ़ा युवक

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर बिलहरी में शराब के नशे में ओमपाल कश्यप टॉवर पर चढ़ गया, सूचना मिले ही मौके पर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह पहुंचे, उसको समझा कर वह मुश्किल नीचे उतर गया, वही प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि युवक शराब के नशे में टावर पर चढ़ गया था, उसको नीचे उतरवा लिया गया है, समझ कर घर भेज दिया गया है।

## स्काउट-गाइड के सड़क सुरक्षा पोस्टर लखनऊ भेजे गए

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा 23-25 मार्च तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्य शाला के लिए बदायूं से पोस्टर व स्लोगन तैयार कर भेजे गए हैं। जिला संगठन कमिश्नर मुहम्मद असरार के नेतृत्व में तैयार पोस्टर एआरटीओ हरिओम को सौंपे गए, जिन्हें बरेली के रास्ते लखनऊ भेजा जाएगा। कार्यशाला में जिले से कई स्काउट-गाइड पदाधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

## डेकोरेटिव पोल लाइटों का हुआ उद्घाटन

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रथम नवरात्र एवं सनातन नव वर्ष पर नगर क्षेत्र चंदौसी की प्रकाश व्यवस्था को सुन्दर बनाए रखे जाने हेतु कैथल गेट पुलिया से लेकर रामबाग रोड तक डेकोरेटिव पोल लाइटों का उद्घाटन किया गया। कैथल गेट की पुलिया से लेकर रामबाग रोड पर प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने हेतु डेकोरेटिव पोल एवं लाइट लगाई गई है, जिससे रात्रि के समय राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों के लिए कठिनाइयों का सामना न करना पड़े एवं क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर किया जा सके। इस मौके पर सभासद गणों में नवकांत शर्मा, सचिन रस्तोगी, किशन प्रजापति, शाबाज खान, निशांत शर्मा, कपिल कुमार, लिपिक चंद्रमोहन, वर्ण वार्ष्णेय, ब्रजवाला वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, लवित वार्ष्णेय, क्षितिज गुप्ता, आकाश कुमार, मुकेश कुमार,रचना वार्ष्णेय, अरविंद कुमार, अनुज वार्ष्णेय, डीपी प्रधान सुभाष, विकास आदि लोग उपस्थित रहे। साथ ही पालिका अध्यक्ष एवं पालिका अध्यक्ष पति द्वारा डेकोरेशन पोल लगा रहे ठेकेदार को उत्कर्ष कार्य के लिए सम्मानित किया।

## युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में एक युवक ने शुक्रवार की शाम गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।पुलिस के मुताबिक आशीष रावत (28) निवासी हसियामऊ ने घर के अंदर कुंडे से गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर लिया। परिजन द्वारा लेकर मेदांता अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## बेमौसम बरसात से फसलों को क्षति,ठंड फिर लोटी

**फर्रूखाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले में सुबह से बदले मौसम के मिजाज ने किसानों की चिन्ता बढ़ा दी है- शुक्रवार को बेमौसम वर्षा संग हवा चलने से सरसों व गेहूं की फसलें प्रभावित हुई हैं। जिसे लेकर किसान परेशान हैं। जनपद में हुई बेमौसम बारिश और तेज हवा ने फसलो को प्रभावित किया है। जिससे किसानो की चिंता बढ़ गयी है,पकी हुई फसलें जमीन पर गिरने से उत्पादन में भारी गिरावट और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। प्रगतिशील किसान नारद सिंह का कहना है कि बारिश के साथ तेज हवा चलने से खेतों में पकी खड़ी सरसों झड़ गई है। वहीं दूसरी तरफ गेहूं की फसल भी गिर गई है, जिससे पैदावार कम होना तय हो गया है। वहीं दूसरी तरफ अचानक हुई बारिश से ठंड फिर लौट आई है, जिससे लोग गर्म कपड़े निकालने को मजबूर हो गए हैं। समाचार लिखे जाने तक आसमान में बादल छाए हुए हैं और तेज हवाएं चल रही है। जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जिले में और वर्षा हो सकती है तथा 40 किलोमीटर की गति से आंधी आ सकती है। ऐसे में लोग यदि घर से बाहर न निकलें तो ज्यादा अच्छा होगा। मौसम लगातार 7 दिन तक बिगड़ने की ।

# जुमा अलविदा पर जामा मस्जिद में उमड़ी भीड़, आबिद रज़ा ने गले मिलकर दी मुबारकबाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। जुमा अलविदा के मौके पर शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद शम्सी में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। इस पावन अवसर पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने मस्जिद पहुंचकर नमाज अदा की और नमाज के बाद लोगों से गले मिलकर जुमा अलविदा एवं आने वाली ईद की मुबारकबाद दी।

नमाज के उपरांत पूर्व मंत्री आबिद रज़ा द्वारा मस्जिद परिसर के बाहर एक विशेष कैंप लगाया गया, जहां नमाजियों का स्वागत किया गया। कैंप पर मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी से आपसी प्रेम और एकता बनाए रखने की अपील भी की। आबिद रज़ा ने कहा कि जुमा अलविदा रमजान के पवित्र महीने का आखिरी शुक्रवार होता है, जिसका विशेष महत्व है। यह दिन हमें त्याग, संयम और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने सभी को ईद की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार खुशियों और भाईचारे का प्रतीक है, जिसे सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए। इस मौके पर उनके साथ उनके पुत्र दय्यान रज़ा और अदान रज़ा भी मौजूद रहे, जिन्होंने लोगों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नगर के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी शामिल हुए।कैंप में सभासद अनवर खां, सभासद नवेद, सभासद मुशाहिद, सोहिल सिद्दीकी, सैय्यद आजम, फरहत अली, साजिद नेता जी, मोहम्मद मियां, भइये भाई, अफसर अली, छोटू, बब्लू रिजवान, कौसर अली, पप्पन पीरजी, फहीम खां, समर खान, फिरोज अंसारी, वसीम सैफी, बिलाल लोधी, वसीम सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# हत्या मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेजा, बाकी आरोपियों की तलाश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। कर्ज तले दबे एक युवक ने मरने से पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसने आरोप लगाया है कि शहर के तीन लोगों से कुछ रुपये कर्ज लिए थे। उसका तीन गुना ब्याज देने के बाद भी रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था।

मंगलवार को युवक ने तंग आकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। बुधवार को इलाज के दौरान बरेली में उसकी मौत हो गई। देर रात बरेली में शव का पोस्टमॉर्टम होने के बाद घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ढाक वाली ज्यारत के पास रहने वाले सोनू शर्मा (34 साल) पुत्र राजेश शर्मा मजदूरी करके अपना परिवार चलाता था। कुछ महीने पहले उसने शहर के कुछ लोगों से 50 हजार रुपये कर्ज लिया था। आरोप है कि कर्ज से तीन गुना ब्याज वह दे चुका है। इसके बाद भी आरोपी एक लाख रुपये की मांग कर उसको प्रताड़ित करते आ रहे थे। आरोप है कि युवक को तीन लोगों ने आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया। परेशान होकर उसने मंगलवार को विषाक्त पदार्थ खा लिया। इससे पहले उसने होशोहवास में एक वीडियो बनाया, जिसे विषाक्त खाने से पहले उसने सोशल साइड पर वायरल कर दिया। इसमें साफ सुनाई दे रहा है कि उसको इतना परेशान किया जा रहा था कि वह अब आत्महत्या कर रहा है। कहा कि एसएसपी महोदया इस मामले में आप कार्रवाई करना। वही इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया बताया कि मुकदमा पांचीकृत कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है, और अन्य आरोपियों की तलाश एवं दबिश दी जा रही है, जल्द ही उन आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# विनियमितिकरण नहीं हुआ तो 6 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना : वीरेंद्र कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कानपुर। 11 माह पहले जारी विनियमितिकरण के आदेश का आज तक अनुपालन नहीं हुआ, जिससे कर्मचारियों में गहरा रोष है और अब आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। छह अप्रैल से जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। लंबे समय से लम्बित मांगों को लेकर सीजनल अमीनों और अनुसेवकों ने कड़ा रुख अपना लिया है। यह बातें शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कही।

राजस्व संग्रह सीजनल अमीन कर्मचारी सेवक वेलफ़ेयर एसोसिएशन की बैठक तहसील सदर में की गई, जिसमें सीजनल संग्रह अमीनों और अनुसेवकों के विनियमिति करण की मांग को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मांगें पूरी न होने की स्थिति में छह अप्रैल से जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शासन के निर्देश पर राजस्व परिषद द्वारा विनियमितिकरण का आदेश जारी किया गया था, लेकिन 11 माह बीतने के बाद भी इसका अनुपालन नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते सीजनल कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है और कई कर्मचारी बिना विनियमितिकरण के ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश कर्मचारी जीवन के अंतिम पड़ाव पर हैं, ऐसे में उनकी मांगों की अनदेखी गंभीर विषय है। जिलाध्यक्ष प्रवीण बाजपेई ने कहा कि अब कर्मचारी अन्याय के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं और बिना विनियमितिकरण के आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में संग्रह अमीनों और अनुसेवकों के पर्याप्त पद रिक्त होने के बावजूद नियमितीकरण नहीं किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है।

# जयंत चौधरी को धमकी, जेड प्लस सुरक्षा की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बागपत। केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी मिली है। पश्चिम बंगाल के एक युवक द्वारा दी गई इस धमकी के बाद छपरौली विधायक अजय कुमार ने कड़ी नाराजगी जताते हुए केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने सरकार से जयंत चौधरी को ज़ेड श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराने और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई।

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को धमकी मिलने के बाद बागपत छपरौली विधायक अजय कुमार ने उनकी सुरक्षा की मांग की है। छपरौली विधायक उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट बागपत में आयोजित प्रेस वार्ता में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार की धमकियां न केवल जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करती हैं, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती हैं। मामले में दी गई तहरीर के अनुसार, 18 मार्च 2026 को सुबह करीब 11 बजे एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को मंत्री जयंत चौधरी से जुड़ा बताते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। फोन कॉल के दौरान आरोपी ने एमपी-5 जैसे हथियारों का जिक्र किया और धमकी भरे संदेश व्हाट्सएप पर भी भेजे। इन संदेशों में मंत्री के सरकारी कार्यक्रम का जिक्र करते हुए स्पष्ट रूप से ‘गोली मार दो’ जैसी बातें लिखी गई थीं। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि आरोपी द्वारा लगातार वॉइस मैसेज और लोकेशन शेयर कर धमकी दी जाती रही। जब दोबारा संपर्क कर जानकारी ली गई, तो आरोपी ने कहा कि उसे यह ‘ऊपर से भेजा गया’ है। घटना के बाद तुरंत तुगलक रोड थाने को सूचित कर मोबाइल पर प्राप्त सभी साक्ष्य पुलिस को सौंप दिए गए। इसके अलावा, तहरीर में एक और गंभीर पहलू सामने आया है, जिसमें बताया गया कि एक अज्ञात व्यक्ति आवास के पिछले गेट की रेकी करता देखा गया।

वहीं, कुछ दिन पहले रात में एक संदिग्ध स्विफ्ट कार भी लंबे समय तक कोठी के पास खड़ी रही, जिसमें सवार लोग निगरानी करते नजर आए। वही बागपत की छपरौली सीट से विधायक अजय कुमार ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। डॉ. अजय कुमार तोमर ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के लिए जेड प्लस सुरक्षा की मांग की है।

# योगी सरकार के मंशा पर सीडीओ गोंडा फ़ेर रहीं पानी,नही रिसीव करतीं हैं सीयूजी नम्बर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीड़ितों की आवाज उन तक पहुंचाने से वंचित रह जाते जनता और पत्रकार....

गोंडा । एक तरफ योगी सरकार द्वारा अपने अधीन अधिकारियों को सलाह दिया जा रहा है कि पत्रका रों से सामंजस्य स्थापित करते हुए अच्छा व्यवहार करें परन्तु गोंडा के कुछ अधिकारियों द्वारा अपना सीयूजी नम्बर हमेशा बन्द रखा जा रहा है और कु छ के द्वारा अपना सीयूजी नम्बर मातहतों के सुपुर्द किया जाता है। यदि कोई पीड़ित या पत्रकार द्वारा सुबह,दोपहर,शाम या रात्रि में फोन करके कुछ ब ताने का प्रयास किया भी जाता है तो मातहत द्वारा रटा-रटाया एक ही जवाब मिलता है कि साहब मीटिंग में व्यस्त हैं।यदि मातहत की बातों पर गौर करके शासन द्वारा फोन किया जाय तो सारी की सारी सच्चाई व निरंकुशता उजागर हो सकती है। वैसे तो कई चर्चित अधिकारी ऐसे हैं जो सीयूजी नम्बर या तो बन्द रखते हैं या कुछ सेटिंग गेटिंग किए रहते हैं कि जिस कारण उनसे किसी का सम्पर्क हो ही नही सकता।सरकारी सीयूजी युक्त मोबाईल को बन्द करने में सर्वप्रथम गोंडा जिले की सीडीओ अंकिता जैन का नाम सुर्खियों में चल रहा है।पत्रकारों द्वारा कईयों बार खबर प्रकाशित किए जाने के बावजूद न तो जिला प्रशासन ने सं ज्ञान लिया और न ही शासन ने ही संज्ञान लिया है। यदि कोई पत्रकार सीडीओ से उनका पक्ष लेना चा हे या पीड़ित व मजबूर जनता की परेशानी उन त क पहुंचाना चाहे तो न तो उनका फोन रिसीव हो ता है और न ही उन तक पीड़ितों की पीड़ा ही पहुं च पाती है जिससे जनता अपने आपको ठगा सा महसूस करती है।सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा अधिकारियों को हिदायत दी गई थी कि किसी का सीयूजी नम्बर कभी बन्द नही होना चा हिए और इसके अतिरिक्त सुबह दस बजे के बाद सीयूजी नंबरों का क्रॉस चेकिंग होती थी जिससे अधिकारियों में भय व्याप्त रहता था।अब तो दोनों हाथों में लड्डू होने से अधिकारी पूर्ण रूप से भयमु क्त व निरंकुश हो चुके हैं।निरंकुशता का दंश झेल रहे लोगों में चर्चा है कि आगामी विधानसभा सभा चुनाव में हर ज़ख्मों का जनता गिन-गिन कर हिसा ब लेने की बात कह रहे हैं। वही सीडीओ के द्वारा

फोन ना उठाने के इस संबंध में देवीपाटन मंडला आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि फोन ना उठाना गंभीर बात है मैं तुरंत बात करता हूँ सरकार के मनसा अनुरोध सबको सीयूजी नंबर प्राप्त है फोन ना उठाने पर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और उचित कार्रवाई होगी।

# हाईकोर्ट का गोंडा,बाराबंकी, बहराइच तीन जिलों के डीएम को कड़ा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । लखनऊ को गोण्डा, बहराइच और नेपाल तक से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर बने संजय सेतु की मरम्मत मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने कहा है कि उक्त पुल अनिश्चित स्थिति में है।इसकी मरम्मत के संबंध में यह कोर्ट सुनवाई कर रही है।बावजूद इसके गोण्डा,बाराबंकी व बहराइच के जिलाधिका रियों ने सरकारी वकील को कोई निर्देश नहीं दिया है।न्यायालय ने कहा है कि अगली सुनवायी तक या तो समुचित जानकारी उपलब्ध करायी जाय अथवा तीनों जिलाधिकारी कोर्ट के समक्ष उपस्थि त हों।मामले की अगली सुनवायी अप्रैल को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्याय मूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने आशीष कुमार सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुन वायी करते हुए दिया है।याचिका में घाघरा नदी पर बने संजय सेतु के मरम्मत की मांग की गई है। मामले पर जवाब देते हुए,राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से कहा गया कि मरम्मत के लिए ट्रैफिक रोके जाने की जरूरत है और इस के लिए पीपे का पुल बनाए जाने की सलाह राज्य सरकार की ओर से आई है जो सिर्फ हल्के वाहनों के लिए होगा,भारी वाहनों को डायवर्ट करना होगा एनएचएआई की ओर से आगे कहा गया कि राज्य सरकार की ओर से न तो अभी तक अनुमानित धनराशि ट्रांसफर करने के लिए बैंक अकाउंट नंबर उपलब्ध कराया गया है और न ही डायवर्जन के लिए वैकल्पिक मार्ग सुझाया गया है।वहीं सरकारी वकील ने न्यायालय को बताया कि उनके पास अभी तक कोई निर्देश नहीं आए हैं।

# टैक्स बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन सुविधाओं की कमी का उठाया मुद्दा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नानपारा टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा (एडवोकेट) एवं महासचिव सौरभ मद्धेशिया (एडवोकेट) ने उपायुक्त राज्यकर अधिकारी ऋषिकेश यादव को ज्ञापन सौंपकर एकल खंड नानपारा सेक्टर में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। दोनों पदाधिकारियों ने उपायुक्त राज्यकर कार्यालय, खंड नानपारा में मुलाकात कर बताया कि कार्यालय में विभागीय स्टाफ व अधिवक्ताओं के बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों की व्यवस्था नहीं है, जिससे कार्य करने में असुविधा होती है। इसके साथ ही शौचालय, पेयजल और पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कार्यालय में पर्याप्त स्थान न होने के कारण अधिवक्ताओं के कार्य व बैठकें प्रभावित हो रही हैं तथा महत्वपूर्ण अभिलेखों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। उपायुक्त राज्यकर अधिकारी ऋषिकेश यादव ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में उच्च अधिकारियों से चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। एसोसिएशन ने मांग की है कि अधिवक्ताओं व विभागीय कार्यों की सुचारु व्यवस्था के लिए जल्द से जल्द आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# गालीबाज समाज कल्याण अधिकारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गालीबाज समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह का गाली देते हुए वीडियो हुआ वायरल इन से वायरल वीडियो में दिख रहा है कि जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से कुछ लोगों के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हो रही गड़बड़ी के बारे में सवाल किया तब समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह भड़क गए और गंदी गंदी गालियां को देने लगे।इतने मे ही किसी ने गाली देते हुए समाज कल्याण अधिकारी का किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडि या पर वायरल कर दिया।अब सोशल मीडिया पर गाली बाज समाज कल्याण अधिकारी की थू-थू मची हुई है। वही समाज कल्याण अधिकारी से वायरल वीडियो की जानकारी ली गईं तो उन्होंने बताया कि वह एडिटेड वीडियो है वही वायरल हो रहा है।

गोंडा । जहां एक तरफ प्रदेश के मुखिया मान सम्मा न और तहजीब की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ समाज कल्याण अधिकारी बदसलूकी में पहले पायदान पर नजर आते हैं, बता दें कि जिनको सम्मान देने की शिक्षा बचपन से ही दी जाती है उन माँ को एक जिम्मेदार अधिकारी ने ऐसी गंदी भाषा का प्रयोग किया जो सुनकर किसी का भी आपा खो सकता है, गौरतलब है कि जिले के समाज कल्याण अधिकारी से सामूहिक विवाह के बारे में कुछ सवाल पूछ गया तो इतने में ही जिला समाज कल्याण अधिकारी भड़क गए और सवाल पूछने वाले व्यक्ति को ही भद्दी भद्दी - भद्दी गालि यां देने लगे जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह मे हो रही गड़बड़ी का ठीकरा ब्लॉक के लोगों पर फोड़ा जा रहा है,लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की संपू र्ण जिम्मेदारी निभाने वाले ऐसे जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह हों तो ये कैसे सफल होगा, इससे ये अनुमान लगा सकते हैं, दरअसल उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से सवाल पूछने पर वो भड़क जाते हैं सवाल पूछने वाले के सामने ही जिम्मेदारी का पाठ पढ़ने के दौरान सारी हदें भूल गए और महिलाओं के सामने ही महिला ओं को गंदी-गंदी गालियां देने लगे, इसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमे साफ -साफ देखा जा सकता है कि कैसे समाज कल्याण अधिकारी साहब बार- बार गालियां दे रहे हैं, उनकी गालियां सुनकर वहां मौजूद महिलाएं शर्म से तार तार हो गई, और नजरें चुराने लगीं, वायरल वीडियो की कैनविज टाइम्स पुष्टि नहीं करता है।इस वायरल वीडियो का सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी की हर तरफ थू-थू हो रही है।



## चोरों के हौसले बुलंद,दुकान मे चोरी की घटना सीसीटीवी मे कैद

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में एक दुकान से नकदी और मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित चंदन सोनकर की दुकान में यह घटना हुई, जो सी सीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति सुबह करीब 5:15 बजे दबे पांव दुकान के अंदर घुसता है। उस ने दुकान के काउंटर को खोलकर उसमें रखे 4 से पांच हजार रुपये निकाले। इसके बाद, चोर ने एक मोबाइल फोन भी उठाया और उसे अपनी जेब में रखकर फरार हो गया।पीड़ित दुकान मालिक चंद न सोनकर ने इस संबंध में नगर कोतवाली में शि कायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह सुबह दुकान पर सो रहे थे, तभी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवी में दिख रहा व्यक्ति नगर कोतवाली क्षेत्र का ही रहने वाला बताया जा रहा है और आए दिन इसके द्वारा इसी तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा ता है।रुपए के साथ-साथ मोबाइल फोन गायब होने से पीड़ित चंदन सोनकर काफी परेशान है और उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द मोबाइल फोन और रुपए बरामद करने को लेकर मांग की है।गोंडा नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि चंदन सोनकर की तहरीर और सीसी टीवी फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीसीटी वी में दिख रहे व्यक्ति की पहचान करने का भी प्रयास नगर कोतवाली पुलिस द्वारा किया जा रहा है संभवत यह नगर क्षेत्र का ही रहने वाला है।

# देवी पाटन दर्शन करने जा रहे सड़क हादसे में दो युवक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चिश्तीपुर नि वासी बीस वर्षीय राधेश्याम और करौंधिया निवा सी इक्कीस वर्षीय चंदन यादव की बलरामपुर के दुल्हिनपुरवा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों दोस्त चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मोटरसाइकिल से मां पाटेश्वरी देवी के दर्शन करने बलरामपुर जा रहे थे,तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई है देर रात हुए इस हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे सुबह ही बलरामपुर रवाना हो गए।बताया जा रहा है कि राधेश्याम अपने परिवार का इकलौता सहारा था,जिसने हाल ही में दर्जी कुंआ चौराहा पर एक रिकॉर्डिंग स्टूडियो खोलकर घर की जिम्मेदारी संभाली थी।स्थानीय पुलिस ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि विधिक कार्य वाही की जा रही है।

# डीएम ने जनगणना प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न हो - डीएम**

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आज जनगणना के लिए कार्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण केन्द्र, पंचायत सभागार दरीबा का निरीक्षण कर जनगणना से सम्बन्धित तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना-2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के दृष्टिगत जनपद रायबरेली में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 16 से 18 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया था, जिसमें सलोन एवं महाराजगंज तहसील के कुल 36 फील्ड ट्रेनरों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में शासन स्तर से प्रशिक्षित 04 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो आगे चलकर अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की समस्त प्रक्रियाओं, डेटा संकलन की विधियों, डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग, मोबाइल एप्लिकेशन के संचालन तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, द्वितीय चरण में 19, 20 एवं 23 मार्च 2026 को दो बैचों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका आज दूसरा दिन है।, जिसमें तहसील सदर, लालगंज, सलोन एवं ऊँचाहार के कुल कुल 62 अन्य कार्मिकों/फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रकार जनपद में चरणबद्ध तरीके से सभी संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षित कर जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने की तैयारी की जा रही है। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु निर्देशित किया गया है कि सभी प्रशिक्षु प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को गंभीरता से ग्रहण करें तथा जनगणना कार्य में पूर्ण जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें, जिससे जनपद के सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, अतः इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न हो तथा सभी संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दक्षता प्रदान की जा सके, जिससे जनगणना 2027 का कार्य जनपद रायबरेली में सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा भी निर्देशित किया गया है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थिति अनिवार्य रूप से

# नेपाली तस्कर 12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 42वीं वाहिनी एवं उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में एक नेपाली तस्कर को 12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन,एसएसबी 42वीं वाहिनी बहराइच-प्रथम के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 20 मार्च को देर रात करीब 12:32 बजे रुपईडीहा क्षेत्र में संयुक्त गश्ती के दौरान कार्रवाई की गई। विश्वसनीय सूचना के आधार पर टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली, जिसके पास से काले रंग की पॉलिथीन में लिपटी लगभग 12 ग्राम स्मैक बरामद हुई। डॉग स्क्वॉड द्वारा भी इसकी पुष्टि की गई। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम काली प्रसाद थारू पुत्र नारायण थारू, निवासी राजापुर मंडी, वार्ड संख्या-04, जिला बर्दिया (नेपाल) बताया। उसने बताया कि वह स्मैक नानपारा क्षेत्र से लेकर नेपाल के बर्दिया जिले में बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद थाना रुपईडीहा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

# 10 दिव्यांगजनों को सांसद के हाथों मिली मोटराईज़्ड ट्राई साईकिल

## विकास भवन परिसर में आयोजित हुआ वितरण शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में चल रहे 09 दिवसीय समारोह के अन्तर्गत विकास भवन में आयोजित वितरण शिविर में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को 10 मोटराईज़्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया।

मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुखिया मा. योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याणार्थ अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। डॉ. गोंड ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, पैर, ऑख, कॉन अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के माध्यम से सहयोग प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लायी जाये। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा सभी उपस्थित को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए मनीष कुमार तथा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एवं मिशन शक्ति 5.0 के शुभारंभ के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय द्वारा अतिथियों का सम्मान करके की गई। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका आस्था अग्रवाल , उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रेखा सिंह परिहार, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आर के श्रीवास, अपर जिलाधिकारी रौशनी यादव, आई पी एस नताशा गोयल, उपायुक्त वंदना सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत लिंग भेदभाव पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। एवं विभिन्न विभागों से उत्कृष्ट कार्य करने वाली 36 महिलाओं को सम्मानित किया गया।विधायक ने कहा कि लिंग भेदभाव में माता द्वारा ही भेदभाव किया जाता है। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा गया कि जो जिस पथ पर काम कर रहा है उसे ईमानदारी से करना चाहिए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत निकाली रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।उपाधि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आरंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कनौजिया के निर्देशन में हुआ। शिविर का विषय ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' रहा। स्वयंसेविकाओं ने डॉ कविता के निर्देशन में रैली निकालकर लोगों को बेटियों को पढ़ाने के लिए जागरूक किया। अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉक्टर शेफाली सक्सेना ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी शिक्षा की आवश्यकता है विकसित राष्ट्र के सपनों को पूरा करने के लिए महिलाओं की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है जितनी की पुरुष की आज के शिविर में महाविद्यालय के डॉ दुर्गेश धर द्विवेदी, डॉ राखी मिश्रा,डॉ गजेंद्र सिंह, डॉ शेफाली सक्सेना सहित छात्राएं राधा रानी, याशिता, मुस्कान, सोनिया मंडल, अक्षरा, चाहत आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कनौजिया ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

# अमेठी में एक से तीस अप्रैल तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आगामी दस से तीस अप्रैल तक चलाया जायेगा दस्तक अभियान**

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामप्रसाद द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में आगामी एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा जिसमें दस अप्रैल से तीस अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों की समन्वयता के साथ संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम दस्तक अभियान व जन जागरूकता कार्यक्रम के बारे में आम जनमानस को जागरूक करने के साथ-साथ वेक्टर वार्न डिजीज सहित अन्य संचारी रोगों की स्थिति, बचाव, उपचार के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी मॉनीटरिंग डब्लूएचओ व यूनीसेफ सहित अन्य स्वास्थ्य सम्बंधी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा की जायेगी। जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं प्रयासों आदि में अबतक की गयी तैयारियों व विभिन्न स्तरों पर समन्वय समिति की बैठकों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वयता बनाकर अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगो को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि संचारी रागों पर नियत्रंण की दिशा में स्वास्थ्य विभाग सहित सभी सम्बंधित विभागों को ग्रामीण स्तर पर ग्रास रूट लेवल पर कार्य करने की जरूरत है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दस से तीस अप्रैल तक चलाये जाने वाले दस्तक अभियान के तहत ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकत्री, एएनएम द्वारा घर-घर जाकर एई,जेई,बुखार रोगियों को चिन्हित करना एवं उनको तेज बुखार होने पर 102/108 एम्बुलेंस द्वारा नजदीकी सीएचसी,पीएचसी पर भेजने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर टीम दस्तक देगी और सभी घरों के कूलर, पुराने टूटे बर्तन, मिटटी के गमले, पॉटस, टायर, फ्रीज के पीछे की ट्रे, पानी स्टोर के बर्तन आदि को चेक करेंगी।जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बीएसए, डीआईओएस, डीपीआरओ, डीपीओ सहित सम्बन्धित अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोग नियत्रंण,दस्तक अभियान के सफल बनाने की दिशा में कार्य करे।

# उपलब्धि परिषदीय विद्यालय छात्राओं ने इंस्पायर अवार्ड में लहराया परचम खंड शिक्षा अधिकारी ने जताई खुशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकासखंड के कम्पोजिट विद्यालय बंगला की छात्राओं ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,भारत सरकार द्वारा आयोजित 'इंस्पायर अवार्ड-मानक' योजना सत्र 2025-26 में अपनी अद्भुत वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया है। विद्यालय की तीन छात्राओं के नवाचारी आईडिया का चयन राष्ट्रीय स्तर की इस योजना के लिए किया गया है।विद्यालय की कक्षा 7 की छात्रा दिव्या ने सड़क सुरक्षा हेतु 'स्मार्ट हेलमेट' का मॉडल तैयार किया है, जिसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और बैक कैमरा लगा है,जिससे पीछे का दृश्य आसानी से देखा जा सकेगा। वहीं, कक्षा 8 की छात्रा विनीता ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु 'ड्राइवर एंटी-स्लिप अलार्म' का आईडिया दिया है, जो ड्राइवर को नींद आने की स्थिति में सचेत कर देगा। कक्षा 8 की ही छात्रा अंजलि ने मरीजों की सुविधा के लिए 'शॉक एब्जॉर्बर युक्त पेशेंट स्ट्रेचर' का मॉडल प्रस्तुत किया है।जिससे ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी मरीज को झटकों से राहत मिलेगी।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने खुशी जाहिर की है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश वर्मा ने छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की इन बेटियों के आविष्कार समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता देवी ने भी छात्राओं के आत्मविश्वास और मेहनत की सराहना की।प्रधानाध्यापक ओमकर गंगवार ने बताया कि चयनित प्रत्येक छात्रा को मॉडल विकसित करने हेतु ?10,000 की प्रोत्साहन राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। अब ये छात्राएं जिला स्तरीय प्रदर्शनी में अपने वर्किंग मॉडल का प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर शिक्षक आशीष कुमार, नवदीप कौर एवं छात्रों के अभिभावक उपस्थित रहे हैं।

## माधोटांडा से पूर्णागिरी को एक जत्था रवाना

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्रद्धालुओं के साथ झंडी दिखाते हुए इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से सामाजिक एकता, भाईचारे और जनहित के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रही है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और युवाओं को एकजुट करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा ही देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का रास्ता दिखाती है।उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच कार्य करेगी और हर वर्ग की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही और सभी ने उत्साहपूर्वक जत्थे को रवाना किया इस दौरान महिला सभा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मीता सिंह, सपा नेता ओम शर्मा, मनोज गौतम. अरविन्द शर्मा.राममूर्ति सिंह. निर्भय सिंह जयपाल.सहित अन्य कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नैनीताल घूमने निकले, रास्ते में बन गए लुटेरे: जहानाबाद पुलिस ने दो बदमाश दबोचे

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जहानाबाद थाना पुलिस और स्वाट टीम ने 9 मार्च को हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो अंतरजिला लुटेरों को गिरफ्तार किया है आरोपियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक को लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाकर 23 हजार रुपये लूट लिए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र और मोईनुद्दीन के रूप में हुई है, जो कुशीनगर के रहने वाले हैं। पूछताछ में दोनों ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि वे नैनीताल घूमने निकले थे, लेकिन रास्ते में पैसे कम पड़ने पर लूट की साजिश रच डाली घटना में चार बदमाशों ने शिक्षक श्याम बिहारी लाल को हुंडई एक्सेंट कार में बैठाया, फिर उन्हें डराकर नकदी लूट ली और फरार हो गए पुलिस ने सर्विलांस और मुखबिर की मदद से रेलवे क्रॉसिंग फाटक के पास से दो आरोपियों को धर दबोचा पुलिस के मुताबिक, धर्मेंद्र पर हत्या के प्रयास, लूट और गैंगस्टर एक्ट समेत आठ गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। जबकि मोईनुद्दीन के खिलाफ भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूट में इस्तेमाल कार, दो कीपैड मोबाइल और एक टच स्क्रीन मोबाइल बरामद किया गया है फिलहाल पुलिस गिरोह के फरार दो अन्य साथियों की तलाश में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है

## हर्षित मिश्रा हत्याकांड: परिजनों को मिला शस्त्र लाइसेंस, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने दिया न्याय का भरोसा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं के मूसाझाग थाने के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के हर्षित मिश्रा की संदिग्ध मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है शुक्रवार को केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद पूरनपुर स्थित मृतक के पैतृक आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया जितिन प्रसाद ने हर्षित मिश्रा के पिता व अन्य परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली इस दौरान परिजनों ने निष्पक्ष और शीघ्र जांच की मांग उठाई केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि मामले में पारदर्शिता के साथ जांच कराई जाएगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है केंद्रीय मंत्री के दौरे के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिससे प्रशासन पर जांच तेज करने का दबाव बढ़ गया है इसी बीच, परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने अहम कदम उठाया है जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर परिजनों के नाम शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत किए गए शुक्रवार को एसडीएम पूरनपुर और विधायक बाबूराम पासवान ने परिवार को लाइसेंस सौंपे विधायक ने कहा कि परिवार की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और हर स्तर पर उन्हें संरक्षण दिया जाएगा हर्षित मिश्रा की मौत के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश देखा गया था परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी अब केंद्रीय मंत्री के हस्तक्षेप और प्रशासनिक कार्रवाई के बाद परिवार ने न्याय की उम्मीद जताई है।

## पुलिस ने बीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत बीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आपरेशन चक्रव्यूह व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को थाना इन्हौना पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर गुफरान पुत्र अजमत उल्ला निवासी मोहल्ला मिल्कियाना मजरे इन्हौना को बीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना इन्हौना पुलिस ने बताया कि पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार बढ़ाने के लिये मिलेगा आसान ऋण

अमेठी । उपजिलाधिकारी,परियोजना अधिकारी डूडा प्रीति तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत जनपद अमेठी में स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार बढ़ाने के लिये ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे नगर पालिका परिषद गौरीगंज, नगर पालिका परिषद जायस, नगर पंचायत अमेठी और नगर पंचायत मुसाफिरखाना के साथ-साथ ब्लॉक जगदीशपुर के सेन्सेट टाउन कठौरा, पालपुर निहालगढ़ चक जंगला तथा ब्लॉक भेटुआ के कोरवा में भी लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत रेहड़ी पटरी पर व्यवसाय करने वाले वेंडर्स को तीन चरणों में ऋण दिया जायेगा।प्रथम चरण में पन्द्रह हजार रुपये का ऋण बारह माह की आसान किश्तों पर मिलेगा। समय से अदायगी करने पर द्वितीय चरण में पच्चीस हजार रुपये का ऋण अठारह माह के लिये दिया जायेगा। इसके बाद तृतीय चरण में पचास हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही द्वितीय चरण के ऋण की समय पर अदायगी पर तीस हजार रुपये का क्रेडिट कार्ड भी बैंक द्वारा जारी किया जायेगा।इच्छुक वेंडर्स जन सेवा केंद्र, संबंधित नगर निकाय, ब्लॉक कार्यालय या ग्राम सचिवालय के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने पात्र लाभार्थियों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# मौसम ने ली करवट, बूंदाबांदी व तेज ठंडी हवा से किसानों की बढ़ी चिंता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब सात बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली आसमान में घनघोर बादल छा गए, गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके बाद तेज ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। मौसम के इस अप्रत्याशित बदलाव से आमजन को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज हवा और हल्की बारिश का असर खेतों में साफ दिखने लगा है। हाल ही में सिंचाई की गई गेहूं समेत अन्य फसलों के गिरने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, पककर तैयार खड़ी सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का यही मिजाज कुछ देर और बना रहा तो फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

अचानक बदले मौसम को लेकर ग्रामीण इलाकों में चर्चा का माहौल बना रहा। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। मौसम विभाग की अगली स्थिति पर अब किसानों की निगाहें टिकी हैं।

# अस्पताल के पास इलाज से पहले जाम का टेस्ट धर्मपाल कॉम्प्लेक्स बना अव्यवस्था का पोस्टर बॉय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। स्वशासी मेडिकल कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में अगर आप समय पर पहुँच गए तो समझिए आपने आधी जंग जीत ली। क्योंकि बाकी आधी जंग तो बेतरतीब खड़े वाहनों के बीच रास्ता खोजने में ही निकल जाती है। दोनों दिशाओं में वाहनों का ऐसा स्वागत द्वार बना है कि एम्बुलेंस भी जाम में फँसकर अपनी सायरन की लाचारी बयां करती नजर आती है। उधर मुख्य मार्ग पर धर्मपाल कॉम्प्लेक्स के बाहर का नजारा किसी स्थायी ट्रैफिक मेले से कम नहीं। सड़क मानो पार्किंग में तब्दील हो चुकी है, और पार्किंग खैर, वह तो खुद ही लापता है। कागजों में धर्मपाल कॉम्प्लेक्स की बेसमेंट पार्किंग मौजूद है, लेकिन हकीकत में वहां दुकानों ने ऐसा कब्जा जमाया है कि गाड़ियाँ नहीं, सिर्फ कारोबार खड़ा दिखता है। यानी पार्किंग के नाम पर दुकानदारी नक्शे में कुछ और, जमीन पर कुछ और। नियम शायद सिर्फ फाइलों में ही जाम होकर रह गए हैं। और बात यहीं खत्म नहीं होती। यह कॉम्प्लेक्स अब अवैध पैथोलॉजी और गैर-डिग्रीधारकों की शरणस्थली के रूप में भी मशहूर हो चुका है। इलाज के नाम पर यहां किस्मत का खेल ज्यादा और विज्ञान कम नजर आता है। सब कुछ खुली आंखों के सामने हो रहा है। जाम भी, अतिक्रमण भी और नियमों की खुलेआम अनदेखी भी। सवाल बस इतना है कि जिम्मेदारों की नजर कब खुलेगी या फिर वे भी इसी जाम का हिस्सा बन चुके हैं?

# दिवसीय एक्सपोजर विजिट कर वापस लौटा विद्यार्थियों का 60 सदस्यीय दल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। आज दिनांक 20 मार्च 2026 को समग्र शिक्षा माध्यमिक सुल्तानपुर द्वारा आउट ऑफ स्टेट एक्सपोजर विजिट का 60 सदस्यीय दल शांतिकुंज, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार तथा आईआईटी रुड़की का पांच दिवसीय भ्रमण कर वापस लौट आया।

समग्र शिक्षा माध्यमिक उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के राजकीय विद्यालयों से चयनित साथ मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रदेश के बाहर चयनित शिक्षण संस्थानों में रमन के लिए निर्देशित किया गया था जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह तथा जिला समन्वय अखिलेश पांडे द्वारा नोडल अधिकारी शैलेंद्र चतुर्वेदी तथा नोडल संगीता गुप्ता के नेतृत्व में 16 मार्च 2026 को केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुल्तानपुर के प्रांगण से प्रधानाचार्य पल्लवी सिंह तथा जिला संबंधित अखिलेश पांडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया गया। भ्रमण दल ने शांतिकुंज तथा देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के परिसर का भ्रमण किया तथा वहां की गतिविधियों और उच्च शिक्षा के नवीनतम अवसरों से अवगत हुए। साथ ही आईआईटी रुड़की पहुंचकर सेंट्रल लाइब्रेरी, मुख्य भवन, कंप्यूटर आदि प्रयोगशालाओ तथा एलबीएस स्पोर्ट्स ग्राउंड का भ्रमण कर ख्यातिप्राप्त उच्च संस्थान की गतिविधियों, नई प्रौद्योगिकी और अनुसंधानों से अवगत हुए। यात्रा प्रभारी शैलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि सभी सदस्यों ने भ्रमण में उत्साह तथा पूर्ण जिज्ञासा के साथ प्रतिभा किया और उच्च शैक्षिक संस्थानों की क्रियाकलाप और उत्तराखंड प्रदेश की संस्कृति से अवगत होकर लाभ प्राप्त किया। इस भ्रमण दल में अन्य मार्गदर्शक शिक्षक शिक्षिकाएं दिलीप यादव, कविता पांडे, इंदू मौर्य तथा रीतू सिंह सम्मिलित रही और एक्सपोजर विजिट को अपने कुशल मार्गदर्शन में संपन्न कराया।

## अमेठी में अलविदा जुमा की नमाज पर सतर्क रहा पुलिस प्रशासन

अमेठी । अलविदा जुमा की नमाज व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस द्वारा शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु फ्लैग मार्च किया गया।पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अलविदा जुमा की नमाज व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण्य बनाए रखने तथा त्यौहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना व क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक में, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा थाना क्षेत्र जामो में, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र द्वारा थाना क्षेत्र अमेठी में एवं जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में सक्रिय रहते हुये फ्लैग मार्च किया गया। थाना शिवरतनगंज के प्रभारी निरीक्षक दया शंकर मिश्रा मय हमराह द्वारा थाना क्षेत्र के गांव रुकुनपुर, सेमरौता, सातनपुरवा सहित अन्य कई गांवों में भ्रमण कर शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की गई।

## सम्पादकीय

# भविष्य की डिजिटल नींव की सुरक्षा

जैसे-जैसे अमेरिका और भारत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, आपूर्ति शृंखलाओं, वित्तीय प्रणालियों और एआई प्लेटफ़ॉर्मों के क्षेत्र में अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं, साइबर सुरक्षा अब राष्ट्रीय सीमाओं पर नहीं रुकती। एक पारिस्थितिकी तंत्र में मौजूद कोई भी कमजोरी दूसरे पर प्रभाव डाल सकती है और इन प्रणालियों की सुरक्षा करना तकनीकी रक्षा के साथ ही आर्थिक मज़बूती का भी विषय है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ जेम्स ई. लेरम्स, जिन्होंने अमेरिकी विदेश विभाग के स्पीकर कार्यक्रम के तहत कोलकाता और हैदराबाद का दौरा किया, उनके लिए यह मुद्दा विश्वास से शुरू होता है- हमें यह भरोसा होना चाहिए कि जब हम अपना क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं तो हमारे और विक्रेता या हमारे बैंक के बीच कोई भी हमारे खातों की जानकारी को बीच में रोककर डिजिटल रूप से धन गायब नहीं कर सकता। लेरम्स बताते हैं कि यह विश्वास ऐसे एनक्रिप्शन पर आधारित है जो आज उपलब्ध सबसे शक्तिशाली कंप्यूटरों का भी सामना कर सके। जैसे-जैसे क्वांटम कंप्यूटिंग आगे बढ़ रही है, शोधकर्ता पहले से ही यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि भविष्य की प्रणालियाँ सुरक्षित बनी रहें। कई लोग अब भी साइबर सुरक्षा को एक तकनीकी विशेषज्ञता मानते हैं, लेकिन लेरम्स इस दृष्टिकोण को चुनौती देते हैं। वह कहते हैं, ल्लअगर हमारे पास कंप्यूटर नहीं होते तो हमारे पास साइबर सुरक्षा की समस्याएँ भी नहीं होतीं, है ना? उनका कहना है कि साइबर सुरक्षा इसलिए मौजूद है क्योंकि डिजिटल प्रणालियाँ अब दैनिक जीवन की आधारशिला बन चुकी हैं। पर्ड्यू विश्वविद्यालय में, जहाँ वह ग्रेजुएट शिक्षक सदस्य के रूप में कार्य करते हैं, साइबर सुरक्षा को एक अंतर्विषयी क्षेत्र के रूप में देखा जाता है। इंजीनियर चिप फ़र्मवेयर डिज़ाइन करते हैं, नीति विशेषज्ञ गोपनीयता मानकों की जाँच करते हैं और यहाँ तक कि दार्शनिक भी डेटा उपयोग से जुड़े नैतिक प्रश्नों पर विचार करते हैं। लेरम्स कहते हैं साइबर सुरक्षा एक टीम खेल है और यह कई विषयों में फैली हुई है। जोखिम केवल बैंक खातों तक सीमित नहीं हैं। आधुनिक कृषि जीपीएस-निर्देशित ट्रैक्टरों पर निर्भर करती है और जल शोधन संयंत्र इंटरनेट से जुड़े नियंत्रण तंत्रों पर निर्भर करते हैं। यदि इन प्रणालियों से समझौता किया जाता है तो खाद्य आपूर्ति बाधित हो सकती है या जल और स्वच्छता सेवाएँ विफल हो सकती हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि साइबर सुरक्षा रोज़मर्रा के जीवन को कैसे प्रभावित करती है। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्थाएँ डिजिटलीकृत होती हैं, इन प्रणालियों की सुरक्षा आर्थिक स्थिरता बनाए रखने का हिस्सा बन जाती है। उभरते खतरों से आगे रहने के लिए, लेरम्स पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी नामक नए मानकों का परीक्षण करते हैं, जिन्हें क्वांटम कंप्यूटिंग के आगे बढ़ने के बावजूद सुरक्षित रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है। लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य की सुरक्षा मज़बूत हो, बिना रोज़मर्रा के जीवन में बाधा डाले या नवाचार को धीमा किए। लेरम्स आज के एआई परिवेश को कुछ हद तक वाइल्ड वेस्ट जैसा बताते हैं, जहाँ नवाचार शासन से तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। यह गति अवसर भी पैदा करती है और जोखिम भी। भारत और अमेरिका के लिए, साइबर सुरक्षा सहयोग एक व्यावहारिक आवश्यकता है। दोनों देश महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर का तीव्र डिजिटलीकरण कर रहे हैं और उन्नत प्रौद्योगिकियों में सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। मानकों, अनुसंधान और प्रशिक्षण को मज़बूत करना जोखिम को कम करने के साथ-साथ दोनों पक्षों में आर्थिक लचीलेपन को भी सुदृढ़ करता है। लेरम्स कहते हैं, यह सहयोग संबंधों और पारस्परिक लाभों पर आधारित है, चाहे वह संस्थानों के बीच हो या व्यक्तियों के बीच।

# सृष्टि संतुलन के लिये वनों की पुकार सुननी होगी

## अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर विशेष

21 मार्च को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस केवल एक प्रतीकात्मक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चुनौती की ओर संकेत करने वाला अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2012 में इस दिवस की घोषणा इस उद्देश्य से की गई थी कि विश्व समुदाय वनों के महत्व को समझे, उनके संरक्षण के लिए संगठित प्रयास करे और प्रकृति के साथ संतुलित सह-अस्तित्व की दिशा में आगे बढ़े। आज जब पृथ्वी अभूतपूर्व पर्यावरणीय संकटों से जूझ रही है, तब इस दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। वर्ष 2026 की थीम ल्लवन और भोजनङ्क यह स्पष्ट करती है कि वन केवल हरित आच्छादन नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के मूल स्तंभ हैं।

वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन अपने चरम पर है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति ने मानव जीवन को संकटग्रस्त कर दिया है। इन परिस्थितियों में वन एक ऐसे प्राकृतिक तंत्र के रूप में सामने आते हैं, जो पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वैश्विक तापवृद्धि को नियंत्रित करते हैं, जल चक्र को संतुलित रखते हैं और मृदा अपरदन को रोकते हैं। इसके बावजूद, विडंबना यह है कि मानव अपनी तात्कालिक आवश्यकताओं और आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में वनों का अंधाधुंध दोहन कर रहा है। यही कारण है कि आज वन महोत्सव जैसे आयोजनों की आवश्यकता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक जागरण के रूप में महसूस की जा रही है। वनों की उपयोगिता का दायरा केवल पर्यावरणीय संतुलन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। 2026 में प्रस्तावित ल्लवनों और अर्थव्यवस्थाङ्क थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि वन सतत आर्थिक विकास के आधार हैं। लाखों लोगों की आजीविका सीधे तौर पर वनों पर निर्भर है। लघु वनोपज, औषधीय पौधे, रेजिन, गोंद, शहद और बांस जैसे उत्पाद न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके साथ ही, इको-टूरिज्म के माध्यम से भी रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इस प्रकार वन एक ऐसे आर्थिक संसाधन के रूप में सामने आते हैं, जो विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं। वनों का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। विशेष रूप से स्वदेशी और आदिवासी समुदायों के लिए वन जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी परंपराएँ, आस्थाएँ और जीवनशैली वनों से ही संचालित होती हैं। वन उनके लिए केवल संसाधन नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार हैं। इसी कारण, वन संरक्षण केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण का भी विषय है। वन महोत्सव जैसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर इस साझा जिम्मेदारी का बोध कराते हैं कि वनों की रक्षा केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। भारत के संदर्भ में वनों का महत्व और भी अधिक व्यापक और बहुआयामी है। यहाँ वन केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक हैं। भारतीय परंपरा में वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पीपल, वट और नीम जैसे वृक्ष केवल जैविक इकाइयाँ नहीं, बल्कि जीवनदायी शक्ति के रूप में पूजे जाते हैं। भारत की समृद्ध जैव विविधता वनों पर ही निर्भर है, और इसका संरक्षण देश की पारिस्थितिक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। वन देश की जलवायु को संतुलित रखने, वर्षा चक्र को नियंत्रित करने और कृषि उत्पादन को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में वनों की उपयोगिता का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे ग्रामीण और आदिवासी जीवन की

वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन अपने चरम पर है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति ने मानव जीवन को संकटग्रस्त कर दिया है। इन परिस्थितियों में वन एक ऐसे प्राकृतिक तंत्र के रूप में सामने आते हैं, जो पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वैश्विक तापवृद्धि को नियंत्रित करते हैं, जल चक्र को संतुलित रखते हैं और मृदा अपरदन को रोकते हैं। इसके बावजूद, विडंबना यह है कि मानव अपनी तात्कालिक आवश्यकताओं और आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में वनों का अंधाधुंध दोहन कर रहा है। यही कारण है कि आज वन महोत्सव जैसे आयोजनों की आवश्यकता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक जागरण के रूप में महसूस की जा रही है। वनों की उपयोगिता का दायरा केवल पर्यावरणीय संतुलन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। 2026 में प्रस्तावित ल्लवनों और अर्थव्यवस्थाङ्क थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि वन सतत आर्थिक विकास के आधार हैं। लाखों लोगों की आजीविका सीधे तौर पर वनों पर निर्भर है। लघु वनोपज, औषधीय पौधे, रेजिन, गोंद, शहद और बांस जैसे उत्पाद न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके साथ ही, इको-टूरिज्म के माध्यम से भी रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इस प्रकार वन एक ऐसे आर्थिक संसाधन के रूप में सामने आते हैं, जो विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं। वनों का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। विशेष रूप से स्वदेशी और आदिवासी समुदायों के लिए वन जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी परंपराएँ, आस्थाएँ और जीवनशैली वनों से ही संचालित होती हैं। वन उनके लिए केवल संसाधन नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार हैं। इसी कारण, वन संरक्षण केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण का भी विषय है।



आधारशिला हैं। देश के लाखों लोग अपनी आजीविका के लिए वनों पर निर्भर हैं। भोजन, ईंधन, चारा और औषधीय आवश्यकताओं की पूर्ति वनों के माध्यम से होती है। इसके अतिरिक्त, वन जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे नदियों और जल स्त्रोतों का अस्तित्व बना रहता है। आज जब देश के कई हिस्सों में जल संकट गहराता जा रहा है, तब वन संरक्षण की आवश्यकता और भी अधिक स्पष्ट हो जाती है। वर्तमान शासनकाल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वन संरक्षण और हरित विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। ल्लहरित भारत मिशनङ्क के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य देश के वन क्षेत्र को बढ़ाना और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना है। ल्लनमामि गंगेङ्क परियोजना के माध्यम से नदियों के किनारे वृक्षारोपण कर जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही, कैम्पा फंड के प्रभावी उपयोग से वन पुनर्स्थापन और संरक्षण कार्यों को गति मिली है। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में भी हरित आवरण बढ़ाने के लिए मियावाकी पद्धति को प्रोत्साहित किया है, जिससे छोटे-छोटे स्थानों में घने वन विकसित किए जा रहे हैं। इन पहलों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान समय में विकास और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ लेकर चलने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार की नीतियाँ यह दर्शाती हैं कि यदि सही दृष्टिकोण अपनाया जाए, तो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। हालांकि, यह भी आवश्यक है कि इन प्रयासों में जनसहभागिता को और अधिक बढ़ाया जाए, क्योंकि वनों की सुरक्षा केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक प्रयासों से ही सुनिश्चित की जा सकती है। अंततः वन महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस हमें यह संदेश देते हैं कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही मानव सभ्यता की स्थिरता का आधार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम वनों को केवल संसाधन के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन का अभिन्न अंग मानें। जब तक यह दृष्टिकोण विकसित नहीं होगा, तब तक पर्यावरणीय संकटों का समाधान संभव नहीं है। यदि हम सचमुच अपने भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो हमें वनों की रक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा। यही वन महोत्सव की वास्तविक सार्थकता है और यही अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का मूल संदेश भी। -ललित गर्ग

# कांग्रेस पार्टीः क्या यह अंत का आरंभ है?

**राकेश अचल**

**कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या विचारधारा नहीं नेतृत्व और महत्वाकांक्षा का टकराव है। हर राज्य में 'छोटे-छोटे हाईकमान' बैठे हैं जो सब कुछ चाहते हैं,और जब नहीं मिलता तो वही नेता 'विभीषण' बन जाते हैं।**

कांग्रेस एक समय देश की सबसे ताकतवर पार्टी आज सवालों के घेरे में है। नेता जा रहे हैं नाराज़गी बढ़ रही है और पार्टी टूट रही है, बिखर रही है, सिमट रही है। क्या ये अंत की शुरुआत है? असम से कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रद्युत बोरदोलोई का भाजपा में जाना कोई साधारण घटना नहीं है। ये एक ट्रेंड है,जहां नेता पार्टी से ज्यादा खुद को बड़ा मानने लगे हैं। कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या विचारधारा नहीं नेतृत्व और महत्वाकांक्षा का टकराव है। हर राज्य में 'छोटे-छोटे हाईकमान' बैठे हैं जो सब कुछ चाहते हैं,और जब नहीं मिलता तो वही नेता 'विभीषण' बन जाते हैं। मध्यप्रदेश में भी हालात अलग नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के बेटे अजय सिंह उर्फ राहुल भैया ये सभी नेतृत्व से पूरी तरह संतुष्ट नहीं माने जाते। इन्हें हाल ही में मप्र कांग्रेस कमेटी की दिल्ली में आयोजित बैठक में नहीं बुलाया गया तो तीनों के मुँह लटक गए। खबर तो ये भी है कि अजय सिंह तो भाजपा में जाने का मन भी बना रहे हैं। यानी संकट सिर्फ एक राज्य का नहीं३पूरी पार्टी का है। पिछले 11 साल में कांग्रेस को लगातार झटके लगे। एक जानकारी के मुताबिक 2014 से अब तक 399 कांग्रेस नेताओं ने दलबदल किया, जिनमें 11 पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। इनमें से अधिकांश भाजपा में शामिल हुए हैं। एडीआर यानि एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म की 2021की रिपोर्ट कहती है 2014 से 2021 के बीच कांग्रेस से सबसे ज्यादा दलबदल हुए। 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 110 ऐसे उम्मीदवार उतारे जो 2014 के बाद पार्टी में शामिल हुए थे, जिनमें से कम से कम 38 पूर्व कांग्रेसी थे। हाल के बड़े बैच जैसे राजस्थान में 2024 में 25 से अधिक दिग्गज नेता एक साथ शामिल हुए, गुजरात में 800 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ी। पिछले एक दशक में कांग्रेस छोडकर भाजपा में शामिल हुए वरिष्ठ नेताओं में हिमंता बिस्वा शर्मा (2015, असम के मुख्यमंत्री बन गए).ज्योतिरादित्य सिंधिया (2020) केंद्र में मंत्री बन गए। जितिन प्रसाद (2021) अशोक चव्हाण (2024, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र)अमरिंदर सिंह (पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब)नारायण राणे (2019, पूर्व मुख्यमंत्री )किरण रेड्डी (2023, पूर्व मुख्यमंत्री आंध्र)सुनील जाखड़ (2022) हार्दिक पटेल (2022)अनिल एंटनी (2023)और कई अन्य जैसे राधाकृष्ण विखे पाटिल, शंकर सिंह वाघेला, के नाम आपको याद होंगे ही। कांग्रेस छोडने का यह ट्रेंड 2014 के बाद से मजबूत हुआ है, खासकर चुनावों से पहले। 2014 के बाद बड़े नेताओं का पलायन हुआ। कई राज्यों में पूरी यूनिट का टूटना,ये सिर्फ घटनाएं नहीं बल्कि कांग्रेस की गिरती पकड़ का संकेत हैं।ङ्कशशि थरूर जैसे नेता भी लगातार कांग्रेस की नीति रीति के खिलाफ काम कर रहे हैं। राहुल गांधी की सबसे बड़ी ताकत क्या है? वे झुकते नहीं, समझौता नहीं करते लेकिन यही उनकी कमजोरी भी बन रही है। क्योंकि कांग्रेस के पुराने दिग्गज राहुल की कठपुतली बनना नहीं चाहते और राहुल पुराने नेताओं की। सबसे बड़ा सवाल ये है कि जब विपक्ष ही कमजोर हो, तो सत्ता कितनी मजबूत हो जाती है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पहले से ज्यादा मजबूत दिखते हैं। अब सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस की कमजोरी मोदी को और अजेय बना देगी? अब कांग्रेस टूट रही है३या खुद को नए रूप में गढ़ रही है,ये वक्त बताएगा लेकिन एक बात तय है कि कमजोर विपक्ष मजबूत सत्ता को जन्म देता है और आज भारत की राजनीति का सबसे बड़ा सच यही है।

## सेहत मंत्र

# खूनी बवासीर, दस्त और ल्यूकोरिया में फायदेमंद है सेमल


सेमल एक औषधीय पेड़ है, जिसकी छाल, जड़ और फूल आपकी कई बीमारियों को दूर करने में सहायक है। आप सेमल के फूल को अक्सर मार्च-अप्रेल के महीनों में देख सकते हैं। सेमल को सिल्क कॉटन ट्री और शाल्मली भी कहा जाता है। यह एक ऐसा पेड़ है, जो आपकी कई बीमारियों में मददगार है। इसके अलावा इससे रूई भी प्राप्त होती है, जिसका इस्तेमाल तकिया या गद्दे बनाने में किया जाता है। सेमल के आपके स्वास्थ्य के लिए कई फायदे हैं, यह आपकी कई बीमारियों जैसे- अतिसार, फोड़े-फुंसी, एनीमिया, खांसी, घाव भरने, पित्त की पथरी और त्वचा संबंधी कई समस्याओं में फायदेमंद हैं। आइए यहां हम आपको सेमल के स्वास्थ्य लाभी और उपयोग का तरीका बताते हैं। दस्त के लिए सेमल है फायदेमंद- दस्त या अतिसार की समस्या से निपटने के लिए सेमल मददगार है। यह दस्त या पेचिश के उपचार में मदद कर सकता है, इसके लिए आपको सेमल के पत्तों और डंठल का काढ़ा बनाकर 50 एमल लेना है। दिन में दवा के तौर पर 2 या 3 बार लेने से आपको दस्त में राहत मिल सकती है। मुंह के घालों और घाव भरने के लिए- यदि आपके मुंह में छाले आ रहे हैं या फिर किसी चोट के घाव को भरना है, तो इसके लिए आप सेमल के चूर्ण का उपयोग कर सकते हैं। यह आपके घालों और घाव को ठीक करने में मदद कर सकता है। सेमल के तने से निकलने वाला गोंद या जिसे मोचरत कहते हैं, इसका चूर्ण आपके घावों का इलाज करता है। खूनी बवासीर में फायदेमंद- खूनी बवासीर काफी दर्दनाक बीमारी है लेकिन आप इस बीमारी में राहत पाने के लिए सेमल का उपयोग कर सकते हैं। यह आपको बवासीर में आराम देने में मदद कर सकता है। इसके लिए आप सेमल के फूल, मिश्री, खसखस को बराबर मात्रा में दूध में मिलाएं और उसे गर्म करें। एक गाढ़ा दूध बनाकर उसे ठंडा करने के बाद आप इसका सेवन करें आपको बवासीर में फायदा मिल सकता है। इसके अलावा आप मोचरत' का पाउडर बनाकर दूध या पानी में इसका सेवन कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# माता का ऐसा चमत्कारी मंदिर जहां बगैर रक्त बहाए दी जाती है 'बलि'

हम आपको ऐसे ही माता के मंदिर के बारे में बताएँगे, जहां बलि देने के बाद रक्त नहीं बहता है। जी हां! हम बात कर रहे हैं मां 'मुंडेश्वरी' मंदिर की जो बिहार में स्थित है। मां मुंडेश्वरी को लेकर कहा जाता है कि यहां लगभग 1900 सालों से लगातार पूजा होते आ रही है। यह बिहार के सर्वाधिक प्राचीन मंदिरों में से एक है। यह मंदिर बिहार के कैमूर जिले के भगवानपुर अंचल के 608 फीट ऊंची एक पहाड़ी जिसका नाम 'पवरा' पहाड़ी है उसी पर स्थित है। इस मंदिर के प्रांगण में आपको अनेकों शिलालेख मिलेंगे। जो इस मंदिर के इतिहास की गाथा गाते हैं। यूं इस मंदिर के प्रांगण में राजा 'दुत्तगामनी' की मुद्रा भी प्राप्त हो चुकी है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वह 101 से 77 ईसा पूर्व श्रीलंका में शासन किया करते थे। इसके साथ ही बौद्ध साहित्य में कहा गया है कि वह अनुराधापुर वंश के शासक थे। इस मंदिर को लेकर अनेक कहानियां प्रचलित हैं और उन्हीं में से एक कहानी यह है कि जब चण्ड और मुंड नाम के दो राक्षस, लोगों के बीच बेहद उत्पात मचा रहे थे, तब मां 'मुंडेश्वरी' को प्रकट होना पड़ा। उनके वध के लिए माता प्रकट भी हुईं। कहा जाता है कि माता ने चण्ड नाम के राक्षस का वध कर दिया लेकिन मुंड नाम का राक्षस पहाड़ी पर आकर छुप गया। उसी को ढूंढते ढूंढते माता इस पहाड़ी पर आई और यहीं आकर उन्होंने मुंड नाम के राक्षस का वध किया। इसीलिए इस मंदिर को 'मुंडेश्वरी माता मंदिर' भी कहा जाता है।

## पर्यटन



# भारत ही नहीं दुनियाभर में है मशहूर तिरुपति बालाजी मंदिर

भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जहां हमेशा दर्शन करने वालों का तांता लगा रहता है। इन्हीं मंदिरों में शुमार है आंध्र प्रदेश का तिरुपति बालाजी मंदिर। बालाजी या भगवान वेंकटेश्वर को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। इसलिए इस मंदिर को श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यहां भगवान विष्णु अपनी पत्नी मां लक्ष्मी के साथ विराजमान हैं। तिरुमाला की पहाड़ियों पर बना यह भव्य मंदिर भगवान विष्णु के 8 स्वयंभू मंदिरों में से एक है। यह मंदिर दक्षिण भारतीय वास्तुकला और शिल्पकला का एक नायाब नमूना है। इस मंदिर का निर्माण दक्षिण द्रविड़ शैली में किया गया है। मंदिर का मुख्य भाग यानी अनंदा निलियम देखने में काफी आकर्षक है। अनंदा निलियम में भगवान श्री वेंकटेश्वर की सात फुट ऊंची प्रतिमा विराजमान है। जिसका मुख पूर्व की तरफ बना हुआ है। गर्भ गृह के ऊपर का गोपुरम पूरी तरह से सोने की प्लेट से ढका हुआ है। मंदिर के तीनों परकोटों पर स्वर्ण कलश लगे हुए हैं। मंदिर के मुख्य द्वार को पड़ी कवाली महाद्वार भी कहा जाता है। जिसका एक चर्तुभुज आधार है। मंदिर के चारों तरफ परिक्रमा करनेके लिए एक परिक्रमा पथ भी है, जिसे संपांगी मंडपम, सलुवा नरसिम्हा मंडपम, प्रतिमा मंडपम, ध्वजस्तंब मंडपम, तिरुमाला राया मंडपम और आइना महल समेत कई बेहद सुंदर मंडप भी बने हुए हैं। यहां की गुप्त रसोई को पोटू के नाम से जाना जाता है। इस रसोई में रोज प्रसाद के लिए 3 लाख लड्डू बनाए जाते हैं। इन लड्डूओं को बनाने के लिए यहां के कारीगर 300 साल पुरानी पारंपरिक विधि का प्रयोग करते हैं। खास बात यह है कि ये लड्डू केवल पुंगनूर प्रजाति की गाय के दूध से बने मावे से ही बनाए जाते हैं। ऐसा सालों से होता आ रहा है। चित्तूर आंध्र प्रदेश स्थित पलमनेर फार्म हाउस में कुल 130 पुंगनूर गाय हैं। यहीं से दूध रोजाना तिरुपति मंदिर को भेजा जाता है।

# अनियंत्रित कार पलटी आधा दर्जन जख्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर शुक्रवार दोपहर दो अलग-अलग सड़क हादसों में कई लोग घायल हो गए। पहली घटना कल्लू पुरवा मोड़ के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार कार सड़क पार कर रहे युवक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। कार में सवार एक वृद्ध समेत तीन लोग अंदर फंस गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा। सभी को चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि कार सवार तीनों लोग लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र के अलकापुरी निवासी हैं और मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। हादसे में कार के चारों पहिए ऊपर हो गए। दूसरी घटना निंदूरा गांव के पास हुई, जहां मौरंग से लदा डंपर बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। डंपर कानपुर से मौरंग लेकर सीतापुर के महमूदाबाद जा रहा था। हादसे में चालक घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# ग्राम चौपाल में कुलदीप ने सुनी जन समस्याएं




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र की दो ग्राम पंचायत करोरा औ़र गिदरापुर में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। इन चौपालों में कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।ग्राम पंचायत करोरा में ग्राम चौपाल का आयोजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामजी लाल की अध्यक्षता और सचिव कुलदीप वर्मा के संयोजन में हुआ। यहां आवास से संबंधित दो शिकायतें आईं। ग्राम सचिव कुलदीप वर्मा ने दोनों शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए लाभार्थियों के नाम पात्र सूची में डलवाए और ग्रामीणों को पात्रता मानदंडों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ममता पंचायत सहायक और दीपक धीमान भी उपस्थित रहे।इसी क्रम में गिद्रापुर भी ग्राम चौपाल आयोजित की गई।चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामहेत ने की, जबकि संयोजन पंचायत सचिव राजेश कुमार ने किया। यहां परिवार रजिस्टर से संबंधित तीन शिकायत प्राप्त हुई, जिसका तत्काल समाधान कर दिया गया।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी।ब्लॉक संसाधन केंद्र कोटवा सड़क में दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सहायक अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक के आदेश एवं खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय के निर्देशन में संपन्न हुआ। 16 से 20 मार्च तक आयोजित इस प्रशिक्षण में ब्लॉक के 100 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में स्पेशल एजुकेटर सलोनी शर्मा, प्रदीप कुमार सोनकर और शिवम कुमार ने दिव्यांगता के कारण, पहचान, समावेशी शिक्षा और बच्चों के लिए आवश्यक सहयोगात्मक उपायों पर जानकारी दी।पोस्ट टेस्ट व ज्ञान समीक्षा ऐप के माध्यम से उपस्थिति और फीडबैक दर्ज किया गया। प्रशिक्षण से शिक्षकों को दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रभावी रूप से मुख्यधारा से जोड़ने के व्यावहारिक उपाय सीखने को मिले।

# आठ वर्ष की उम्र में अबू ने रखें 30 रोजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत के मोहल्ला महमूदपुर निवासी हाजी मोहम्मद जमील राइन के 8 वर्षीय पुत्र अबू फहद ने अपने परिवार व विशेष कर माता-पिता से प्रेरित होकर रमजान शरीफ के 30 रोज रखकर नमाजे अदा की। बताते हैं कि अबु फहद प्रतिदिन विद्यालय जाकर पढ़ाई करने के साथ समय पर ट्यूशन की कक्षाएं भी लेता व समय पर नमाजे भी अदा करता रहा।

बच्चे की इस पुनीत कार्य के लिए वरिष्ठ समाजसेवी इमदाद मामा अंसारी पूर्व अध्यक्ष रियाज अहमद शहाबुद्दीन सिद्दीकी मोहम्मद साहब खान मोहम्मद कैफ खान मोहम्मद इलियास राइन जावेद खान हुसैन खान सहित मोहल्ला वासियो द्वारा हौसला अफजाई कर बालक के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## अहतराम से अता की गई अलविदा की नमाज

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र में रमजान के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुम्मा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विभिन्न गांवों और कस्बों की मस्जिदों में नमाज अदा कर देश में अमन-चैन की दुआ मांगी।बदोसराय, किंतूर, मरकामऊ, मेलारायगंज, सैदनपुर, सहादतगंज, रामपुर खजूरी, टिकैतनगर, दरियाबाद और पूरे डलई सहित कई गांवों की मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी एकत्र हुए।इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। सिरौलीगौसपुर के उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज, तहसीलदार बालेंदु भूषण, पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत और कोतवाली बदोसराय प्रभारी अजीत कुमार विद्यार्थी सहित प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय रहे।प्रशासनिक वाहनों को नमाज के समय मस्जिदों के आसपास गश्त करते देखा गया।पुलिसकर्मी भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में पूरी तरह मुस्तैद दिखे।

## दुर्घटना में पेट्रोल पंप चौकीदार घायल

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से पेट्रोल पंप का चौकीदार गंभीर रुप घायल हुआ। हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया फतेहपुर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में पेट्रोल पंप पर तैनात चौकीदार भगौली निवासी अम्बर (40) पुत्र राम दयाल स्थानीय पेट्रोल पंप पर चौकीदारी का काम करता है। वह रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर था। इसी दौरान देर रात एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ। 102 एम्बुलेंस के जरिए फतेहपुर सीएचसी पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज हेतु जिलास्पताल रिफर कर दिया ।

## घरेलू कलह बनी एलपीजी, मासूम संग विवाहित लापता, गुमशुदगी दर्ज

**फतेहपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घर में गैस न होने से नाराज़ होकर पांच माह के बच्चे के संग पत्नी घर मे रखे कपड़े,1000 नकद लेकर घर से चली गई।पति की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घुंघटेर क्षेत्र के बोधनी मजरे ग्राम खटौली

निवासी अनिल कुमार पुत्र रामराज की शादी करीब दो वर्ष पहले सुमन देवी 29 से हुई थी।दंपति का एक पांच माह का बेटा भी है। अनिल एक प्राइवेट पावर कंपनी में कार्यरत है सोमवार सुबह करीब 8 बजे अनिल नाइट ड्यूटी से घर लौटा।घर पहुंचकर उसने जब खाना मांगा तो पता चलाकि खाना नहीं बना है।इस बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हो गई। पत्नी ने गैस सिलेंडर भरवाने की बात कही, जिसपर विवाद बढ़ गया।विवाद बाद अनिल अपने कमरे में सोने चला गया। इस दौरान सुमन देवी अपने कपड़े, 1000 नकदी व पांच माह के बेटे को लेकर घर से चली गई।

शाम करीब 4 बजे जब अनिल की नींद खुली तो पत्नी और बच्चे के घर पर न होने की जानकारी हुई। काफी तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला।

पति ने बताया कि वह पिछले तीन दिनों से अपने रिश्तेदारों के यहां खोज चुका है, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली। आखिरकार अनिल ने घुंघटेर थाने मेंशिकायत दर्ज कराई।कोतवाल बेचन यादव नेबतायाकि महिला और बच्चे की तलाश जुट गयी।

## सड़क हादसे में एक परिवार के तीन लोग घायल

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। यह दुर्घटना धम्मौर थाना क्षेत्र के महेशरगंज पुलिया के पास हुई, जहां एक बोलेरो ई-रिक्शा से बचने के प्रयास में सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। घायलों की पहचान राहुल कुमार गुप्ता, उनके पिता राकेश गुप्ता और माता सरोज देवी के रूप में हुई है। राहुल के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर आया है। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पीड़ित राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि वे अपनी कार से लगभग 40 किमी/घंटा की रफ्तार से जा रहे थे। इसी दौरान एक ई-रिक्शा चालक ने गलत तरीके से ओवरटेक करने का प्रयास किया। ई-रिक्शा से बचने के प्रयास में उनकी कार सड़क किनारे एक पेड़ के ठूंठ से टकरा गई, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। राहुल कुमार गुप्ता मूल रूप से चंडीगढ़ के निवासी हैं, लेकिन उनका पैतृक गांव धम्मौर (सुल्तानपुर) है। वे अपने गांव धम्मौर से प्रयागराज जा रहे थे, जहां उन्हें अपनी साली के एक पारिवारिक समारोह में शामिल होना था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया है और उसका नाम, पता तथा अन्य विवरण दर्ज कर लिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को भी जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


## साइबर क्राइम केस हैंडलर एक्सपर्ट गौरव का हुआ सम्मान

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पिछले कई वर्षो से साइबर क्राइम के लीगल -एक्सपर्ट के रूप में देश-विदेश के कई हाई-पोऱफाइल केस में अपने जबरदस्त लीगल टीम के बदौलत साइबर क्राइम केस को हैंडल करने में महारथ हासिल रखने वाले एडवोकेट गौरव उपाध्याय, लीगल एक्सपर्ट (पुलिस केस और साइबर क्राइम) को डा राम मनोहर लोहिया युनिवर्सिटी से सम्बंधित केएनआई लॉ फैकल्टी ने अपने कई वर्ष पुराने छात्र के रूप में अपने कालेज में बुलाकर पिछले दिनों सम्मानित किया गया। जिसमें एलएलबी 3 वर्श व 5 वर्शीय के विधि छात्रों ने साइबर क्राइम और उससे बचाव के जागरूकता अभियान के तहत सैकड़ों छात्र और छात्राओ ने देश-विदेश में उनके साइबर क्राइम एक्सपर्ट के रूप मे केस हैडिल करने के अनुभव और साइबर क्राइम से बचाव के तरीकों को जाना।

# टिकैतनगर में कंप्यूटर कोचिंग सेंटर में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**राजीव गांधी कंप्यूटर मिशन के अंतर्गत संचालित सेंटर में सुबह लगी आग, फायर ब्रिगेड व स्थानीय लोगों की मदद से पाया गया काबू**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । जनपद के टिकैतनगर कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने संचालित राजीव गांधी कंप्यूटर मिशन के अंतर्गत चल रहे कंप्यूटर कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई, जिससे सेंटर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

संस्थान संचालक ऋषि गुप्ता के अनुसार सेंटर में बच्चों की सुरक्षा के लिए पूरी व्यवस्था थी तथा चार फायर सिलेंडर भी लगाए गए थे। सुबह पड़ोसी संजय मौर्य ने फोन कर आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरा सेंटर जलकर खाक हो गया। आग की इस घटना में एक बड़ी प्रिंटर मशीन, एचपी लेजरजेट मशीन, चार लैपटॉप, तीन ऑफिस फोन, लगभग 38 हजार रुपये की फीस की नगदी, दो बैटरी, एक इनवर्टर, दो एलसीडी, दो मॉनिटर और एक एसी सहित अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गया।

घटना की सूचना पर थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे मौके पर पहुंचे। वहीं रामसनेहीघाट फायर ब्रिगेड टीम, सिरौली गौसपुर नगर पंचायत की टीम तथा नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता भी मौके पर मौजूद रहे। स्थानीय लोगों और फायर टीम की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## सीडीपीओ अर्चना की उपस्थिति में बांटा पोषाहार सामग्री

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर शुक्रवार को राशन का वितरण किया गया। इस दौरान लाभार्थियों को निर्धारित मानक के अनुसार पोषाहार सामग्री उपलब्ध कराई गई। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने स्वयं पीठापुर में वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया।सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने अपने हाथों से लाभार्थियों का फ़ेस कैप्चर करवाकर राशन दिलवाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना फ़ेस कैप्चर के किसी भी लाभार्थी को राशन न दिया जाए। सभी लाभार्थियों का फ़ेस कैप्चर अनिवार्य रूप से किया जाए।सीडीपीओ ने पीठापुर सहित क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंनेआंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सभी लाभार्थियों को निर्धारित मानक के अनुसार राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इस वितरण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों के लिए पोषाहार सामग्री सुनिश्चित की गई। सीडीपीओ ने बताया कि लाभार्थियों को समय पर पोषण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से निगरानी की जा रही है।

## आकाशीय बिजली गिरने से कई घायल, एक बच्चा गंभीर

**लम्भुआ/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के भदैया ब्लॉक अंतर्गत गौतमपुर गांव में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से हड़कंप मच गया। इस घटना में कई लोग झुलसकर घायल हो गए, जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अचानक मौसम बदलने के दौरान तेज गर्जना के साथ बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आसपास मौजूद ग्रामीण आ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और परिजन व ग्रामीण तुरंत घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी देवव्रत गया जेल

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मकान निर्माण की ठेकेदारी करने के दौरान युवती से दुष्कर्म के आरोप से जुड़े मामले में आरोपी देवव्रत मिश्र को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को एसीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलंकृता शक्ति त्रिपाठी की अदालत ने मामले में आरोपी की रिमांड स्वीकार करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। कोतवाली देहात थाने की एक गांव की रहने वाली युवती के पिता ने बृहस्पतिवार को स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। वादी के आरोप के मुताबिक कूरेभार थाने के फूलपुर के रहने वाले आरोपी ने मकान निर्माण करने का ठेका लिया था,इसी दौरान आरोपी ने वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। मामले में वादी ने देवव्रत के साथ कोतवाली देहात के पकड़ी-पूरे उमानाथ के रहने वाले विशाल उर्फ रमाशंकर को भी नामजद किया है। मामले के आरोपी देवव्रत की गिरफ्तार कर प्रतापगंज चौकी प्रभारी रमेश सिंह व हेड कांस्टेबल वीरेंद्र मिश्र ने अदालत में पेश किया। अदालत ने मामले में आरोपी को जेल भेजने का आदेश दिया है।

## पूर्व मंत्री राणा अजीत के केस में एक आरोपी गया जेल

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जानलेवा हमले एवं आपराधिक षडयंत्र रचने सहित अन्य आरोपो से जुड़े मामले में जेल जा चुके पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह के साथ सह आरोपी बने जौनपुर जिले के सरपतहा थाने के चौबाहा निवासी कुलदीप तिवारी को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने आरोपी की रिमांड स्वीकार करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। अखंडनगर थाने के कल्यानपुर निवासी जिलाजीत यादव ने 15 मार्च की सुबह नौ बजे की घटना बताते हुए स्थानीय थाने में पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह समेत अन्य के ख़िलाफ़ गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में अब तक कुल 12 आरोपी जेल भेजे जा चुके है। शेष आरोपियो की तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई है।

# मौसम ने बदली करवट, किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें





कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।शुक्रवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में सुबह से ही तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।इस समय अधिकांश किसानों की सरसों की फसल पककर खेतों में तैयार खड़ी है, जबकि गेहूं की फसल भी कटाई के करीब पहुंच चुकी है। ऐसे में अचानक हुई बारिश और तेज हवाओं से फसल गिरने तथा दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है।जिले के अन्य क्षेत्रों में भी बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश हुई।ग्रामीण इलाकों में तेज हवा के साथ हुई बारिश से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो तैयार फसलों को भारी नुकसान हो सकता है।गोले यादव, रामजी, श्रवण वर्मा आदि किसानों ने बताया कि इस बदले मौसम को लेकर काफी चिंतित हैं। खेतों में पककर खड़ी फसलें या कटी हुई फसलें बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि की आशंका से प्रभावित हो सकती हैं।





# रोहित और विराट की तरह संजू की जगह कोई नहीं ले सकता: रियान पराग

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने गुरुवार को कहा कि जिस तरह से रोहित शर्मा या विराट कोहली की जगह नहीं भरी जा सकती है उसी तरह से उनकी टीम में संजू सैमसन की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है।

सैमसन ने 2021 से 2025 तक रॉयल्स की कप्तानी की। रॉयल्स ने सत्र से पहले उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 'ट्रेड' कर दिया था और उनकी जगह रविंद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया। पराग ने यहां सत्र पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''अगर आप संजू भैया की बात कर रहे हैं तो उनके जैसे खिलाड़ी के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को रखने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। हम उनके जैसे कौशल वाले किसी खिलाड़ी की तलाश कर सकते हैं या उनकी जगह किसी अन्य को बल्लेबाजी करने के लिए कह सकते हैं। उन्होंने कहा, ''जिस तरह से



विराट कोहली या रोहित शर्मा का कोई विकल्प नहीं है। ठीक उसी तरह से संजू भैया का भी कोई विकल्प नहीं हो सकता है क्योंकि वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। संजू राजस्थान रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने और सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने हाल में टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया था। पराग ने कहा कि पिछले सत्र के आखिर में उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन इस बार वह ऐसी कोई गलती नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ''पिछली बार हमने आखिरी पांच मैच में काफी गलतियां की लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। हम पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेंगे। यकीन मानिए इस बार राजस्थान रॉयल्स कप जरूर जीतेगी। पराग ने कहा कि किसी एक खिलाड़ी के दम पर हम मैच नहीं जीत सकते। यशस्वी जयसवाल और वैभव सूर्यवंशी ही टीम को जीत दिलवा दें तो यह कहना गलत होगा। पूरी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और टीम इसके लिए तैयार है। रॉयल्स के कप्तान ने कहा कि उन्होंने युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को मीडिया से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, ''मैंने वैभव को अपना नैसर्गिक खेल खेलने को कहा है। मैंने उससे कहा है कि वह केवल गेंद को हिट करने पर ध्यान दें और अगर किसी तरह का दबाव होता है तो उसे यशस्वी संभाल लेंगे। पराग ने कहा, राजस्थान रॉयल्स मेरे लिए आईपीएल में पहले दिन से घर जैसा रहा है। अब इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद खास है और यह जिम्मेदारी मैं पूरी तरह से स्वीकार करता हूं। मैं हमारे कोच और नेतृत्व समूह के साथ मिलकर समझदारी भरा क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं। रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा को पूरा भरोसा है की टीम रियान पराग की कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# न्यूजीलैंड महिला टीम ने तीसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से हराया

एजेंसी

ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)। न्यूजीलैंड महिला टीम ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है और अब वह सीरीज जीतने से सिर्फ एक कदम दूर है। ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में सात विकेट पर 149 रन बनाए। टीम की कप्तान लौरा वोल्वाड्ट ने 39 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 37 रन की पारी खेली। वहीं एनेरी डर्कसेन ने 18 गेंदों में 27 रन और क्लो ट्रायोन ने 12 गेंदों में 15 रन बनाए। आखिरी ओवरों में कायला रेनेके ने 20 गेंदों में नाबाद 34 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड की ओर से गेंदबाजी में सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स ने दो-दो विकेट




हासिल किए। जेस केर और रोजमेरी मैयर को एक-एक सफलता मिली। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18.4 ओवरों में चार विकेट पर 152 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। शुरुआत में बल्लेबाज इसाबेला गेज ने 15 गेंदों में 17 रन और कप्तान अमेलिया केर ने 28 गेंदों में 30 रन का बनाए। इसके बाद सोफी डिवाइन ने शानदार पारी खेलते हुए 38 गेंदों में नाबाद 55 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल रहा। मैडी ग्रीन ने भी 25 गेंदों में नाबाद 34 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों की बेहतरीन साझेदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 18.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच अपने नाम कर लिया। सोफी डिवाइन को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अब सीरीज का चौथा मुकाबला 22 मार्च को वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि पांचवां और अंतिम मैच 25 मार्च को क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में ट्रेनिंग कर रही कजाकिस्तान टीम का हॉकी इंडिया ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने कजाकिस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम का स्वागत किया है। यह टीम अभी भारत में है और 10 से 21 मार्च तक हरियाणा के सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र में एक हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा ले रही है। यह कैंप आगामी एशियन गेम्स क्वालिफायर्स 2026 की तैयारियों का एक हिस्सा है। हॉकी इंडिया के अनुसार भारत के प्रमुख हॉकी प्रशिक्षण केंद्रों में से एक में आयोजित इस शिविर में विश्व स्तरीय सिंथेटिक टर्फ, उन्नत सुविधाएं और एक बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल उपलब्ध है, जो कजाकिस्तान को अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है। भारत में अभ्यास के बारे में बात करते हुए कजाकिस्तान कोच ओल्गा उर्मानोवा ने कहा कि हम भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र सोनीपत में आकर बहुत खुश हैं, जिसने हमारी टीम का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया है। भारत में हॉकी का स्तर बहुत ऊंचा है और यही कारण है कि हमने यहां आने का फैसला किया है। हीरो एशिया कप 2025 के दौरान बिहार के राजगीर में प्रतिस्पर्धा करने के बाद यह भारत की हमारी दूसरी यात्रा है और एक बार फिर, यह अनुभव अमूल्य रहा है। उर्मानोवा ने आगे कहा कि हमने यहां स्थानीय टीमों के खिलाफ कई मैत्रीपूर्ण मैच खेले हैं और प्रतियोगिता का स्तर बहुत ऊंचा रहा है, जो हमारी तैयारी के इस चरण में बिल्कुल आवश्यक है। भारत को अपने प्रशिक्षण केंद्र के रूप में चुनते समय हमने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुरूप सब कुछ उच्चतम स्तर पर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया के सहयोग और उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण अवसर उपलब्ध कराने के लिए हम उनके तहे दिल से आभारी हैं। 2026 एशियाई खेलों के क्वालीफायर को देखते हुए, हमें ओमान, इंडोनेशिया, थाईलैंड और हांगकांग जैसी टीमों के साथ एक प्रतिस्पर्धी समूह में रखा गया है और हम एक मजबूत प्रदर्शन करने का लक्ष्य रख रहे हैं। विश्व रैंकिंग में 55वें स्थान पर काबिज कजाकिस्तान ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। जकार्ता में आयोजित एएचएफ कप 2025 में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। राजगीर में आयोजित हीरो एशिया कप 2025 में भी उन्हें बहुमूल्य अनुभव प्राप्त हुआ, जहां उन्होंने भारत, जापान और चीन सहित शीर्ष एशियाई टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा कि हमें कजाकिस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम का भारत में स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल वैश्विक स्तर पर हॉकी के विकास में योगदान देते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खेल संबंधों को भी मजबूत करते हैं। भारत हमेशा से हॉकी को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है और मेहमान टीमों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना खेल के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। हम कजाकिस्तान टीम को उनकी तैयारियों और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि कजाकिस्तान जैसी टीमें उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण के लिए भारत को अपना पसंदीदा स्थान चुन रही हैं। यहां मिलने वाली गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और प्रतिस्पर्धी परिस्थितियां एशियाई खेलों के क्वालीफायर की तैयारियों में निश्चित रूप से उनके लिए फायदेमंद होंगी। इस तरह की पहल भारत के वैश्विक हॉकी केंद्र के रूप में बढ़ते महत्व को दर्शाती हैं और अंतरराष्ट्रीय हॉकी समुदाय में सार्थक योगदान देने के हमारे प्रयासों को मजबूत करती हैं।

### इंडियन ओपन के दूसरे दिन अनाहत चमकीं पुरुष वर्ग के शीर्ष वरीय एल्नवासनी हारे

**मुंबई।** भारत की उभरती हुई स्टार अनाहत सिंह ने गुरुवार को यहां इंडियन ओपन स्क्वाश में सीधे गेम में जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखा जबकि मिस्र के इब्राहिम एल्काबानी ने पुरुषों के शीर्ष वरीय याह्या एल्नवासनी को हराकर टूर्नामेंट में सबसे बड़े उलटफ़ेरों में से एक को अंजाम दिया। महिलाओं की शीर्ष वरीय अनाहत ने एकल मुकाबले में मिस्र की फरीदा वालिद को 3-0 से हराया। सबसे रोमांचक मुकाबले मिस्र की जोड़ी एल्काबानी और मोहम्मद शरफ के रहे, दोनों ही पांच-गेम के कड़े मुकाबले जीत लिए। एल्काबानी ने टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफ़ेर करते हुए 66 मिनट तक चले मुकाबले में एल्नवासनी को 3-2 से हराया। शरफ ने पांच-गेम के एक और रोमांचक मुकाबले में हांगकांग के ची हिम वोंग को कड़े संघर्ष में मात दी। भारत के अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के मैथ्यू लाई को 3-0 से हराया। तन्वी खन्ना ने मिस्र की नूर खफागी के खिलाफ 3-0 से जीत हासिल की। वीर चोटरानी ने शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम कर लिया लेकिन ओम्लोर के बीच में हटने (रिटायर होने) के कारण मुकाबला बीच में ही खत्म हो गया। अनुभवी जोशना चिनप्पा ने अपनी काबिलियत का प्रदर्शन करते हुए चार गेम तक चले कड़े मुकाबले में ब्रिएन फ्लिन को आसानी से हरा दिया। वेलावन सेंथिलकुमार ने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन उन्हें अमीशेनराज चंद्रन से हार का सामना करना पड़ा। रमित टंडन ने भी अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई लेकिन डंकन ली से सीधे गेम में हार गए।

### भारत ने दुर्लभ मृदा चुंबक निर्माण इकाइयों के लिए वैश्विक बोलियां आमंत्रित कीं

**नई दिल्ली।** भारी उद्योग मंत्रालय ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक योजना के तहत सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) के लिए एकीकृत विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए वैश्विक बोलियां आमंत्रित की हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के मुताबिक 6,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की कुल क्षमता वाली (एनडीएफईबी) आधारित आरईपीएम निर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए लाभार्थियों का चयन करने के लिए 'प्रस्ताव के लिए अनुरोध' (आरएफपी) जारी किया है। निविदा प्रक्रिया को पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाली न्यूनतम लागत प्रणाली (एलसीएस) के तहत ऑनलाइन संचालित किया जाएगा, जिसमें सीपीपी पोर्टल के माध्यम से दो चरणों की प्रक्रिया शामिल होगी। निविदा दस्तावेज आज से ऑनलाइन उपलब्ध हैं। निविदा को जमा करने की अंतिम तिथि 28 मई है, जबकि तकनीकी बोलियां 29 मई को खोली जाएंगी। मंत्रालय के मुताबिक इस निविदा प्रक्रिया के माध्यम से इच्छुक आवेदक देश में एकीकृत सिंटर्ड एनडीएफईबी आरईपीएम विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए अपनी बोलियां जमा कर सकते हैं। निविदा प्रक्रिया केंद्रीय सार्वजनिक खरीद (सीपीपी) पोर्टल के माध्यम से दो चरणों (तकनीकी बोली और वित्तीय बोली) वाली पारदर्शी न्यूनतम लागत प्रणाली (एलसीएस) के तहत ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 26 नवंबर, 2025 को 7,280 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईएम) के निर्माण को बढ़ावा देने की योजना को अपनी मंजूरी दी थी।

# आस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज आईपीएल के शुरूआती मैच नहीं खेलेंगे : रिपोर्ट

एजेंसी

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड समेत चार तेज गेंदबाज इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र के शुरूआती मैच नहीं खेल सकेंगे जिससे उनकी टीमों को करारा झटका लगा है।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड आईपीएल की शुरूआत में उपलब्ध नहीं होंगे जबकि नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए काफी संभलकर अपने तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन कर रहा है।आस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेले हैं। आस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड का



दौरा करेगी जबकि 2027 में वनडे विश्व कप होना है। रिपोर्ट में कहा गया ,'' ये तीनों तेज गेंदबाज अगले कुछ सप्ताह में लौटेंगे। टेस्ट कप्तान कमिंस ने कमर की चोट के कारण पिछले सत्र में एक ही टेस्ट खेला है जबकि हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए थे। दोनों ने टी20 विश्व कप भी नहीं खेला। स्टार्क ने पांचों एशेज टेस्ट खेले और बिग बैश लीग में भी हिस्सा नहीं।टी20 क्रिकेट से संन्यास के कारण वह विश्व कप का हिस्सा नहीं थे। आस्ट्रेलियाई चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि कमिंस और हेजलवुड की उपलब्धता 'टाइमिंग' का मसला है। उन्होंने कहा ,'' अगर इसका उलटा होता , आईपीएल पहले और विश्व कप बाद में होता तो वे विश्व कप खेलने के लिये पूरे आईपीएल से बाहर रहते। हम जानते हैं कि वे आस्ट्रेलिया के लिये खेलना और जीतना चाहते हैं। कमिंस सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान हैं, स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स और हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये खेलते हैं। इस बीच आस्ट्रेलिया के हरफनमौला जैक एडवडर्स पैर की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हा गए हैं। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने तीन करोड़ रूपये में खरीदा था।

## राजस्थान रॉयल्स के लिये आईपीएल 2026 सत्र नहीं खेल सकेंगे सैम कुरेन

जयपुर। इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम कुरेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिये इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है। भारत से टी20 विश्व कप सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे कुरेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था। उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिये खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिये खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18.5 करोड़ रूपये में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे। चेन्नई के लिये 2020 और 2021 में खेल चुके कुरेन पिछले सत्र से पहले 2 . 4 करोड़ में टीम से जुड़े थे।उन्होंने पिछले सत्र में 114 रन बनाये और एक विकेट लिया। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने रविंद्र जडेजा या कुरेन को कप्तान नहीं बनाये जाने पर हैरानी जताई थी।

# पश्चिम एशिया संकट के कारण रुपये पर गिरी गाज अभी तक सबसे निचले स्तर पर पहुंची भारतीय मुद्रा

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी जंग भारतीय मुद्रा रुपये के लिए भी बड़ी परेशानी की वजह बनी हुई है। भारतीय मुद्रा आज डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गई। आज के कारोबार में भारतीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर की तुलना में 64 पैसे की कमजोरी के साथ 93.28 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक आ गई। इसके बाद रुपये की स्थिति में मामूली सुधार भी हुआ। सुबह 11 बजे डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 93.20 रुपये के स्तर पर थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 25 पैसे की कमजोरी के साथ 92.64 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद रुपये की स्थिति लगातार गिरती



चली गई। डॉलर की मांग में आई तेजी के कारण थोड़ी ही देर में भारतीय मुद्रा फिसल कर अभी तक के सबसे निचले स्तर 93.28 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक आ गई। हालांकि इस गिरावट के बाद रुपये की स्थिति में मामूली सुधार भी होता नजर आया, लेकिन भारतीय मुद्रा लगातार 93 रुपये के स्तर के पार ही बनी रही। मुद्रा बाजार के आज के कारोबार में रुपया डॉलर के साथ ही ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) और यूरो के मुकाबले भी कमजोर प्रदर्शन करता हुआ नजर आ रहा है। सुबह 11 बजे तक के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 1.93 रुपये की कमजोरी के साथ 125.01 के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया सुबह 11 बजे 87.38 पैसे की गिरावट के साथ 107.77 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि रुपये की कमजोरी के लिए पश्चिम एशिया में जारी जंग के साथ ही डॉलर की मजबूती और विदेशी निवेशकों की बिकवाली भी बड़ी वजह है। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमला शुरू करने के बाद से ही विदेशी निवेशक भारत जैसे इमर्जिंग मार्केट वाले देश से अपना पैसा सुरक्षित निकालने में जुटे हुए हैं। ऐसा होने से डॉलर की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं रुपये पर दबाव भी काफी अधिक हो गया है। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमत में आई जोरदार तेजी ने भी डॉलर की मांग बढ़ा दी है, जिससे रुपये पर नकारात्मक असर पड़ा है।

# अमेरिका और इजराइल के पॉजिटिव संकेतों से कच्चे तेल की धीमी पड़ी आंच, 110 डॉलर से नीचे आई कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अमेरिका द्वारा एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर और हमला नहीं करने और टैंकर्स में पहले से लदे ईरानी तेल से बैन हटाने का संकेत देने की वजह से कच्चे तेल की कीमत में आज नरमी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के नीचे आ गया है। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के नीचे कारोबार कर रहा है। गुरुवार को 119 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के काफी करीब पहुंच जाने के बाद आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 106.48 प्रति बैरल के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद ही ब्रेंट क्रूड फिसल कर 104.96 प्रति बैरल के स्तर तक गिर गया। हालांकि इस गिरावट के बाद इसके भाव में थोड़ा सुधार भी हुआ। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 11:30 बजे ब्रेंट क्रूड 106.73 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में 93.69 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। थोड़ी देर में ही डब्ल्यूटीआई क्रूड टूट कर 92.47 डॉलर बैरल के स्तर तक गिर गया। हालांकि कुछ देर बाद ही इसकी चाल में थोड़ी तेजी भी आई, जिसके कारण भारतीय समय के अनुसार दोपहर 11:30 बजे डब्ल्यूटीआई क्रूड 93.55 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। स्पॉट ट्रेडिंग के अलावा फ्यूचर ट्रेडिंग में भी कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख बना हुआ है। ब्रेंट फ्यूचर्स फिलहाल 1.24 डॉलर प्रति बैरल यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.41 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया है। इसी तरह डब्ल्यूटीआई फ्यूचर्स भी 1.26 डॉलर प्रति बैरल यानी 1.31 प्रतिशत फिसल कर 94.90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक गिर गया है।

# एसबीआई म्यूचुअल फंड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष जमा किये दस्तावेज

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़े एसेट मैनेजमेंट कंपनी एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए शुरुआती दस्तावेज ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा किए हैं। कंपनी आईपीओ के जरिए धन जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी के पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास जमा डीआरएचपी के अनुसार आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है, जिसके तहत 20.37 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। इसमें कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट इस आईपीओ के माध्यम से कंपनी के प्रवर्तक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और अमुंडी इंडिया होल्डिंग कंपनी अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड, एसबीआई और पेरिस

SBI MUTUAL FUND
A PARTNER FOR LIFE

स्थित अमुंडी के बीच एक जॉइंट वेंचर है, जिसमें क्रमशः 61.98 फीसदी और 36.40 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी ने इस इश्यू के प्रबंधन के लिए मर्चेंट बैंकर्स के एक समूह को नियुक्त किया गया है। इसमें कोटक महिंद्रा कैपिटल, एक्सिस कैपिटल, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया), आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, जेफरीज इंडिया, जेएम फाइनेंशियल, मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स शामिल हैं।

# सर्राफा बाजार में सोने की फीकी पड़ी चमक, चांदी में सांकेतिक गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान जबरदस्त गिरावट का रुख नजर आ रहा है। शुक्रवार को कारोबार की शुरुआत में ही हाजिर सोने के भाव में 6,850 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 7,470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। वहीं चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक गिरावट नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,50,270 रुपये से लेकर 1,50,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,37,740 रुपये से लेकर 1,37,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा




बाजार में 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी के भाव में आज गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सिंगापुर गोल्ड एक्सचेंज में आज हाजिर सोना 4,678.69 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं लंदन सिल्वर मार्केट में हाजिर चांदी की कीमत 70.49 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,50,420 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,50,270 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,37,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,50,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भाजपा नेता राजनाथ सिंह की जेवर एयरपोर्ट की परिकल्पना हुई साकार रूप, दुनिया के मानचित्र पर और उभरेगा नोएडा

एजेंसी

नोएडा । रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह की दूरदर्शिता और परिकल्पना अब साकार होकर अब जेवर एयरपोर्ट के रूप में सामने है। वर्ष 2001 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव तत्कालीन केंद्र में अटल सरकार को भेजा था। अब इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को करेंगे।



वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह जेवर क्षेत्र में एक रैली में भाग लेने आए थे। उस समय जेवर में एयरपोर्ट बनने की चर्चा चल रही थी। उसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव तत्कालीन केंद्र सरकार को भेजा था। उस समय केंद्र में भाजपा की सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे। केंद्र सरकार ने वर्ष 2003 में एयरपोर्ट की स्थापना के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट को स्वीकार किया था।

दरअसल, यमुना किनारे बसा यह क्षेत्र कभी विकास से दूर और अभाव भरा रहा था। उसके बाद सरकार बदली तथा उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती बनी। उन्होंने भी जेवर एयरपोर्ट बनाने की बात को आगे बढ़ाया, लेकिन धीरे-धीरे यह बात फाइलों में दबती चली गई। इसके बाद 16 वर्ष तक हवाई अड्डा की फाइल धूल में दबी रही। बीच में कभी राजस्थान के भिवानी, कभी हरियाणा और कभी यूपी के फिरोजाबाद में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने के प्रयास हुए। तत्कालीन यूपी सरकारों ने इसे जेवर से इधर-उधर ले जाने का भरपूर प्रयास किया। फिर वर्ष 2014 में केंद्र में मोदी सरकार आई और गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा केंद्र सरकार में मंत्री बने। उन्होंने जेवर एयरपोर्ट की स्थापना के लिए भरपूर प्रयास किया। उस समय उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार थी तथा सपा सरकार इसे फिरोजाबाद में बनाने की तैयारी कर रही थी। फिर समय बदला और वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आई। इसके बाद दिल्ली और यूपी सरकार ने मिलकर जेवर में एयरपोर्ट बनाने की ठानी और यह सपना साकार हुआ। बीच पूर्व में यूपीए सरकार ने यह कहकर इस परियोजना पर रोक दिया था कि यह परियोजना स्थल दिल्ली में मौजूद इंदिरा गांधी राष्ट्रीय हवाई अड्डे के 72 किलोमीटर के अंदर है, जबकि आईजीआई के संचालक जीएमआर ग्रुप ने दिल्ली के मौजूदा विमान क्षेत्र के 150 किलोमीटर के अंदर एक और अंतरराष्ट्रीय विमान क्षेत्र योजना का विरोध किया था। उनका दावा था कि यह यातायात और आईजीआई के राजस्व को प्रभावित करेगा। भाजपा नेताओं को तर्क था कि इस एयरपोर्ट के बनने से मथुरा, अलीगढ़, आगरा और वृंदावन से पर्यटक करीब एक घंटे में जेवर एयरपोर्ट पहुंच सकते हैं। इससे उत्तर प्रदेश में पर्यटन और वाणिज्यिक गतिविधियों में तेजी आएगी और गौतमबुद्ध नगर में विदेशी निवेश और आने की संभावनाएं बढ़ेगी। इस संबंध में गौतमबुद्ध नगर के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने कहा कि देश का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जेवर में विकसित हो रहा है। उद्घाटन होते ही नोएडा दुनिया के मानचित्र पर एक बार फिर से उभरेगा। यह हवाई अड्डा न केवल नोएडा बल्कि उत्तर प्रदेश और देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही इस हवाई अड्डे की योजना तैयार की थी और भाजपा की सरकार में ही यह हवाई अड्डा बनकर तैयार हुआ। उन्होंने कहा कि अगर पूर्व की सरकारें इसको गंभीरता से लेती तो अब तक इस क्षेत्र का आमूल चूल विकास हो चुका होता।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास और गरीबों के हित में काम करने को प्राथमिकता देती है। वही, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि 28 मार्च को प्रधानमंत्री जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य एवं उत्सव बनाने के लिए तैयारी की जा रही है।

## असम में कई चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी और अमित शाह

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में सक्रिय रूप से प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री असम में कम से कम चार चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। वहीं, अमित शाह राज्यभर में छह से सात सभाओं के जरिए चुनाव प्रचार को गति देंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री 28 मार्च के बाद असम में अपने चुनावी कार्यक्रमों की शुरुआत करेंगे, जिससे चुनावी माहौल और तेज होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आज ही उम्मीदवारों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे, जिसमें चुनावी रणनीति और प्रचार की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# पेज एक का शेष

### घरेलू एलपीजी...

जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन और निरंतर समन्वय के लिए समर्थन की पुष्टि की।

उन्होंने इन नेताओं को त्योहारी शुभकामनाएं भी दीं और भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए मिले समर्थन की सराहना की। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय के साथ भी इसी तरह की चर्चा हुई, जिसमें स्थिरता, माल और ऊर्जा के निर्बाध पारगमन और निरंतर समन्वय के लिए साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

प्रवक्ता ने बताया कि भारत ने आर्मेनिया-अजरबैजान मार्ग से 284 तीर्थयात्रियों सहित 913 नागरिकों को निकाला है, जबकि विदेश मंत्रालय के नियंत्रण कक्ष ने 10 कॉल और 6 ईमेल संभाले हैं। हमारा प्रयास सुरक्षा और स्थिति की गहन निगरानी पर केंद्रित हैं।

बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटों में फारस की खाड़ी में कार्यरत सभी 22 भारतीय जहाज सुरक्षित हैं और कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। हमारे सभी 611 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। जहाजरानी महानिदेशालय स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। इसी दौरान, 24x7 नियंत्रण कक्ष ने लगभग 125 कॉल संभाले और 200 से अधिक ईमेल का जवाब दिया। इसके अतिरिक्त, 25 भारतीय नाविकों को ड्यूटी खत्म करने के बाद सफलतापूर्वक स्वदेश वापस भेज दिया गया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को रेल भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा और स्टेशन प्रबंधन से जुड़े उपायों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सुधारों की शुरुआत करते हुए इन्हें समयबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिए। रेल मंत्रालय के अनुसार बैठक में स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन, प्रवेश नियंत्रण, तकनीक आधारित निगरानी और यात्री सुविधा बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। ये सभी सुधार पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लागू किए जाएंगे और बाद में अन्य स्टेशनों पर विस्तार किया जाएगा।

स्टेशन परिसर में एआई आधारित कैमरा नेटवर्क स्थापित किया जाएगा, जो प्लेटफॉर्म, प्रवेश-निकास द्वार और संवेदनशील क्षेत्रों की चौबीसों घंटे निगरानी करेगा। एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां एआई के जरिए असामान्य गतिविधियों की तुरंत पहचान कर अलर्ट जारी किया जाएगा। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की तैनाती भी बढ़ाई जाएगी।

स्टेशन पर कार्यरत सभी रेलवे और गैर-रेलवे कर्मचारियों के लिए रंग-कोडेड फ्लोरोसेंट जैकेट और अनिवार्य पहचान पत्र लागू किए जाएंगे, जिससे यात्रियों और सुरक्षा एजेंसियों को कर्मचारियों की पहचान में आसानी होगी।

दीपावली और छठ पूजा के दौरान संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर क्यूआर कोड आधारित प्रवेश प्रणाली शुरू की जाएगी। इससे केवल वैध टिकटधारकों को ही स्टेशन में प्रवेश मिलेगा और भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा।

यात्रियों को बेहतर अंतिम मील कनेक्टिविटी देने के लिए रेलवन ऐप को भारत टैक्सी के साथ जोड़ा जाएगा। यह पहल स्टेशन के बाहर अव्यवस्था कम करने और पारदर्शी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने में मदद करेगी।

देश के 76 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया विकसित किए जा रहे हैं, जहां अनारक्षित यात्री नियंत्रित तरीके से प्लेटफॉर्म पर प्रवेश कर सकेंगे। साथ ही स्पष्ट साइनज और बेहतर ट्रेन सूचना प्रणाली भी विकसित की जाएगी।रेल मंत्रालय द्वारा इन सुधारों की सीधे निगरानी की जाएगी ताकि देश के व्यस्त रेलवे स्टेशनों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और यात्री अनुकूल बनाया जा सके।

### प्रीमियम...

हालांकि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की बात यह है कि नियमित (रेगुलर) पेट्रोल की कीमतों में फिलहाल कोई बढ़ोत्तरी नहीं किया गया है। यह बदलाव आज (शुक्रवार) सुबह 6 बजे से ही पूरे देश में लागू हो चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस ईंधन पर प्रति लीटर इनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का 'पावर' पेट्रोल और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) का 'एक्सपी95' जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। आमतौर लोग अपनी महंगी कारों और आधुनिक बाइक्स में स्मूथ इंजन परफॉरमेंस की उम्मीद में प्रीमियम पेट्रोल को प्राथमिकता देते हैं। यह फैसला मुख्य रूप से मध्य पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक ईंधन बाजारों पर इसके बढ़ते प्रभाव के कारण लिया गया है। उल्लेखनीय है कि ईरान-इजरायल और अमेरिका बीच जारी जंग के चलते ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम आज 109.54 डॉलर प्रति बैरल पर हैं। एक दिन पहले कच्चे तेल का दाम 117.98 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। वहीं, भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई हैं। भारत इराक, सऊदी अरब, रूस, यूएई से कच्चा तेल खरीदता है। इनमें अलग-अलग तरह के तेलों की कीमतों का जो औसत निकाला जाता है, उसे ही 'इंडियन बास्केट' कहते हैं।

### नेतन्याहू...

अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस संकट के खिलाफ मजबूती से खड़ा नहीं होता, तो इसका असर कई देशों पर पड़ेगा। यह स्थिति आगे चलकर और बड़े संकट को जन्म दे सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई। इस बातचीत में क्षेत्र की स्थिति और उसके वैश्विक शांति पर असर को लेकर चर्चा की गई।

यूएई की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, दोनों नेताओं ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह यूएई और क्षेत्र के अन्य देशों में नागरिकों, इमारतों और बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून और इन देशों की संप्रभुता का उल्लंघन है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने इन हमलों की निंदा की और यूएई तथा क्षेत्र के अन्य देशों के साथ अमेरिका की एकजुटता जताते हुए उनकी सुरक्षा और स्थिरता के समर्थन की बात कही।

इस बीच बताया गया है कि फ्रांस के विदेशमंत्री जीन-नोएल बारो शुक्रवार को इजराइल का दौरा करेंगे। यह दौरा अचानक तय किया गया है और इससे पहले वह लेबनान की राजधानी बेरूत गए थे, जहां उन्होंने युद्धविराम की कोशिशों पर चर्चा की। फ्रांस के विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस दौरे के दौरान बारो इजराइल के नेताओं से क्षेत्रीय सुरक्षा, मानवीय सहायता और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव को कम करने के मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल के तीन हफ्तों से जारी युद्ध के बीच तुर्किए के साथ भी इजराइल के संबंध बिगड़ रहे हैं। शुक्रवार को तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का ''आतंकवाद'' क्षेत्रीय और वैश्विक, दोनों तरह की शांति के लिए खतरा है।

तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू के अनुसार, तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने ईद-उल-फितर के मौके पर एकता और एकजुटता का संदेश दिया, साथ ही मध्य पूर्व में हाल के घटनाक्रमों पर चिंता जताई। एर्दोगन ने कहा, ''नेतन्याहू का आतंकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए खतरा बना हुआ है और ईरान से होने वाले हमलों ने हमारे क्षेत्र में अस्थिरता को और गहरा कर दिया है।''

उन्होंने कहा कि तुर्किए शांति और स्थिरता बहाल करने तथा बातचीत और कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए अपने सभी संसाधनों को जुटा रहा है। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि हम एक-दूसरे का साथ देकर उम्मीद, धैर्य और दृढ़ता के साथ अपने क्षेत्र के इस कठिन दौर से बहुत जल्द उबर जाएंगे। क्षेत्र के अन्य संघर्षों का ज़िक्र करते हुए एर्दोगन ने कहा कि तुर्किए के प्रयासों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्षों में ईद के मौके पर विराम लग पाया है; उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संघर्ष-विराम स्थायी हो जाएगा।

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंका ने अमेरिका के दो लड़ाकू विमानों को मट्टाला में उतारने के अनुरोध को ठुकरा दिया। इसके साथ ही श्रीलंका ने तीन ईरानी जहाजों के सद्भावना यात्रा पर आने के अनुरोध को भी स्वीकार नहीं किया। अमेरिका और ईरान, दोनों के अनुरोधों को ठुकरा कर श्रीलंका ने अपनी तटस्थता बनाए रखी।

श्रीलंका की डेली मिरर ऑनलाइन के अनुसार, राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आज संसद को बताया कि श्रीलंका ने उस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया जिसमें अमेरिका ने अपने दो लड़ाकू विमानों को मट्टाला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति मांगी थी।

राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कहा कि कोलंबो को 26 फरवरी को अलग-अलग अनुरोध मिले थे। इसमें एक ईरान से, जिसमें तीन नौसैनिक जहाजों की सद्भावना यात्रा के लिए अनुमति मांगी गई थी और दूसरा अमेरिका से, जिसमें जिबूती के पास तैनात दो लड़ाकू विमानों को मट्टाला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति मांगी गई थी।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सामने दो अनुरोध थे इसलिए फैसला साफ था। सरकार ने दोनों अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया ताकि किसी का पक्ष लेने से बचा जा सके क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष बढ़ने के संकेत मिल रहे थे।

राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि किसी भी पक्ष को अनुमति देने से श्रीलंका की तटस्थ स्थिति खतरे में पड़ सकती थी और देश एक दूर के संघर्ष में फंस सकता था। श्रीलंका की तटस्थता की रक्षा के लिए दोनों अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया गया।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी पक्ष को अनुमति दी जाती तो इससे मट्टाला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और कोलंबो बंदरगाह सहित प्रमुख स्थान भू-राजनीतिक तनाव की चपेट में आ सकते थे। उन्होंने दोहराया कि श्रीलंका अपनी तटस्थता छोड़ने के लिए किसी भी दबाव में नहीं आएगा।

वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, ईरान पर हमले से ठीक दो दिन पहले अमेरिका हथियारों और गोला-बारूद से लदे अपने दो सैन्य विमानों को श्रीलंका में उतारना और खड़ा करना चाहता था।

इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के दक्षिणी तट से दूर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में अमेरिका के एक हमले में 104 ईरानी नाविक मारे गए थे और यह तब हुआ जब हिंद महासागर में एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना पर टॉरपीडो से हमला किया था। बाद में श्रीलंका के अधिकारियों ने बताया था कि उन्होंने पानी से 84 शव बरामद किए और 32 नाविकों को बचाया, जबकि अन्य अभी भी लापता हैं।

### सशक्त ...

अभियानों और समय पर जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराकर कैंसर की रोकथाम और उसके प्रभावी इलाज पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। आज, भारत अपने स्वास्थ्य सेवा ढांचे को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार यह प्रयास कर रहा है कि गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल हर नागरिक तक पहुंचे। मुर्मू ने कहा कि आयुष्मान भारत जैसी ऐतिहासिक योजनाओं के माध्यम से लाखों नागरिकों को किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कैंसर का इलाज भी आयुष्मान भारत योजना के दायरे में आता है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में नये एम्स और मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ हो रही हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत, स्वास्थ्य सेवाओं को प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता में वृद्धि हो रही है। टेलीमेडिसिन और ई-स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से, लोग अब अपने घर बैठे ही विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श कर सकते हैं। मुर्मू ने कहा कि सेवा भावना से प्रेरित चिकित्सा संस्थान समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न केवल बीमारियों का इलाज करते हैं, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों के जीवन में आशा, आत्मविश्वास और सम्मान भी जगाते हैं। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण मिशन ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक विज्ञान और मानवीय करुणा का मेल मानवता के कल्याण के लिए असाधारण कार्य कर सकता है। मैं इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए इस संस्थान को अपनी बधाई देती हूं। आज, हम न केवल एक इमारत का उद्घाटन कर रहे हैं, बल्कि हम उन सभी मरीजों के लिए आशा का एक नया द्वार खोल रहे हैं, जो यहां उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल की तलाश में आते हैं।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस समय तीन दिवसीय यात्रा पर उत्तर प्रदेश में है। यात्रा के दूसरे दिन उन्होंने मथुरा-वृंदावन में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

सद्भाव...

बताया कि पिछले करीब 2000 वर्षों में दुनिया ने संघर्षों को समाप्त करने के कई प्रयास किए, लेकिन उनमें से बहुत कम सफल हो सके। अब समय आ गया है कि मानवता ऐसे रास्ते अपनाए, जो वास्तविक और स्थायी शांति की ओर ले जाएं।

इस अवसर पर डॉ. भागवत ने सामाजिक चुनौतियों पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और ऊंच-नीच जैसी समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं, जिन्हें मिलकर दूर करना होगा। भारत की वैश्विक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जहां कुछ देश दुनिया को 'अस्तित्व की लड़ाई' के नजरिए से देखते हैं, वहीं भारत का दृष्टिकोण मानवता, एकता और सहअस्तित्व पर आधारित है। यही कारण है कि जब भी विश्व में शांति और संतुलन की बात होती है, तो दुनिया की नजर भारत की ओर जाती है।

डॉ. भागवत ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हमेशा सिखाती है कि पूरी सृष्टि एक है और आपस में जुड़ी हुई है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आधुनिक विज्ञान भी अब इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। अपने संबोधन के अंत में सरसंघचालक ने कहा कि धर्म केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि वह व्यक्ति के आचरण और व्यवहार में दिखना चाहिए। उन्होंने समाज से एकजुट होकर इन वैश्विक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री...

और जवाबदेही सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा बस डिपो के आधुनिकीकरण, आईएसबीटी के पुनर्विकास, डीटीसी कार्यालय के निर्माण, ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना और प्रदूषण जांच प्रणाली (पीयूसीसी) को सुदृढ़ करने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पिछली सरकारों की वित्तीय देनदारियों को भी वर्तमान सरकार द्वारा जिम्मेदारीपूर्वक पूरा किया जा रहा है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी के संदर्भ में कहा कि पूर्व में घोषित योजनाओं के बावजूद लाभार्थियों को समय पर सब्सिडी प्राप्त नहीं हुई थी। वर्तमान सरकार ने इस स्थिति को सुधारते हुए पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से पहले चरण में 12,800 से अधिक लाभार्थियों के खातों में लगभग 24 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता को उनके अधिकारों का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के प्राप्त हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा सार्वजनिक परिवहन तंत्र विकसित करना है, जो सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल हो। उन्होंने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए शुरू की गई नई बस सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्रीय संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा।

इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इंद्रप्रस्थ बस डिपो से 300 नई जीरो-उत्सर्जन इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत, नानकसर-गाजियाबाद के बीच अंतरराज्यीय ई-बस सेवा का शुभारंभ और डीटीसी के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास, दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में बड़े कदम हैं।

उन्होंने कहा कि इन 300 बसों के शामिल होने से दिल्ली का कुल बस बेड़ा 6,100 से ज्यादा हो गया है और मार्च तक 5,000 इलेक्ट्रिक बसों के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ा जा रहा है। ये बसें सीसीटीवी, पैनिक बटन, रियल-टाइम ट्रैकिंग और दिव्यांगजन के अनुकूल सुविधाओं से लैस हैं।

नानकसर से गाजियाबाद तक करीब 21 किमी की नई ई-बस सेवा शुरू होने से दिल्ली-एनसीआर के हजारों यात्रियों को किफायती और सुविधाजनक यात्रा मिलेगी। साथ ही 1800 वर्ग मीटर में बनने वाला डीटीसी का नया कार्यालय आधुनिक और ऊर्जा-कुशल होगा। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लंबित ईवी सब्सिडी को डीबीटी के जरिए फिर से जारी करते हुए 12,877 लाभार्थियों को करीब 24 करोड़ रुपये से अधिक सीधे खातों में दिए जा रहे हैं। सरकार डीटीसी को मजबूत, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

### तेलंगाना...

21,285 करोड़, स्वास्थ्य विभाग के लिए 13,679 करोड़ और नागरिक आपूर्ति मद के तहत 7,366 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।आर्थिक संकेतकों के अनुसार, राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 10.7 प्रतिशत की दर से बढ़कर 17.84 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जबकि प्रति व्यक्ति आय 4.18 लाख (10.2 प्रतिशत वृद्धि) रहने का अनुमान जताया गया है। मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने बताया कि राज्य सरकार 2036 तक 1 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह बजट कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार करीब 25,612 करोड़ रुपये के कर्ज को पुनर्निर्धारित करने की योजना बना रही है, जिससे ब्याज का बोझ कम होगा और वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। वहीं गृह विभाग के लिए 11,907 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार माओवाद को केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं मानती, बल्कि इसके सामाजिक और आर्थिक कारणों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि केवल पुलिस और सशस्त्र बलों के जरिए इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। कुल मिलाकर, यह बजट शिक्षा, कृषि, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाकर राज्य के समग्र विकास, आर्थिक मजबूती और सामाजिक कल्याण को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

### युद्धाभ्यास ...

और रिकॉनिसेंस के जरिए दुश्मन की पूरी जानकारी जुटाई गई। अमोघ ज्वाला का सबसे बड़ा आकर्षण यह था कि इसमें आधुनिक, डिजिटल और आपस में जुड़े युद्ध का लाइव प्रदर्शन देखने को मिला। इस अभ्यास में खास बात यह रही कि नए जमाने के उपकरणों को बिना किसी रुकावट के एक साथ जोड़ा गया।

सेना ने दिखाया कि पारंपरिक टैंक और इन्फैंट्री अब सिर्फ ताकत से नहीं, बल्कि डिजिटल जानकारी और रियल-टाइम डेटा के साथ ज्यादा प्रभावी और खतरनाक हो गए हैं। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सैनिकों और कमांडरों के बीच बेहतर तालमेल देखा, जिसे कॉम्बैट एज कहा जाता है, यानी वह बढ़त, जो एक मजबूत और समन्वित युद्ध प्रणाली से मिलती है। इसके अलावा, इस अभ्यास में थल सेना और वायुसेना का बेहतरीन तालमेल भी देखने को मिला, जिससे यह अभ्यास मल्टी-डोमेन (जमीन और हवा दोनों स्तरों पर) और भी ज्यादा प्रभावशाली बन गया।

अभ्यास के दौरान आसमान में निगरानी के लिए आधुनिक ड्रोन्स का उपयोग किया गया, जो दुश्मन की हर हरकत की रीयल-टाइम जानकारी दे रहे थे। वहीं, दुश्मन के ड्रोन्स को बेअसर करने के लिए अत्याधुनिक काउंटर-ड्रोन सिस्टम का भी सफल परीक्षण किया गया। युद्ध के मैदान में संचार तंत्र को बनाए रखना और दुश्मन के रेडियो व रडार सिग्नल्स को जाम करना जीत की पहली शर्त है। अमोघ ज्वाला में ईडब्ल्यू क्षमताओं ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकोनिसेंस के जरिए युद्ध क्षेत्र की सटीक जानकारी जुटाई गई, जिससे कमांडरों के लिए निर्णय लेने का समय बेहद कम हो गया। अभ्यास में अटैक हेलीकॉप्टर्स और लड़ाकू विमानों को एकीकृत तरीके से शामिल किया गया। टैंकों की आगे बढ़ती टुकडिय़ों को हवाई कवर प्रदान किया गया और गहरी मार करने वाली प्रणालियों ने दुश्मन के लॉजिस्टिक सेंटरों को तबाह करने का अभ्यास किया।-

### योगी सरकार...

प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसमें 1097 महिला अभ्यर्थी और 131 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 492 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। वहीं, सभी 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं दो संस्थानों में लाइव प्रोग्राम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा 736 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

योगी सरकार ने इस वर्ष प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में रविवार को एक हजार 228 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 94 नवचयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे। वहीं, हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड की ओर से दरोगा एवं समकक्ष के चार हजार 543 पदों की परीक्षा संपन्न कराई गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से भी भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

# उत्तराखंड : मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा ने साधा क्षेत्रीय संतुलन, कौशिक व खजान दास को फिर मिला मंत्री पद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की धामी सरकार ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया है। लंबे समय से विधायकों को इसकी प्रतीक्षा थी और लगातार मांग भी उठ रही थी। मंत्रिमंडल विस्तार में पांच विधायकों की मंत्री पद पर ताजपोशी हुई है। इन पांचों विधायकों को उनकी योग्यता व क्षेत्रीय संतुलन को साधते हुए मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। मदन कौशिक व खजान दास पूर्व में भी भाजपा सरकार में मंत्री पद पर रहे हैं।









देहरादून राजपुर के विधायक खजान दास लगातार संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की भूमिका में लगातार योगदान रहा है। इसके अलावा उनकी सामाजिक और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी ने भी मंत्री पद तक पहुंचाया है। रुद्रप्रयाग जिले को भी धामी सरकार ने मंत्रिमंडल में स्थान दिया है। रुद्रप्रयाग के विधायक भरत सिंह चौधरी ने आज मंत्री पद की शपथ ली। भरत सिंह चौधरी पहली बार विधायक बने और क्षेत्रीय विकास, सड़क और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। हरिद्वार शहर विधायक मदन कौशिक भाजपा के कदावर नेताओं में शामिल हैं। पूर्व में वे शहरी विकास मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। भाजपा वरिष्ठ नेताओं में शुमार मदन कौशिक कौशिक को मंत्रिमंडल में स्थान मिलने से राजनीति तौर पर भाजपा को मजबूती मिलेगी। रुड़की के विधायक प्रदीप बत्रा ने भी आज शपथ ली। बत्रा पूर्व में नगर निगम मेयर भी रह चुके हैं और शहरी विकास से जुड़े मुद्दों पर उनकी विशेष पकड़ मानी जाती है। कुमाऊं मंडल की भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने छात्र जीवन से राजनीति की शुरूआत की। उन्होंने पंचायत और फिर विधानसभा तक का सफर तय किया। वे क्षेत्रीय विकास और जनसंपर्क के माहिर माने जाते हैं।

# पंजाब में 28 मार्च को शुरू होंगे 100 नए मोहल्ला क्लीनिक : भगवंत मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ऐलान किया है कि राज्य में आगामी 28 मार्च को 100 नए मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे, जबकि 400 अन्य क्लीनिक खोलने की प्रक्रिया चल रही है। सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना में सारा इलाज निशुल्क है। किसी को किसी तरह का पैसा नहीं देना होगा। जितने लोगों के नाम कार्ड में लिखे गए हैं, उनका इलाज संभव होगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पंजाब सरकार के कार्यकाल के चार साल पूरे होने पर स्वास्थ्य विभाग पर रिपोर्ट पेश करने के बाद चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि होशियारपुर और कपूरथला मेडिकल कॉलेजों के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्दी ही इनका काम शुरू हो जाएगा। मलेरकोटला में बनने वाले कम्युनिटी मेडिकल कॉलज के लिए जमीन एक्वायर करने की प्रक्रिया आखिरी चरण में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में दवाइयां फ्री दी जा रही हैं। अगर कोई दवाई की कमी होती है, तो एसएमओ खरीदकर देंगे। इसके लिए उन्हें फंड जारी किए गए हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो उन पर एक्शन होगा। सेहत मंत्री ने कहा कि पहले भी ऐसे अफसरों पर एक्शन भी हुआ है। आप हमें जानकारी दे सकते हैं। सीएम ने कहा कि 883 आम आदमी क्लीनिक राज्य में चल रहे हैं। 100 मोहल्ला क्लीनिक 28 मार्च को समर्पित कर दिए जाएंगे। 400 क्लीनिक और बनाए जा रहे हैं। 1400 क्लीनिक हो जाएंगे। 94 फीसदी मरीजों ने क्लीनिक की सेवाओं पर संतुष्टि जताई है। क्लीनिक की ओपीडी पांच करोड़ पार कर गई है। 30 हजार गर्भवती महिलाओं का चेकअप हो चुका है। सीएम ने कहा कि पंजाब में तीन करोड़ जनसंख्या मुख्यमंत्री सेहत योजना के योग्य है। हर परिवार को दस लाख का इलाज दिया जा रहा है। अब तक 25 लाख परिवारों को रजिस्टर किया गया है। 1.60 लाख लोगों का इलाज हो चुका है। पंजाब सरकार ने योजना के लिए 2000 करोड़ का बजट रखा है, जबकि केंद्र ने आयुष्मान योजना के तहत 140 करोड़ लोगों के लिए 9300 करोड़ रुपये हैं। हमने तीन करोड़ के लिए दो हजार करोड़ रखा है। उसमें शर्तें लगाई होंगी। दिल, फ़ेफड़े, आंखों और गुर्दे की बीमारियों का इलाज संभव है। सीएम ने कहा कि सेहत सुविधाओं के अलावा डॉक्टरों व स्टाफ की चार साल में अब तक इतनी भर्ती की गई, जितनी आजादी के बाद हुई। इस दौरान 948 डॉक्टर और 627 स्पेशल डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। यह कुल भर्ती का 35 फीसदी है। आजादी के बाद जितनी भर्तियां की गईं, उतनी हमने चार साल में कर दीं। 300 स्टाफ नर्स, 250 फार्मासिस्ट और 672 नर्सों की भर्ती चल रही है। सीएम ने कहा कि सात नए मदर चाइल्ड केयर केंद्र बन रहे हैं। इनकी क्षमता 250 बेड की रहेगी। वहीं, 15 अप्रैल तक सारे अस्पताल हॉटलाइन से जुड़ जाएंगे। सइके अलावा एमबीबीएस सीटें बढ़ी है।

# हत्या के प्रयास मामले का मुख्य शूटर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नरेला इलाके में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान 23 वर्षीय अनीश उर्फ ईश्वर दयाल के रूप में हुई है, जो वारदात के बाद से फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि मामला 6 मार्च 2026 की शाम का है, जब नरेला इलाके में एक महिला अपने वाटर प्लांट पर पहुंची थी। उसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां आए। आरोपितों में से एक ने महिला को पिस्तौल दिखाकर धमकाया और प्लांट बंद करने के लिए कहा। डराने के मकसद से उसने दीवार की ओर फायरिंग भी की और जान से मारने की धमकी देकर दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए। इस संबंध में नरेला थाने में 7 मार्च को हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान एक आरोपित पियूष को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि मुख्य शूटर अनीश फरार था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच की आरके पुरम टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर आरोपित की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को 18 मार्च को अनीश को दिल्ली से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि उसने इलाके में दबदबा कायम करने के लिए वारदात को अंजाम दिया था। साथ ही, उसने यह भी बताया कि एक पुराने विवाद के चलते अपने साथियों के साथ मिलकर उसने इस साजिश को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, आरोपित नौवीं कक्षा तक पढ़ा है और बेरोजगार है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों का कहना है कि इलाके में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# एलपीजी की कमी के संबंध में फैली अफवाहों के मद्देनजर डीएम ने लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा, बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में आज शुक्रवार को, जिलाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में जिलेभर में घरेलु गैस सिलिंडर की उपलब्धता के संबंध में तीनों तेल विपणन कंपनियों के एरिया मैनेजर के साथ समीक्षा की गयी। उनके द्वारा बताया गया कि जिला में तीनों कंपनियों के संचालित गैस ऐजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में एल0पी0जी0 सिलिंडर का स्टॉक उपलब्ध है तथा एल0पी0जी0 सिलिंडर की निर्बाध आपूर्ति जारी हैजिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि एल0पी0जी0 गैस के कमी के संबंध में फैली अफवाहों के मद्देनजर विभागीय निदेश के आलोक में सभी एल0पी0जी0 गैस ऐजेंसियों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा सिलिंडरों की जमाखोरी एवं कालाबाजारी की आशंका को देखते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है।उन्होंने आमजनों से अनुरोध करते हुए कहा कि एल0पी0जी0 गैस के कमी के संबंध में फैली अफवाहों पर ध्यान न दें।




एल0पी0जी0 सिलिंडर की बुकिंग एवं अन्य संबंधीत समस्याओं के समाधान के लिए तथा एल0पी0जी0 सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी, घरेलु गैस के व्यवसायिक उपयोग की जानकारी प्राप्त होती है तो इसकी सूचना देने हेतु दुरभाष पर संपर्क कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति एल0पी0जी0 सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा घरेलु गैस के व्यवसायिक उपयोग में संलिप्त पाये जाते हैं तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।


# मुख्यमंत्री ने 300 ईवी बसों को दिखाई हरी झंडी, नानकसर–गाजियाबाद बस सेवा शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ बस डिपो से 300 नई ईवी बसों को हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया। इसके साथ-साथ नानकसरऽगाजियाबाद के बीच नई अंतरराज्यीय बस सेवा शुरूआत और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कि यह कदम दिल्ली की रफ्तार को नई दिशा देता है। अब सफर और आसान होगा, कनेक्टिविटी और तेज़ होगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में 2000 से अधिक ईवी बसों को डीटीसी के बेड़े में शामिल किया गया है। सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह प्रदूषण रहित बनाने के लिए हम डीटीसी की पूरी फ्लीट को ईवी पर स्विच करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 से बंद पड़ा ईवी प्रोत्साहन पोर्टल भी फिर से शुरू किया गया है।

# कटिहार में गैस आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचें: डीएम

कटिहार। मध्य पूर्व में चल रहे विवाद के कारण गैस आपूर्ति पर असर पड़ने की अफवाहें हैं, लेकिन कटिहार में स्थिति सामान्य है। जिला प्रशासन ने 16 धावा दल गठित किए हैं और अफवाहों से बचने की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि कटिहार जिलान्तर्गत तीनों अनुमंडल क्षेत्रों के प्रखंडों में कार्यरत विभिन्न कम्पनियों के कुल 54 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं, जिनके पास घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शुक्रवार को कुल 21781 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। सभी कम्पनियों के कार्यरत गैस एजेंसियों द्वारा बीते 19 मार्च घरेलू गैस की बुकिंग 5290 के विरूद्ध 6352 गैस सिलेंडर की आपूर्ति उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही सभी गैस एजेंसियों के पास कुल 1016 व्यवसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। डीएम ने बताया कि जिलान्तर्गत गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं और कम्पनियों द्वारा सामान्य रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है। शुक्रवार 20 मार्च को कुल 8460 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है, जिससे











































चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063